सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:28
अधिकतम तापमान : 41.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-305 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 30 अप्रैल 2025
पहली ज़ीक़ाद 1446 हिजरी


# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com





# डीएम ने सीएचसी कुंभी का किया निरीक्षण अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुंभी-गोला का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानी। निरीक्षण के दौरान उन्हें अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं में गंभीर लापरवाहियाँ मिलीं, जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। इस दौरान एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, एसीएमओ डॉ सत्य प्रकाश मौजूद रहे।निरीक्षण की शुरुआत प्रसव कक्ष से हुई, जहां भारी गंदगी देख डीएम ने नाराजगी जाहिर की और एमओआईसी डॉ. गणेश कुमार से तत्काल स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी डीएम ने अस्पताल परिसर में लगे अग्निशमन यंत्रों की स्थिति का भी जायजा लिया। कई यंत्रों की समय पर रिफिलिंग न होने पर उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उपकरणों की कार्यक्षमता सुनिश्चित की जाए, ताकि आपात स्थिति में कोई जोखिम न हो। डेंटल रूम में वाश बेसिन की गंदगी और पुरुष शौचालय की दुर्दशा ने डीएम को बेहद नाखुश किया। महिला शौचालय बंद मिलने पर उन्होंने इसे मरीजों के प्रति संवेदनहीनता करार दिया और एमओआईसी को सख्त चेतावनी दी निरीक्षण के दौरान डीएम रसोईघर पहुँचीं और मरीजों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता व वितरण की प्रक्रिया का आकलन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि खाना साफ-सुथरे तरीके से परोसा जाए और मेनू के अनुसार हो। साथ ही, औषधि भंडार में रखी दवाओं की उपलब्धता और रिकॉर्ड का भी निरीक्षण कर स्टॉक की समय-समय पर जांच सुनिश्चित करने को कहा डीएम ने अस्पताल में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्टाफ की कमी से जुड़े विवरण शासन को शीघ्र भेजने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यक संसाधनों की पूर्ति समय पर हो सके। निरीक्षण के अंत में डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने चेताया कि यदि अगली बार भी ऐसी ही स्थितियाँ मिलीं तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों की सेवाओं में सुधार प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल पर विकास भवन में लगा मेगा हेल्थ चेकअप कैंप



**लखीमपुर खीरी।** जब नेतृत्व संवेदनशील और दूरदर्शी हो, तो व्यवस्था खुद स्वस्थ होने लगती है। लखीमपुर खीरी के मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने कुछ ऐसा ही उदाहरण पेश किया, जब उन्होंने विकास भवन परिसर में एक निशुल्क 'मेगा हेल्थ चेकअप कैंप' आयोजित कराकर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की चिंता को प्राथमिकता दी इस शिविर की खास बात यह रही कि सीडीओ ने खुद सबसे पहले आगे बढ़कर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। उन्होंने यह संदेश दिया कि नेतृत्व सिर्फ आदेश देने का नहीं, उदाहरण पेश करने का नाम है। कर्मचारियों में यह दृश्य प्रेरणा का केंद्र बन गया शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, लिवर फंक्शन सहित कई जरूरी स्वास्थ्य जांचें की गईं। चिकित्सकों की विशेषज्ञ टीम ने जांच के बाद कर्मचारियों को जरूरी परामर्श एवं दवाएं भी वितरित कीं सीडीओ अभिषेक कुमार ने अपने संक्षिप्त लेकिन प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि एक स्वस्थ कर्मचारी सिर्फ खुद के लिए नहीं, बल्कि पूरे जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण होता है। हमारा प्रयास है कि सभी कर्मचारी न केवल शारीरिक रूप से फिट हों, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त रहें। इस दौरान पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीसी एनआरएलएम, डीसी मनरेगा ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव के विषय पर प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम का किया गया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर-खीरी।** जिला पंचायत सभागार में एक राष्ट्र, एक चुनाव के विषय पर प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' रहे तथा कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला महामंत्री अरविन्द सिंह 'संजय' ने किया कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन एवं पं0 दीन दयाल उपाध्यक्ष एवं श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' ने कहा कि वास्वत में 2014 के बाद हमारी सरकार ने कई तरह के ऐसे कदम उठाए जिसके कारण देश के व्यापक रूप से सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिले। राजनैतिक क्षेत्र में जो हमारे विरोध राजनैतिक दल है उनको जब चुनाव में लगातार पराजय मिलने लगी तो ऐसे सभी सकारात्मक कदमों के खिलाफ भ्रम का वातावरण उत्पन्न करना ऐसे प्रयास विरोधी राजनैतिक दलों द्वारा निरन्तर किए जाने प्रारम्भ हुए जिसका पूरा दुष्प्रभाव हम लोगों ने पिछले लोकसभा चुनाव में देखा। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने निर्णय किया कि जो भी सकारात्मक कदम है जो हमारे देश के हित में है और विरोधी राजनैतिक दलों द्वारा परोक्ष या अपरोक्ष रूप से उनके खिलाफ एक वातावरण बनाने का काम किया जाता है ऐसे भ्रम के वातावरण को दूर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं समाज के प्रबुद्ध लोगों के पास जा करके इन विषयों पर चर्चा करके हमारा क्या उद्देश्य है हम इसको क्यों लाए है कैसे इससे काम करेंगे ऐसी सारी बातों को रख करके समाज में जो भ्रम उत्पन्न करने वाले लोग है वो भ्रम उत्पन्न करने में सफल न हो पाए और हमारे ऐसे सभी जो विषय इस राष्ट्र के हित में है उनका इस देश में ठीक ढंग से लागू करके राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में वन नेशन, वन इलेक्शन (एक राष्ट्र, एक चुनाव) को ले करके भारतीय जनता पार्टी निरन्तर गोष्ठियां कर रही है। ये विषय भारतीय जनता पार्टी का केवल नहीं है बल्कि कोई नया विषय नहीं है। देश की आजादी के बाद 1951-52 का पहला चुनाव हो 1957, 1962, 1967 तक लगातार चार चुनाव विधानसभाओं के और केन्द्र के एक साथ हुए। इस कार्यक्रम में रामजी मौर्या जिला महामंत्री , कुलभूषण सिंह , दिव्या सिंह ब्लाक प्रमुख लखीमपुर, रामू राज प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख बेहजम , संतोष कुमारी जिला उपाध्यक्ष उमेश शुक्ल , किरन अग्रवाल ,देवदत्त चढ्ढा, विनोद मिश्रा , उमेश शुक्ला , मनोज वर्मा , जी0एस0 सिंह, ठाकुर प्रसाद गंगवार, अरविन्द सिंह 'संजय', जितेन्द्र त्रिपाठी ' संजय मिश्रा, मुन्ना लाल अवस्थी, अम्बरीष सिंह, आर0पी0 कटियार पन्ना लाल अग्रवाल, आचार्य अनूप मिश्रा, संजय गिरि, वीरपाल मिश्रा, राहुल चौरसिया, मयंक कश्यप, सूरज पाण्डेय, भैय्या लाल तिवारी, अरूण कुमार मिश्रा, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आसपा ने निकाला शहर में कैंडल मार्च

## आतंकवाद के खिलाफ सरकार करें कड़ी से कड़ी कार्रवाई: चैयरमेन खुर्शीद मंसूरी



**नजीबाबाद।** आसपा पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने पहलगाम में हुए पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की घोर निंदा कर दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। नजीबाबाद के स्टेप ग्राउंड में आसपा पार्टी के नजीबाबाद विधानसभा प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी के नेतृत्व मे पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समर्थन होने दे शाम एकजुट होकर कैंडल मार्च निकाला! इस दौरान सभी ने पहलगाम घटना में शहीद हुए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर भाव भी नहीं श्रद्धांजलि दी। माही माही चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा सरकार से मांग कर कहा की आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और ऐसे आतंकवादियों को सजा मौत मिलनी चाहिए! उन्होंने बताया कि यह कैंडल मार्च केवल शौक नहीं बल्कि आतंक वाद और उनके रहनुमाओं के लिए करारा जवाब है अब पूरा भारत आतंकवाद के खिलाफ एकजुट खड़ा है! इस मौके पर शादमान, डॉक्टर हाजी मोहम्मद इस्लाम, डॉक्टर मोहम्मद इकराम, फहीम अहमद, नासिर कुरैशी, वसीम, सरदार जगमीत सिंह, आदिल, शाहज़ेब, फरमान आदि बड़ी संख्या में नगर के लोग मौजूद रहे।

## भारत बंद बिजनौर में दिखा भारत बंद का असर



**बिजनौर।** श्रीनगर पहलगाम में हुए आतंकी हमले और हिंदू समाज के लोगों को निशाना बनाने वाले आतंकवादियों के विरुद्ध भारत बंद का असर बिजनौर में देखने को मिला जहां सनातनियों द्वारा रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया। बाजार के साथ-साथ तमाम स्कूल भी बंद रहे और भारत बंद का साथ दिया! पहलगाम में एक ही धर्म को निशाना बनाया गया पर्यटकों से कलमा सुनाने से लेकर कपड़े तक उतरवाकर देख पहचान कर पर्यटकों के सीनों में गोलियां उतार दी गई! पाकिस्तान की इस नीच हरकत से पूरा देश गुस्से में है और बदले के लिए उतारू है इसके विरोध में भारत में जगह जगह पाकिस्तान और आतंकवाद के विरुद्ध नारेबाजी की जा रही है और पाकिस्तान एवं आतंकवाद के पुतले फूंके जा रहे हैं! वही जनपद के व्यापारियों ने भी एकजुट होकर अपनी अपनी दुकानों क बंद कर भारत बंद का साथ दिया! हिंदू संघर्ष समिति के सनातन समाज के लोग बड़ी संख्या में एक जुट होकर प्रदर्शन करते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से होकर प्रदर्शन करते हुए जमकर पाकिस्तान एवं आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट बिजनौर पहुंच कर एडीएम बिजनौर को ज्ञापन सौंप कर आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की।

## आतंकी हमले के मृतकों को मदरसा माहदुल उलूमिल इस्लामिया में दी श्रद्धांजलि

# 2 मिनट का मौन, सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग

*अवधनामा संवाददाता*



**बिजनौर।** हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को मदरसा माहदुल उलूमिल इस्लामिया में श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर मदरसे के छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दुआ की गई और 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मदरसे के प्रबंधक मौलाना डॉ फुरकान मेहरबान अली अल मदनी ने कहा आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता। आतंकवाद मानवता का दुश्मन है, और इसके खिलाफ सभी को मिलकर आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पूरा देश आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ खड़ा है और अब सरकार से सख्त कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है। ÷समय आ गया है कि आतंकियों के खिलाफ निर्णायक कदम उठाया जाए और देशवासियों को यह भरोसा दिलाया जाए कि आतंक के खिलाफ हमारी लड़ाई अटल है, श्रद्धांजलि सभा के अंत में देश में अमन और शांति के लिए दुआएं मांगी गई तथा आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान हमारा देश भारत जिंदाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे नारे भी गूंजते रहे।

## तहसील प्रशासन की टीम ने मौके पर अवैध खनन माफियाओं पर की छापेमारी

## कई ट्रैक्टर ट्रालियां, डंपर पोकलेन को किया ज़ब्त



**बिजनौर।** जनपद बिजनौर में अवैध खनन को लेकर चर्चा में रहने वाले नगीना देहात थाना क्षेत्र के पहाड़ा मोटी शीशम खो नदी में अचानक मौके पर तहसील प्रशासन की टीम ने कई थानों की फोर्स को साथ लेकर छापेमारी करते हुए दर्जनों ट्रैक्टर ट्राली डंपर और पोकलेन मशीनों को कब्जे में लेकर नगीना देहात थाने पर खड़ा कर दिया। इस दौरान मौके पर मौजूद 34 ट्रैक्टर, 7 बाइक और अवैध खनन में लगे 37 माफियाओं को पकड़ कर हिरासत में लिया गया। सोमवार मंगलवार की मध्य रात्रि नगीना एसडीएम व सीओ ने अवैध खनन की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की है। अग्रिम कार्यवाही जारी है।

## 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों छोटेलाल पुत्र स्व0 चन्द्रिका लोध उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम जोधपुर थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी संबंधित मु0सं0 4105-14 व अ0सं0 442-06 धारा 3/25 भादवि0 बनाम छोटेलाल ए0सी0जे0एम0 प्रथम महावीर पुत्र बन्धा निवासी ग्राम करसौर थाना फूलबेहड़ उम्र करीब 50 वर्ष संबंधित मु0सं0 4473-23 व अ0सं0 472-21 धारा 60 आबकारी अधि0 ए0सी0जे0एम0 प्रथम, को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा जा रहा है।

## गलत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने दूसरी बाइक में मारी जोरदार टक्कर, एक की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर शहर के राजापुर स्थित ओवरब्रिज पर गलत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने शहर के युवा व्यापारी की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों घायलों को एंबुलेंस 108 जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने व्यापारी को मृत घोषित कर दिया।

वहीं दूसरे घायल की हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर किया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है शहर के मोहल्ला नौरंगाबाद निवासी व्यापारी मुनव्वर अंसारी (28) की भारत इंटरप्राइजेज के नाम से दुकान है। सोमवार की देर शाम वह शहर घूमने जाने की बात कहकर घर से बाइक लेकर निकले थे। राजापुर स्थित ओवरब्रिज पर चढ़ते समय गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने मुनव्वर की बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज हुई कि व्यापारी मुनव्वर और दूसरी बाइक का चालक सदर कोतवाली के गांव रामापुर निवासी संजय सिंह पुत्र श्रीराम गंभीर रूप से घायल हो गया।

ओवरब्रिज से गुजर रहे लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस और एंबुलेंस 108 को दी मौके पर पहुंची एंबुलेंस दोनों को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टर ने व्यापारी को मृत घोषित कर दिया। उधर हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार वालों के साथ बड़ी संख्या में व्यापारी जिला अस्पताल पहुंचे शव देख परिवार में कोहराम मच गया। उधर दूसरे घायल की पहचान होने पर मंगलवार को पुलिस ने हादसे की खबर उसके परिवार के लोगों को दी। सूचना पाकर उसके परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया है।

## सीवर लाइन डालने को लेकर परशुराम चौराहे और जीआईसी के पास बेरिकेटिंग कर रास्ता किया गया बंद

**लखीमपुर खीरी।** पुराने जिला अस्पताल में मेडिकल कालेज के निर्माण का काम चल रहा है। इसके चलते सीवर लाइन डालने को लेकर परशुराम चौराहे और जीआईसी के पास बेरिकेटिंग कर रास्ता बंद किया गया है। इसके चलते इधर से गुजरने वाले वाहनों और राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में जेल रोड के बंद रास्ते को लेकर जिला महिला अस्पताल में आने वाले मरीजों और प्रसूताओ के लिए निकलने की राहत दी गयी है। इससे अस्पताल की ओपीडी और ओटी बिना दिक्कत के संचालित हो रही है। वहीं कचेहरी को जाने वाले, जेल की तरफ जाने वालों के साथ सीएमओ आफिस, मलेरिया विभाग को जाने वाले राहगीरो और कर्मचारियों के दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इधर से भारी वाहनों सहित अन्य वाहनों के आने जानें पर पूरी तरह से रोक लगी हुई है।

# नाबालिग के वाहन चलाने पर अभिभावक के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई: जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि हाईवे पर यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध अभियान चलाकर सघन कार्यवाही की जाये। नो हेलमेट नो फ्यूल का अभियान चलाकर प्रभावी तौर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट और विकास भवन सहित सभी कार्यालयों में बिना हेलमेट के आने वालों को प्रवेश न दिया जाए। जिलाधिकारी मनीष बंसल कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने विद्यालयों के समीप सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक साइनेज एवं स्पीड टेबल संकेतक लगाने के दृष्टिगत नगर निगम के अधिकारी को निर्देश दिए कि उनके क्षेत्र में सड़क किनारे स्थित स्कूलों को चिन्हित कराएं। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने वाली एक्टिविटी कराएं। निर्देश दिए कि सड़क पर स्थित स्पीड ब्रेकरो के आगे पीछे इंडिकेटर्स लगाए जाएं। जिलाधिकारी द्वारा नाबालिग छात्र-छात्राओं द्वारा वाहन चलाने सम्बन्धी घटनाओं पर चिन्ता प्रकट करते हुए सघन चेकिंग एवं उल्लंघन करने वाले छात्र-छात्रा के अभिभावकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराये जाने के निर्देश दिये। सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि ओवर स्पीडिंग के कारण हुई घटना में दोषी पर कड़ी कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निलंबन या निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाए। जनपद के अधिक दुर्घटना वाले तीन मार्गों पर गति कैमरे लगाने के लिए एसपी यातायात, एआरटीओ और एक्सनईएन को संयुक्त रूप से मार्गो का चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए। चिन्हित ब्लैक स्पॉट को दूर करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निरीक्षण आकर आवश्यक कार्यवाही से अवगत कराने की बात कही। मनीष बंसल ने एनएचएआई के अधिकारी को निर्देशित किया कि सरसावा जाने वाले सर्विस रोड पर हो रहे गड्ढों को दुरुस्त कराएं और टोल व सड़क किनारे मानक के अनुसार एम्बुलेंस खड़ी करें और मूवमेंट करते रहें। एम्बुलेंस की स्थिति और मूवमेंट की जांच के लिए संबंधित उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया।इस अवसर पर डीएफओ शुभम सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा, डीएफओ श्वेता सेन, एआरटीओ एमपी सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि धर्मेद्र सिंह, सुरेन्द्र चौहान सहित शिक्षा, विद्युत, स्वास्थ्य, नगर निगम, पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

# टैक्स सम्बंधी आपत्तियों का तीन दिन में करें निस्तारण: नगरायुक्त



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने टैक्स बिलों के सम्बंध में आयी आपत्तियों का तीन दिन के भीतर निस्तारण करने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने तेजी के साथ बिलों की जांच व सर्वे पर जोर दिया। नगरायुक्त ने यह निर्देश जनसुनवाई में आयी एक शिकायत के संदर्भ में दिए। जनसुनवाई में आज नौ शिकायतें आयी जिनमें से एक का निस्तारण तत्काल कराया गया। बाकि शिकायतों के सम्बंध में नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। वार्ड 06 वर्धमान कॉलोनी के धरमवीर ने टाइल्स वाली गली में साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर तत्काल क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व कर्मचारी को भेजकर सफाई करा दी गयी। इसके अलावा दाबकी जुनारदार वार्ड नंबर बीस की न्यू पारस विहार शुभ सिटी कॉलोनी की महिलाओं नीलम, ललिता, सीमा, पूनम चौधरी व रति आदि ने एक प्रार्थना पत्र देकर कहा कि अनेक घरों का पानी पुलिया नीची होने के कारण सड़क व प्लाटों में फैल रहा है। महिलाओं ने पुलिया को ऊँची उठवाकर पानी निकासी की व्यवस्था करने का अनुरोध किया। जिस पर नगरायुक्त ने मुख्य अभियंता निर्माण को स्थलीय निरीक्षण कराकर अविलंब समाधान कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त वार्ड 63 राजपूत कॉलोनी के नसीब खां ने स्ट्रीट लाईट ठीक कराने, वार्ड 7 खुर्जा मिल निवासी विष्णु ने गली में अवैध रुप से कुछ लोंगो द्वारा खड़ी की गयी दीवार हटवाने, वार्ड 13 अमरदीप कॉलोनी के संदीप ने कॉलोनी में चलायी जा रही अवैध डेरियो को बंद कराने, वार्ड 31 मानकमऊ के संजय ने खत्रीवाला तालाब की भूमि को कब्जा मुक्त कराने तथा वार्ड 43 इलाहीपुरा के इरफान ने नाले के ऊपर किये गए अतिक्रमण को हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

## पहलगाम में हुए भीषण नरसंहार के विरोध में निकाली रोष यात्रा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण नरसंहार के विरोध में श्री राधा कृष्ण सनातन धर्म मंदिर के बैनर तले अनेक धर्माचार्यो एवं बुद्धिजीवियों ने रोष यात्रा निकाली और केन्द्र सरकार से पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई कर उन्हें नेस्तनाबूत करने की मांग की।

श्री राधा कृष्ण सनातन धर्म मन्दिर हकीकत नगर एवं सरस्वती युवा संगठन व सुश्री सुदीक्षा के संयुक्त तत्वावधान में धर्माचार्य और सुश्री सुदीक्षा देवी के अनुयायी हाथों पर काली पट्टी बांधकर रामलीला ग्राउण्ड हकीकत नगर में एकत्र हुए और नरसंहार के विरोध में जबरदस्त नारेबाजी कर रोष यात्रा निकाली। मन्दिर समिति के अध्यक्ष महेन्द्र तनेजा व सरस्वती युवा संगठन के अध्यक्ष राजीव कालिया ने कहा कि आज समूचा देश इस नर संहार का कड़ा विरोध कर रहा है। उन्होंने प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की कि इस घटना में दोषी पाकिस्तान व उसमें संलिप्त तत्वों को कठोर से कठोर सजा दी जाये, ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों के लिए नजीर बन सकें। समिति के प्रधान सतीश्वर चांदना व सरस्वती युवा संगठन के सचिव संजीव जसूजा, सुधीर मिगलानी ने कहा कि जिस तरह धर्म पूछ-पूछ कर केवल नवयुवक पुरूषों व महिलाओ की हत्या की गयी, वह शर्मनाक है। इस अवसर पर मदनलाल सचदेवा, रमेश अरोडा एडवोकेट, अमित सेठी, अशोक जग्गा, त्रिलोक चन्द टण्डन, कमल जसूजा, हरीश खुराना, दिनेश खन्ना, अमित चांदना, शुभम गगनेजा, सुरेन्द्र कालरा, फूल कुमार, प्रवीण वधवा, अमृत बजाज, शिव छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

## लोको रनिंग ब्रांच का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** नॉर्दर्न रेलवे लोको रनिंग एवं मैकेनिकल ब्रांच के त्रैवासिक अधिवेशन में सर्वसम्मति से लोको रनिंग ब्रांच का चुनाव संपन्न किया गया, जिसमें दुष्यन्तर को शाखा अध्यक्ष व परमजीत सिंह को शाखा सचिव बनाया गया।

त्रैवासिक अधिवेशन में लोको रनिंग ब्रांच का चुनाव सभी की सहमति से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिव गोपाल मिश्र का नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन अंबाला मंडल के पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात लोको रनिंग ब्रांच के चुनाव के उम्मीदवारों की घोषणा की गई, जिसमें दुष्यंतर को शाखा अध्यक्ष, कुलदीप कुमार, अंकित कुमार, इरफान खान, कृष्ण कुमार व श्रीमती आरती को शाखा उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा परमजीत सिंह को शाखा सचिव, विनोद कुमार, अरविंद कुमार, प्रवेश कुमार को सहायक सचिव तथा राजकुमार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। मुख्य अतिथि शिव गोपाल मिश्र ने मांग की कि कि यूपीएस में सुधार किया जाये, 10 परसेन्ट की कटौती बंद की जाये।

डीए 20 परसेन्ट होने के बाद रनिंग एलाउंस में अपेक्षाकृत बढ़ोतरी नहीं हुई है इसे तुरंत बढ़ाया जाए। लोको रनिंग स्टाफ के ग्रेड पे व पे लेवल में सुधार किया जाये। लोको पायलट के एडिशनल अलाउंस में सुधार किया जाये तथा सहायक लोको पायलट को रिस्क अलाउंस दिया जाये। संरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकतम ड्यूटी मालगाड़ी में 8 घंटे तथा कोचिंग गाड़ी में 6 घंटे की जाए। रात्रि पारी में ट्रेन वर्किंग के दौरान चालक दल को रिफ्रेशमेंट चाय आदि लेने का प्रावधान किया जाये। चालक दल को अनावश्यक रूप से रनिंग रूम में रोकना बंद किया जाये। मंडलीय लोको रनिंग स्टाफ कान्फ्रेन्स में डिविजन अध्यक्ष हरनाम सिंह, डिवीजन सचिव निर्मल सिंह समेत नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन अंबाला मंडल के कई पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


RAHUL JEWELLERS
Akshaya
Tritiya Offer
75%
OFF
on Making Charges of
All Kinds of Jewellery
GOOGLE
INSTAGRAM
+917318555550
Raebareli Road, Telibagh, Lucknow
rahul_jewellerstelibagh

# हनुमानगढ़ी से रामलला तक भक्ति का संगम, शोभायात्रा तैयारियों का विधायक ने किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** हनुमान गढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास बुधवार अक्षय तृतीया के दिन रामलला का दर्शन करेंगे। परम्परा के अनुसार हनुमान गढ़ी के गद्दीनशीन 52 बीघा भूमि से बाहर नही जाते है। लेकिन परम्पराओं को तोड़ते हुए वह राम लला दर्शन करेंगे। सरयू स्नान के उपरान्त घाट से श्री राम जन्मभूमि तक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसका दर्जनों स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत होगा। हेलीकॉप्टर से भी पुष्प वर्षा की जाएगी। शोभा यात्रा को लेकर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने गद्दीनशीन महंत प्रेमदास से मुलाकात किया तथा तैयारियों का जायजा लिया। विधायक वेद गुप्ता ने कहा कि शोभा यात्रा परंपराओं को नया आयाम देने वाला एक महान कदम है। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर यह शोभा यात्रा पूरे अयोध्या में आस्था और उत्साह का संचार करेगी। सरयू घाट से श्रीराम जन्मभूमि तक भव्य शोभा यात्रा निकलेगी, जिसमें पुष्पवर्षा और जनसमूह की सहभागिता ऐतिहासिक दृश्य प्रस्तुत करेगी। यह आयोजन अयोध्या की धार्मिक परंपराओं को नई ऊंचाई देगा। तैयारियों का निरीक्षण किया गया है। मौके पर महंत संजय दास, महंत हेमंत दास, भाजपा नेता संजय शुक्ला, सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी, आर एम अयोध्या, कोतवाल अयोध्या उपस्थिति रहे।

## जीबीटीसी के प्रोजेक्ट सुपर 60 के पांचवें वर्ष की प्रांरभिक चयन परीक्षा संपन्न

**अयोध्या।** पिछले चार वर्षों से ग्रामीण अयोध्या के परिषदीय विद्यालयों के मेधावी छात्रों के लिए कार्य कर रही संस्था जीबीटीसी ने अपने सफल कार्यक्रम सुपर 60 के पांचवे संस्करण की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय जिंगल बेल में किया। सुपर 60 चयन परीक्षा के लिए अयोध्या जनपद के सभी ग्यारह ब्ला?को से कुल 380 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया था। पिछले 4 वर्षों में सुपर 60 कार्यक्रम के तहत अब तक 240 छात्र-छात्राओं को मोबाईल वितरण और आनलाईन कक्षाओं के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जा चुका है। इन छात्र छात्राओ में से 24 बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय, 30 बच्चो का चयन अटल आवासीय विद्यालय, 02 बच्चो का चयन देश के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय विद्याज्ञान स्कूल और 07 बच्चों का चयन यश विद्या मन्दिर में हो चुका है। संस्था की डायरेक्टर किरणदीप संधू मलेशिया में रहकर इस संस्था का संचालन करती है। बातचीत के दौरान उन्होने बताया कि जीबीटीसी के दोनो प्रमुख कार्यक्रम - प्रोजेक्ट स्मार्ट क्लास और प्रोजेक्ट सुपर 60 का उद्देश्य ग्रामीण परिवेश के मेधावी बच्चो को विश्वस्तरीय शिक्षा व्यवस्था और तकनीकी से जोड़कर उन्हें वैश्विक नागरिक बनाना है।

## दो बाइकों की भीषण टक्कर, चार युवक गंभीर रूप से घायल

**अयोध्या।** बीकापुर रोड पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा परूआ भट्टे के पास उस समय हुआ जब दोनों बाइकों की गति तेज थी और वे विपरीत दिशा से आ रही थीं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, महेंद्र पुत्र हरिराम और सौरभ पुत्र राजितराम, निवासी हरदोईया धरमगंज थाना कुमारगंज, हीरो होंडा शाइन (PywAA0269) बाइक से शाहगंज की ओर से परूआ भट्टे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बीकापुर की दिशा से आ रही पल्सर बाइक (UPywBXv937), जिस पर रिंकू पुत्र पदारथ निवासी चकनथा थाना इनायतनगर और इंदल मिश्रा सवार थे, से आमने-सामने की टक्कर हो गई।

# उर्स-ए-ताजुश्शरिया चार मई सेः बरेली में जुटेंगे 10 से अधिक देशों के जायरीन, होटल-गेस्ट हाउस बुक

*अवधनामा संवाददाता*



**बरेली।** बरेली में खानदान आला हजरत के बुजुर्ग हजरत मुफ्ती अख्तर रजा खां (अजहरी मियां) का दो दिवसीय उर्स चार मई से शुरू हो रहा है। इसमें शामिल होने के लिए विदेशों और देश के दूर दराज इलाकों से आने वाले जायरीन ने अभी से शहर के तमाम होटलों और गेस्ट हाउस में कमरे बुक करा दिए हैं। शहर में आला हजरत के बाद यह दूसरा सबसे बड़ा उर्स होता है। इसके मद्देनजर दरगाह की ओर से इन दिनों तैयारियां जोरो पर हैं। न सिर्फ जायरीन के ठहरने के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं, बल्कि शहर के तमाम लोगों ने लंगर आदि के लिए भी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

**बड़ी संख्या में जुटेंगे जायरीन**

इस संबंध में जमात रजा मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान ने बताया कि उर्स चार व पांच मई को दरगाह आला हजरत स्थित खानकाह ताजुश्शरिया और मथुरापुर स्थित जामियतुर्रजा इस्लामिक सेंटर पर मनाया जाएगा। उर्स में शिरकत करने के लिए इस बार बड़ी संख्या में जायरीन के पहुंचने की संभावना है।

कुछ लोग होटलों और गेस्ट हाउस में ठहरते हैं। इसके अलावा भी दरगाह की ओर से मदरसों व आस-पास तमाम स्कूलों व मकानों में भी जायरीन के ठहराने की व्यवस्था रहेगी। अभी तक सूचना के अनुसार लंदन, मॉरिशस, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, सऊदी अरब, अमेरिका, बांग्लादेश, नेपाल आदि से जायरीन आने की संभावना है।

## जिलाधिकारी ने प्रबंधक और प्रधानाचार्यों के साथ की बैठक



**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा प्रोजेक्ट अलंकार के संदर्भ में शासकीय सहायता प्राप्त और संस्कृत विद्यालयों के प्रबंधकों के साथ बैठक की गई। जिसमें प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों से विद्यालय की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों में भवन जर्जर स्थिति में उनके प्रबन्धक/प्रधानाचार्य 01 सप्ताह के भीतर मरम्मत हेतु आगणन तैयार कर प्रस्ताव जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रेषित करें। जिला विद्यालय निरीक्षक को 01 सप्ताह के उपरांत संबंधित विद्यालयों के भवनों की स्थिति की जांच जिलास्तरीय तकनीकी समिति के माध्यम से करवाने का निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत शासन द्वारा शासकीय सहायता प्राप्त और संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों के भवनों के उच्चीकरण किया जा रहा है। शासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों की मरम्मत हेतु शासन द्वारा 75 प्रतिशत जबकि संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों को 95 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा। शेष भार विद्यालय प्रबंधन को स्वयं वहन करना होगा।

## दबंग दीवान की दहशत से घर छोड़ने को मजबूर हुआ परिवार, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वीडियो,एसएसपी से शिकायत



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के खंडासा गांव निवासी सफी उल्ला व उनके परिवार ने थाने पर तैनात दीवान आदित्य प्रताप सोनी और तीन अन्य अज्ञात पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि बिना किसी वारंट के रात में पुलिसकर्मी घर में घुसे, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पैसे की वसूली और मारपीट का दावा पीड़ित ने बताया कि पहले भी दीवान आदित्य ने 17 मार्च को थाने बुलाकर ?10,000 की अवैध वसूली की थी, जिसके गवाह भी मौजूद हैं। इसके बाद जब सफी उल्ला काम के सिलसिले में बाहर गए, तो पुलिस फिर उनके घर पहुंची। घर में मौजूद बीमार पत्नी और वृद्ध माता-पिता के साथ बदसलूकी की गई। पत्नी को धक्का देकर मोबाइल भी उठा ले गए। एसएसपी से न्याय की गुहार पीड़ित परिवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि न तो परिवार पर कोई मुकदमा है और न ही कोई कानूनी कार्यवाही लंबित, फिर भी रात में दबिश और उत्पीड़न ने पूरे परिवार को इतना डरा दिया कि वे घर छोड़ने को मजबूर हो गए हैं।

### मेधावी छात्र अभिषेक को सपा नेता ने किया सम्मानित

**रूदौली -अयोध्या।** हाई स्कूल की परीक्षा में प्रदेश में 96.67 त्र अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले रुदौली विधान सभा क्षेत्र के गंगरेला निवासी अभिषेक यादव से समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य एहसान मो.अली उर्फ़ चौधरी शहरयार ने अभिषेक को सम्मानित किया व परिजनों से मिल कर बधाई दी। चौधरी शहरयार ने अभिषेक के सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में और सफलताए हासिल करने की कामना की।

## समाज सेवी सरदार भूपेन्द्र ने राजकीय जिला पुस्तकालय के पाठकों को उपलब्ध कराई कुर्सियां

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** राजकीय जिला पुस्तकालय की अध्यक्ष डॉ पूनम सिंह ने के समाजसेवी भूपेंद्र सिंह से मुलाकात कर राजकीय जिला पुस्तकालय के उन्नयन, विकास और उपलब्धियां के बारे में जानकारी प्रदान की उन्होंने सरदार भूपेंद्र से वार्ता करते हुए अवगत कराया कि राजकीय जिला पुस्तकालय के 2200 पाठक सदस्यों में से प्रतिदिन लगभग 500 उपस्थित होकर सुबह आठ से शाम आठ के मध्य पुस्तकों और ऑनलाइन पाठ्यक्रम के माध्यम से अपनी मंजिल तलाशते हैं। यहां के पाठकों में कई सीनियर सिटीजन है ,तो कई प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए आने वाले बच्चे भी हैं जो जीवन के सफर को आसान बनाने और पुस्तकों के बीच तनाव रहित समय बिताने की उम्मीद में आते हैं। पाठकों का यह कारवां निरन्तर आगे बढ़ रहा है और 2019 में 700 पाठकों के साथ बढ़ रहे इस कारवां में सदस्यों की संख्या में तीन तीन वाईफाई इंटरनेट सुविधा, कियास्क और कंप्यूटर के माध्यम से तकनीकी शिक्षा, शीतल पेयजल, सीसीटीवी युक्त परिसर में शांत सुरक्षित वातानुकूलित कक्षों, प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए उपलब्ध पुस्तकों के कारण तिगुनी वृद्धि हुई है और अब भी प्रतिदिन प्रवेश के लिए चार से दस पाठक नियमित आते है, किंतु बैठने के लिए अब हमारे पास पर्याप्त फर्नीचरों का अभाव है, जिससे प्रवेश के लिए हम अपने हाथ बंधे हुए पा रहे हैं। जनपद के कल के भविष्य इन युवाओ और किशोर पीढ़ी के सदस्यों को,जो पूरे उत्साह से इस उम्मीद में पुस्तकालय आते है, कि यहां के शांत और स्वस्थ माहौल में पढ़कर वह भी अपनी मंजिल तलाश कर लेंगे, लौटना वास्तव में बड़ा कष्टप्रद होता है। सरदार भूपेंद्र सिंह ने 20 कुर्सियां पुस्तकालय को उपलब्ध कराई। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ पूनम सिंह ने इसके लिए समाजसेवी सरदार भूपेंद्र सिंह का और इससे पूर्व पुस्तकालय को इंटरनेट सुविधा और आरो प्रदान करने वाले पेट्रोल पंप व्यवसायी दीपक जैन का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जिला कारागार का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना द्वारा जिला कारागार महराजगंज का मासिक निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जेल निरीक्षण के दौरान सामान्य बैरक, महिला बैरक, पाकशाला व जेल परिसर की साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने बंदियों की समस्यायों को सुनते हुए निस्तारण हेतु जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित विभागों के साथ समन्वय करते हुए समस्या के निस्तारण के लिए कहा।जिलाधिकारी महोदय ने नियमित तौर पर बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण और परीक्षण के उपरांत आवश्यक चिकित्सीय सहायता बंदियों को उपलब्ध कराने हेतु भी निर्देशित किया। एक अल्पवयस्क बंदी द्वारा जमानतदार के अभाव में रिहाई न होने की बात जिलाधिकारी को बताई गई। जिलाधिकारी ने न्यायालय के साथ समन्वय करते हुए बंदी के जमानत की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जेल निरीक्षक ने बताया कि वर्तमान में जेल में 619 पुरुष बंदी, 52 महिला बंदी, 62 अल्पवयस्क बंदी और 09 विदेशी बंदी हैं। जेल मैन्युअल के अनुसार सभी बंदियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक आशीष रंजन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रिश्वतखोर लेखपाल रंगे हाथ गिरफ्तार, एंटी करप्शन टीम की बड़ी कार्रवाई

**अयोध्या।** जनपद के मिल्कीपुर तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल वेद प्रकाश वर्मा को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।जानकारी के अनुसार, पीड़ित से प्रॉपर्टी की वरासत रिपोर्ट लगाने के एवज में लेखपाल वेद प्रकाश वर्मा द्वारा 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। पीड़ित द्वारा इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की गई, जिसके बाद मिल्कीपुर तहसील स्थित लेखपाल संघ भवन में टीम ने ट्रैप कार्रवाई कर आरोपी लेखपाल को रिश्वत लेते समय गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पूछताछ हेतु टीम मुख्यालय के लिए रवाना हो गई है। इस कार्रवाई से तहसील परिसर में हड़कंप मच गया है और अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों में भी खलबली देखी जा रही है।

# पानी की टंकी बनने से लोगो तक पहुँचेगा स्वच्छ और सुरक्षित जलः सांसद तनुज



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड हरख के राजस्व ग्राम नानमऊ में निर्मित पानी की टंकी गांव के हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेय जल पहुंचाने की दिशा में ये योजना मील का पत्थर साबित होगी। ये सिर्फ एक पानी की टंकी ही नही बल्कि, ग्रामवासियों के स्वास्थ, गरिमा और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में उठाया गया मजबूत कदम है। जिस प्रकार आजादी से पहले कांग्रेस पार्टी ने देश को आजाद कराने में अहम भूमिका निभाई थी, उसी तरह आज हर नागरिक को स्वच्छ जल, शिक्षा, स्वास्थ और रोजगार जैसे बुनियादी अधिकार दिलाने के लिये कार्य कर रही है। दो करोंड़ पैंतालिस लाख इकत्तीस हजार की लागत से बनी ये पानी की टंकी गांव के हर घर को पानी पहुंचायेगी और हमारी माँ बहनों को दूर दराज से पानी लाने की समस्या से निजात मिलेगी। और ग्रामवासियों को स्वच्छ जल मिलेगा जिससे स्वास्थ सम्बन्धी समस्याओं से निजात मिलेगी।

उक्त उद्गार स्थानीय सांसद तनुज पुनिया ने आज विकास खण्ड हरख के ग्राम नानमऊ में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) विभाग द्वारा दो करोंड़ पैंतालिस लाख इकत्तीस हजार रूपये की लागत से बनी पानी की टंकी का उद्घाटन करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में ग्रामवासियों के बीच व्यक्त किये। विकास खण्ड हरख के ग्राम नानमऊ में पानी की टंकी के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य रूप से स्थानीय सांसद तनुज पुनिया, अधिशासी अभियंता जल निगम, अमित कुमार, सहायक अभियन्ता आशीष कुमार त्रिवेदी, अवर अभियन्ता श्रीमती कीर्ती त्रिवेदी, अनुबंधित फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर विजय कटारिया, ग्राम प्रधान सुधीर वर्मा, प्रदेश कांग्रेस के सदस्य रामानुज यादव, रामहरख रावत, अजीत वर्मा, पूर्व प्रधान हरख अन्ना वर्मा, प्रेम वर्मा, वीरेन्द्र वर्मा, रामशंकर रावत, जसवंत वर्मा, आकाश वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, तथा ग्रामवासी मौजूद थे। उक्त अवसर पर स्थानीय सांसद तनुज पुनिया को जल निगम के अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ तथा अंगवस्त्र डालकर सम्मानित किया गया।

## श्री गुरु अंगद देव जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया




**बाराबंकी।** सोमवार को नगर के गुरुद्वारा लाजपत नगर में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा धन धन श्री गुरु अंगद देव जी का प्रकाश पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया एक सप्ताह उपरांत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सहज पाठ की आरंभता हुई जिसकी समाप्ति आज हुई उसके उपरांत विशेष दीवान सजा जिसमें हुजूरी रागी भाई तीरथ सिंह के जत्थे द्वारा कीर्तन भजन किया गया शाम के दीवान में लखनऊ से आय भाई सतवीर सिंह के द्वारा कीर्तन भजन किया सभी आय संगत ने कीर्तन का आनंद लिया उसके उपरांत आनंद साहिब जी का पाठ कर समाप्ति हुई उसके उपरांत गुरु का अटूट लंगर वर्ताया गया जिसे सभी धर्मों के लोगों ने एक पंगत में एक साथ बैठ कर चखा जिसमें गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्य रूप से प्रधान सरदार भूपेंद्र सिंह, सरदार चरनजीत सिंह, सरदार रवीन्द्रपाल सिंह, सरदार रविंदर सिंह, सरदार राजदीप सिंह, सुमित्रा कौर,कवलजीत कौर, रंजीत कौर, परमजीत कौर, अमरजीत कौर,सुरजीत कौर, नरेन्द्र कौर, इंदरजीत कौर, चरनजीत गाबा, सरदार हरप्रीत सिंह, सरदार मनमीत सिंह सोनू, मलकीत सिंह, तनमीत सिंह, अमरजीत सिंह राजे हरविंदर सिंह, तनप्रीत सिंह रौनक मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन फ्लाईओवर गिरा, कई घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** देर रात अचानक गिरा पुल आधा दर्जन से अधिक लोग हुए घायल। जिलें के पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के मोहनापुर में निर्माणाधीन ब्रिज का पुल सोमवार की रात लगभग 11ः40 बजे भरभरा कर अचानक गिर गया जिससे पुल निर्माण में कार्य कर रहे आधे दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। इस हादसे के बाद चारों तरफ चीख पुकार व अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुरन्दरपुर पुलिस ने मजदूरों को मलवे से बाहर निकलवाया और घायल मजदूरों को अस्पताल भेजवाया।इस हादसे में घायल अनिल 23 वर्ष व योगेश 26 वर्ष, उपरोक्त निवासी चौक जंक्शन जिला हाथरस,रिंकू 30 वर्ष व लोनी 30 वर्ष तथा जयराम पाल 40 वर्ष उपरोक्त निवासी कचला जिला बदायूं एवं बालकृष्ण 30 वर्ष निवासी मूरवल जिला बांदा को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरेंदा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि ब्रिज के पुल का निर्माण कार्यदायी संस्था पीएनसी कर रही है। लेकिन यह एक बड़ी लापरवाही हैं। जिस पल का निर्माण हो रहा है। जिस पुल का निर्माण कराया जा रहा है उसके नीचे से गोरखपुर- नौतनवा रेलखंड की ट्रेनों का संचालन भी होता हैं।

# जिला कारागार का डीएम और एसपी ने किया औचक निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** मंगलवार को जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से जिला कारागार बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा जिलाकारागार की बैरकों, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम आदि की सघन चेकिंग की गई। इसके साथ ही कारागार परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, भोजन व्यवस्था तथा चिकित्सा सेवाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। अधिकारी द्वय ने रसोईघर, बंदी बैरक, अस्पताल कक्ष, बंदी शाला आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर बंदियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हों तथा बंदियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो वर्तमान समय गर्मी को देखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाए। निरीक्षण के दौरान बन्दियों से मिलने आने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में जानकारी की गई। निरीक्षण के अंत में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सुधारात्मक उपायों हेतु सुझाव भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक कुंदन कुमार, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के. जेलर जे.पी.तिवारी सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित रहे।

## नवागत एसपी के आदेश पर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर एसपी ने थाने का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस बल के साथ थाना जैदपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सोमवार की रात्रि करीब 8 बजे पैदल गस्त/भ्रमण करते हुए स्थानीय लोगों व आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया। गस्त के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना जैदपुर का निरीक्षण कर अभिलेखों/रजिस्टरों को अद्यावधिक रखने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया एवं थाने में नियुक्त पुलिस कर्मियों की बीट बुक का अवलोकन कर दिशा-निर्देश दिये गये।

## केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने जनता की समस्याओं को सुना



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** मंगलवार को केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने महराजगंज स्थित अपने आवास के कैम्प कार्यालय पर लोकसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति की बात को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनता की भलाई के लिए लगातार कार्य कर रही है और उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें और समस्याएं लेकर पहुंचे थे, जिनमें सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख थीं।केन्द्रीय मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी के समक्ष विकास कार्यों में तेजी लाने, नई योजनाओं के क्रियान्वयन और विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए सुझाव भी प्रस्तुत किए। मंत्री ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है।

सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:28
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-305 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 30 अप्रैल 2025
01 जिकाद 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## रक्षा मंत्री, एनएसए, सीडीएस और तीनों सेना प्रमुखों के साथ पीएम मोदी ने की बैठक

# आतंकवाद को कुचलना हमारा राष्ट्रीय संकल्प

- प्रधानमंत्री की सेना को खुली छूट
- जवाब कब व कैसे देना है, यह तय करने के लिए आप स्वतंत्र
- केंद्रीय गृह सचिव ने की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी इस बैठक का हिस्सा थे।

बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। यह बैठक उस समय हुई है, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे। सरकारी सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर करारी चोट करना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा विश्वास और भरोसा जताया। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा, उन्हें (सशस्त्र बलों को) हमारी प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी स्वतंत्रता है। पीएम मोदी ने वादा किया है कि इस हमले के पीछे जो आतंकवादी और उनके मददगार हैं, उन्हें दुनिया के आखिरी छोर तक ढूंढ कर कल्पना से परे सख्त सजा दी जाएगी। यह पाकिस्तान की ओर इशारा माना जा रहा है, जिसका भारत में आतंकवाद फैलाने का इतिहास रहा है। इससे पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। यह बैठक उस दिन हुई, जब सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राजनाथ सिंह को पहलगाम आतंकी हमले के बाद लिए गए कुछ फैसलों की जानकारी दी। पहलगाम हमले के बाद सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई थी। इसमें विपक्षी दलों ने आतंकियों के खिलाफ सरकार किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन देने की बात कही। हमले के अगले दिन कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक भी हुई थी। इस बैठक में बताया गया कि इस आतंकी हमले के तार सीमा पार से जुड़े हुए हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब जम्मू-कश्मीर में चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं और राज्य धीरे-धीरे आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है।

सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े फैसले लिए गए थे। इसमें सिंधु जल संधि को तत्काल स्थगित करना, अटारी चेक पोस्ट को बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा के तहत भारत में प्रवेश की अनुमति खत्म करना, पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सेना के सलाहकारों को एक हफ्ते के भीतर देश छोड़ने का आदेश जैसे फैसले शामिल थे।

# दिल्ली में अब नहीं चलेगी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी

- कैबिनेट ने फीस एक्ट को दी मंजूरी, पैरेंट्स को मिली पावर



**नई दिल्ली।** बहुत जल्दी अभिभावकों को स्कूलों के मनमानी तरीके से फीस बढ़ाने के रवैये से निजात मिलेगी। दिल्ली सरकार के कैबिनेट ने फीस बढोतरी के खिलाफ कच्चा मसौदा तैयार किया है। जल्द ही विधानसभा की एक अरजेंट बैठक बुलाकर इसे कानून की शक्ल दी जाएगी।

दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह जानकारी दी है। 31 जुलाई को फीस तय करके 15 सितम्बर को इसे स्कूल लेबल कमेटी में लाना होगा। 30-45 दिन में कमेटी फीस का फैसला करेगी, इसके बाद ये जिला स्तरीय कमेटी और फिर राज्य कमेटी के पास जाएगा। अक्तूबर-नवम्बर तक फीस कितनी होगी, पैरेंट्स को पता चल जाएगा। जो स्कूल कमेटी के निर्णय के हिसाब से फीस नहीं लेगा, उस पर 1-10 लाख तक का जुर्माना लगाया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा, 1973 के एक्ट में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ कोई प्रावधान नहीं था, पिछली सरकार ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया। बच्चों का भविष्य भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। किसी बच्चे को फीस नहीं देने पर बाहर बिठाया तो 50 हजार प्रति बच्चे के हिसाब से स्कूल को जुर्माना देना होगा। हमने आज ये कैबिनेट में ये बिल पास किया है। ये जल्द कानून बनेगा और 1 अप्रैल 2025 से लागू माना जाएगा।

## मदर डेयरी ने बढ़ाए दूध के दाम, कीमतों में 2 रुपए तक का इजाफा




**नई दिल्ली।** मदर डेयरी ने गर्मी के मौसम में बढ़ती लागत को देखते हुए दूध की कीमतों में बढ़ोतरी की है। कंपनी ने दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। कंपनी के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि कीमतों में यह संशोधन 30 अप्रैल 2025 से पूरे बाजार में लागू होगा। मदर डेयरी अपने स्टोर, अन्य दुकानों और ई-कॉमर्स मंचों के जरिये दिल्ली-एनसीआर के बाजार में प्रतिदिन लगभग 35 लाख लीटर दूध बेचती है। दिल्ली-एनसीआर में टोन्ड दूध (थोक बिक्री) की कीमत 54 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 56 रुपये प्रति लीटर हो गई है।

## मतदाता सूची से डुप्लिकेट नाम हटाने में जुटा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग देशभर में मतदाता सूची से डुप्लिकेट नाम हटाने के अभियान में जुटा है। इस बीच, मंगलवार को सरकारी सूत्रों ने साफ किया कि मतदाताओं के लिए आधार नंबर देना पूरी तरह स्वैच्छिक रहेगा, और इसमें कानून के तहत कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। साथ ही ये भी बताया गया कि चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 के तहत, मतदाताओं द्वारा चुनाव अधिकारियों को आधार जानकारी देना जरूरी नहीं है, बल्कि यह उनकी मर्जी पर निर्भर करता है। यह बयान तब आया जब कुछ लोगों ने पूछा कि क्या आधार साझा करना अनिवार्य किया जा सकता है और अगर कोई मतदाता जानकारी नहीं देता तो क्या उसे कारण बताना होगा। इस सवाल के जवाब में सूत्रों का कहना है कि अभी तक ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है, और न ही किसी नए नियम को जोड़ने की योजना है। बता दें कि इस मुद्दे पर जारी बहस के बीच चुनाव आयोग पहले ही कह चुका है कि वह जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिकारियों के साथ समन्वय कर मतदाता सूची को नियमित रूप से अपडेट करेगा। इसके अलावा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के बीच मतदाता सूची और आधार लिंक करने को लेकर विचार-विमर्श जल्द शुरू होगा। हालांकि, आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि एक मतदाता केवल उसी मतदान केंद्र में वोट डाल सकता है, जहां उसका नाम दर्ज है।




# मेरा लक्ष्य सिर्फ भाजपा-आरएसएस को हराना नहीं, देश-प्रदेश बदलना है : राहुल गांधी

- बिहार और यूपी में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा इंडिया गठबंधन : राहुल



**रायबरेली।** नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मेरा पहला लक्ष्य भाजपा-आरएसएस को हराने का है लेकिन हम उत्तर प्रदेश और हिंदुस्तान को बदलना चाहते हैं। मौजूदा जो केंद्र व प्रदेश सरकार चल रही है, उससे देश का विकास रुक गया है। बेरोजगारों से रोजगार छिन गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिए बगैर राहुल ने कहा कि देश में अरबपतियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। आप लोगों के पास यह जो मोबाइल है, वह अंबानी का है। मैसेज भी भेजते हो तो उसका फायदा उनको मिलता है। राहुल मंगलवार की शाम करीब पांच बजे मुराईबाग डलमऊ में फतेहपुर रोड स्थित एक गेस्ट हाऊस में बूथ कार्यकर्ता सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने बूथ अध्यक्षों का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकर्ता को बब्बर शेर बनकर काम करना होगा। गुजरात मॉडल के आधार पर हम काम करेंगे। जो काम करेगा वही कार्यकर्ता रहेगा। राहुल ने तीन प्रकार के घोड़े को हवाला देते हुए कहा कि पार्टी में तीन प्रकार के घोड़े होते हैं। एक रेस वाला, दूसरा शादी वाला और तीसरा लंगड़ा। हमें रेस वाले घोड़े की जरूरत है। लंगड़े घोड़े की जरूरत नहीं है। ऐसे में रेस के घोड़े को रेस में दौड़ाएंगे। शादी के घोड़े को शादी और लंगड़े घोड़े को बीजेपी में दौड़ाएंगे। लोकसभा के चुनाव में उन्होंने जिस तरह काम किया और जीत दिलाई, उसके लिए हम सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं। इस दौरान राहुल को अपने बीच पाकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। राहुल ने बूथ अध्यक्षों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर अमेठी सांसद केएल शर्मा, संजय श्रीवास्तव, सुधा द्विवेदी और अशोक सिंह, संदीप चौधरी मौजूद रहे। बूथ कार्यकर्ता सम्मान समारोह में राहुल गांधी ने आगामी चुनाव की तैयारी पर चर्चा करते हुए कहा कि यदि हमें दिल्ली में अपनी सरकार बनानी है तो उत्तर प्रदेश और बिहार में मजबूत होना पड़ेगा। आगामी चुनाव में इंडिया गठबंधन बिहार एवं उत्तर प्रदेश में मजबूती के साथ आएगी और हम चुनाव जीतेंगे। बीजेपी को आड़े हाथों लेते हुए राहुल ने कहा कि आने वाले चुनाव में उत्तर प्रदेश में बीजेपी का सफाया होना तय है। पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी यदि कार्यकर्ता बनकर काम करेगा तो पार्टी मजबूत होगी। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आपका काम चुनाव लड़ाना है।

# बिल्डरों और बैंकों के बीच गठजोड़ की जांच जरूरी, सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

- सुपरटेक लिमिटेड से शुरू होगी जांच




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि बिल्डरों और बैंकों के बीच गठजोड़ की जांच जरूरी है। कोर्ट ने सीबीआई को सुपरटेक लिमिटेड के एनसीआर (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम समेत अन्य जगहों पर) में चल रहे प्रोजेक्ट्स की जांच करने का आदेश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष हजारों फ्लैट खरीदने वालों की याचिकाएं आई थीं। जिसमें आरोप लगाया कि, उन्होंने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम जैसे इलाकों मेंसुपरटेक और अन्य बिल्डरों के प्रोजेक्ट्स में फ्लैट बुक कराए थे। बुकिंग सबवेंशन स्कीम के तहत की गई थी, जिसमें बैंक बिल्डर को 60-70 प्रतिशत लोन की रकम सीधे दे देते थे। लेकिन फ्लैट समय पर नहीं बने और अब बैंक उनसे ईएमआई वसूल रहे हैं, जबकि उन्हें अभी तक फ्लैट का कब्जा नहीं मिला है। मामले में शीर्ष न्यायालय ने इसे अशुद्ध गठजोड़ करार दिया और कहा कि यह आम लोगों को धोखा देने का मामला है। सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने सीबीआई को निर्देश दिया कि-सुपरटेक प्रोजेक्ट्स में हो रही गड़बड़ियों की प्राथमिक जांच की जाए। वहीं इस मामले में यूपी और हरियाणा के डीजीपी को कहा गया कि वे सीबीआई को डीएसपी, इंस्पेक्टर और कॉन्स्टेबल की सूची दें ताकि विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जा सके। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कई विभागों को निर्देश दिया है कि वे इस जांच में सहयोग करें। इसमें नोएडा अथॉरिटी, ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) शामिल हैं। इन सभी को अपने वरिष्ठ अधिकारियों में से एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा गया है जो एसआईटी का सहयोग करेंगे। मामले में अब सीबीआई एक रोडमैप तैयार करेगी जिसमें यह बताया जाएगा कि बिल्डर-बैंक गठजोड़ कैसे काम करता था? और किस तरह से बैंकों ने बिना गारंटी के बिल्डरों को पैसे दिए? जिसमें हजारों खरीदारों को कैसे ठगा गया? राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में घर खरीदारों द्वारा दायर याचिकाओं में दावा किया गया था कि बिल्डरों / डेवलपर्स द्वारा देरी के कारण उन्हें फ्लैटों का कब्जा प्राप्त किए बिना ईएमआई का भुगतान करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

## जम्मू के अखनूर सेक्टर में की गोलीबारी, सीमा पर बढ़ा तनाव

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को शह दे रही पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी का दायरा बढ़ा रही है। पाकिस्तानी सेना ने कुपवाड़ा, बारामूला सेक्टरों के साथ सोमवार देर रात को जम्मू जिला के अखनूर सेक्टर में भी गोलीबारी की है। पहलगाम में आतंकी हमले से उपजे हालात में पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर में लगातार पांचवीं रात नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। ऐसे में सीमा पार से गोलीबारी, घुसपैठ जैसी साजिशों को नकारने के लिए कड़ी सर्तकता बरतने के साथ सेना पहाड़ी जिलों में सक्रिय आतंकवादियों को मार गिराने के लिए भी बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर रही है। जम्मू के पीआरओ डिफेंस लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि को पाकिस्तान की ओर से अकारण गोलीबारी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि विभिन्न जिलों में भारतीय सेना ने उकसावे के लिए की गई इस गोलीबारी का संतुलित व प्रभावी तरीके से जवाब दिया। उन्होंने सीमा पार से भारतीय इलाकों पर की गई इस गोलीबारी में किसी प्रकार का कोई नुकसान होने से इंकार किया है। इसी बीच जम्मू कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा व नियंत्रण रेखा पर दुश्मन की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने वाले सीमा सुरक्षा बल के प्रहरियों व सेना के जवानों का मनोबल उंचा है।

## भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए जस्टिस बीआर गवई

- 14 मई को संभालेंगे पद



**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को मंगलवार को भारत का अगला प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति गवई 14 मई को सीजेआई का पदभार संभालेंगे। मौजूदा सीजेआई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का 13 मई को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। जस्टिस गवई उनकी जगह लेंगे। जस्टिस गवई देश के दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश हैं। कानून मंत्रालय ने जस्टिस गवई की भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी की है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनका नाम 16 अप्रैल को सीजेआई खन्ना द्वारा केंद्र सरकार को सिफारिश के रूप में भेजा गया था। जस्टिस गवई का कार्यकाल छह महीने का होगा और वह 23 दिसंबर को 65 वर्ष की आयु पूरी करने पर सेवानिवृत्त होंगे। जस्टिस गवई देश के दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश होंगे। उनसे पहले जस्टिस केजी बालाकृष्णन भारत के मुख्य न्यायाधीश बने थे। जस्टिस बालाकृष्णन साल 2007 में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे। जस्टिस गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने 30 साल से ज्यादा समय से जेल में बंद दोषियों की रिहाई को मंजूरी दी, यह मानते हुए कि तमिलनाडु सरकार की सिफारिश पर राज्यपाल ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।

# जम्मू कश्मीर घूमने जा रहे सैलानियों को बड़ा झटका, 48 पर्यटक स्थल बंद

**जम्मू-कश्मीर सरकार ने खुफिया सूचना के बाद लिया फैसला**



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद बड़ा फैसला लिया है। जम्मू-कश्मीर में खुफिया सूचना के बाद 87 में से 48 पर्यटन स्थल बंद कर दिए हैं। सुरक्षा एजेंसियों की सिफारिश पर उमर सरकार ने यह फैसला लिया है।

आतंकी हमलों की संभावना के बारे में खुफिया एजेंसियों की चेतावनी के बाद कश्मीर में 87 में से 48 पर्यटक स्थलों को बंद किया गया है। सूत्रों के अनुसार, पहलगाम हमले के बाद घाटी में कुछ स्लीपर सेल सक्रिय हो गए हैं, उन्हें गतिविधि शुरू करने के निर्देश दिए हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी। 26 मृतकों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जबकि दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं। हमले में करीब 14 लोग घायल हुए हैं। इस कायराना हमले की जिम्मेदारी पहले पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-ताइबा से जुड़े गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। हालांकि बाद में टीआरएफ ने सफाई दी थी कि हमले से हमारा कोई वास्ता नहीं हैं। इस हमले को अंजाम नहीं दिलाया। फरवरी, 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद से जम्मू-कश्मीर में यह सबसे बड़ा आतंकी हमला है। उस हमले में सीआरपीएफ के 47 जवान मारे गए थे। कश्मीर में पर्यटकों के लिए फिलहाल बंद प्रमुख पर्यटक स्थल कश्मीर में सुरक्षा कारणों के कारण कई प्रमुख पर्यटक स्थल वर्तमान में पर्यटकों के लिए बंद कर दिए गए हैं।

**तोहफा**

## सीएम योगी ने दी देवरिया को 676 करोड़ रुपये की सौगात

# विकास का कोई विकल्प नहीं होता : योगी

- 11.31 करोड़ की लागत से नवनिर्मित राजकीय महाविद्यालय का किया लोकार्पण



**देवरिया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद के देसही देवरिया ब्लाक अन्तर्गत पड़ियापार में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर जनपद को 676 करोड़ 32 लाख रुपये की लागत वाली 501 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने 11.31 करोड की लागत से नवनिर्मित राजकीय महाविद्यालय का लोकार्पण फीता काटने के साथ किया। मुख्यमंत्री आदित्यानाथ ने अपने सम्बोधन में देवरिया सहित पूरे उत्तर प्रदेश के लोगों को अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारे सनातन धर्म में अक्षय तृतीया तिथि को अत्यंत पवित्र माना गया है। देवरिया जनपद में बीते वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पहले जहां त्योहारों के समय भय का वातावरण होता था, आज वहां शांति और सौहार्द है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज दंगा-मुक्त और माफिया-मुक्त राज्य बन चुका है। हम इसी विकास यात्रा को गति देने के लिए यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि चार मंजिला इस डिग्री कॉलेज में एक साथ कला, वाणिज्य और विज्ञान की कक्षाएं संचालित होंगी। पथरदेवा में वाणिज्य की कक्षायें भी प्रस्तावित हैं तथा गौरीबाजार के राजकीय महाविद्यालय की सुदृढीकरण/ निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। दिमागी बुखार (इंसेफेलाइटिस) जैसी जानलेवा बीमारी से अब निजात मिल गई है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब हाईवे, मेट्रो, रोपवे और विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे वाले राज्य के रूप में नई पहचान बना रहा है। गोरखपुर से सिल्चर तक एक नया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे प्रस्तावित है। यह एक्सप्रेसवे दिल्ली तक की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। गोरखपुर से शामली को भी एक्सप्रेस-वे से जोड़ने की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिससे सीधे दिल्ली तक की यात्रा सुलभ होगी। सड़क विकास के तहत देवरिया-हाटा मार्ग के चौड़ीकरण, देवरिया-कसया और देवरिया-पडरौना मार्ग को फोरलेन बनाने की योजनाएं भी सरकार की प्राथमिकता में हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यदि देवरिया की चीनी मिल से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित न होता, तो अब तक शुगर कॉम्पलेक्स बन गया होता, इसके लिए धन आरक्षित रखा गया है। सरकार लगातार इस मामले की पैरवी भी उच्चतम न्यायालय में कर रही है। किसान, जो हमारे अन्नदाता हैं, उनकी स्थिति में आज काफी सुधार हुआ है। सरकार सभी को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दे रही है।

महिलाएं, बेटियां और व्यापारी अब खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। दंगाइयों और माफियाओं को उनकी ही भाषा में जवाब दिया जा रहा है। विकास का कोई विकल्प नहीं होता। जनप्रतिनिधियों के विकास की सोच से ही कॉलेज और आईटीआई जैसे संस्थानों का निर्माण होता है। महर्षि देवरहा बाबा के नाम पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ है, जिसमें नर्सिंग कॉलेज का निर्माण भी शुरू किया जा रहा है। बेटियों को इसकी पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें रोजगार के समुचित अवसर मिलेंगे।

# आतंकवाद के खिलाफ

जम्मू काश्मीर में हुये आतंकवादी हमले कि आतंकवादियों को छोड़ेगे नहीं पता लगाकर दन्ड देगे। भारत के सभी राजनीतिक दलों ने ही पता लगाकर दन्ड देने की सहमति दी। भारत के सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफहर कारवाई और कोशिश को समर्थन देने का वादा कर एक जुटता दिखाई है। प्रधानमंत्री को आतंवादियों का पता लगा कर सज़ा देगे और सख्त सजा देगे। लोगो में इस कथन ने जोश भर दिया है। पूरे देश में प्रदर्शन हो रहे है मार्च निकाले जा रहे है। विश्व के महत्वपूर्ण राष्ट्र भारत के पक्ष में खड़े नजर आ रहे है। विश्व के महत्वपूर्ण राष्ट्रभारत के पक्ष में खड़े नजर आ रहे है। अब प्रधानमंत्री को अपनी घोषणा के अनुरूप कार्यवाई कर दिखना होगा कि आतंकवादियों के खिलाफकरवाई कर सजा दी जा रही है।

आर्तंकियो को पाकिस्तान का समर्थन छुपा नही है। यद्यपि वह खुद भी आतंकवाद का शिकार हो रहा है। पाकिस्तान यह दिखाने की कोशिश कर रहा है। कि भारत के खिलाफकारवाई करने में वह भी सक्षम है। उसने भी भारत की तरह अपने खिलाफलगाये प्रतिबन्धों के खिलाफप्रतिबन्ध लगाने की घोषणा की है। पाक के मुनीर का कहना दो राष्ट्र का सिद्धान्त सही है हिन्दू मुसलमान दो है, दोनो के धर्म अलग है। संसद अलग है, साथ साथ नहीं रह सकते। पाक को याद रखना चाहिये के पाक के निर्माता जिन्ना ने बंटवारे का भयानक परिदृश्य देख खेद प्रकट किया था कि यह बटवारा कराकर उन्होने बहुत बड़ी गल्ती की है। पास्तिानियों को कयादेअदम के उद्गार को मन्त्र बना लेना लेना चाहिये। वह काशमीरियत की संस्कृति को नष्ट कर हिन्दू मुस्लिम अलगाव पैदा करना चाहता है। आतंकीवादी गुटो को प्राश्रय दे भारत के खिलाफउकसाता रहता है भारत की सीमा रेखा से घुसपैठ के लिये भेजता रहता है।

उस पर खुद आतंकी हमले हो रहे है। पाक अधिकृत कश्मीर को लोग भारत में अपना विलय चाहते है, मोदी जिन्दाबाद के नारे लगाते रहे है। पाक को सोचना चाहिये कब तक फेल स्टेट बना रहेगा जबकि भारत हर तरह के सकारात्मक मदद के लिये तैयार है। कभी हम दोनो एक वतन के थे बटवारे ने अलग थलक कर दिया है पर भावनायें अभी पूरी तरह अलग नहीं हुई है। नये जेनरेशन का भी एक दूसरे प्रति लगाव और खिचाव है।

भारत ने शिमला समझौते सहित अन्य समझौता तो के रोकते हुये पानी के बटवारे को भी रोक दिया है। जवाब में पाक ने भी सारे समझौते समाप्त कर पानी के रोकने को पाक पर हमला मान रहा है। पाक भारत की कारवाई को पाक पर हमला मान रहा है। पाकिस्तान के समझना चाहिये अतंक के संरक्षण की नीति से उसे कोई फायदा नही मिलने वाला है। वह हमेशा फेल स्टेट ही बना रहेगा। पाक को अपने नागरिकों की चिन्ता नही है, जो भूखो मर रही है। अपने ऊपर लदे ऋण के बोझ की कोई चिन्ता नही है। ऋण लेकर ऋण चुकाने की नीति पर चल रहा है।

पाकिस्तान के आंतकी ढाचे को हमेशा के लिये खत्म करना जरूरी है भारत को अपने हितों के लिये। अभी तो पाकिस्तानी वीसा धारको को वापस भेजा जा रहा है। पाक भी अपने यहां के हिन्दू वीसा धारको को वापस जाने का आदेश दिया है। अन्तराष्ट्रीय समुदाय के सशत्र शान्ती प्रेमी राष्ट्रे को विश्व शान्ती के पक्ष में पाकिस्तानी प्रयासों को खत्म कराने के लिये प्रभावी कदम उठाने चाहिये। युवाओं को शान्त नहीं बैठना चाहिये।

# ‘उपयोग द्वारा वक्फ’ की समाप्ति और वक्फनामा की अनिवार्यता - अवैध नियंत्रण का भ्रम निराधार

**सरवर नईम बिलग्रामी**

हाल ही में पारित वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 में ‘उपयोग द्वारा वक्फ’ (Waqf by User) की अवधारणा को समाप्त करने और वक्फनामा (Waqf deed) को अनिवार्य बनाने के प्रावधान को लेकर कुछ आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। यह गलत धारणा फैलाई जा रही है कि इसके माध्यम से सरकार वक्फ जमीनों पर अवैध नियंत्रण स्थापित करना चाहती है और मस्जिदों, मदरसों और कब्रिस्तानों जैसी अल्लाह के नाम पर दान की गई संपत्तियों को हड़प लेगी। यह आरोप पूरी तरह से निराधार और तथ्यों से परे है।

यह समझना आवश्यक है कि वक्फ संशोधन अधिनियम (डब्ल्यूएए) उन संपत्तियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है जो अधिनियम के प्रारंभ होने से पहले ही वक्फ बोर्डों के साथ पंजीकृत हैं। यह अधिनियम भविष्यलक्षी है, भूतलक्षी नहीं। इसका अर्थ है कि जो मस्जिदें, मदरसे और कब्रिस्तान आदि पहले से पंजीकृत हैं, उनमें किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। इसलिए, ‘उपयोग द्वारा वक्फ’ वाली संपत्तियां, जो लंबे समय से उपयोग में हैं और पंजीकृत हैं, उन्हें इस अधिनियम के लागू होने के बाद किसी भी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।

‘उपयोग द्वारा वक्फ’ की अवधारणा, जिसमें केवल लंबे समय तक उपयोग के आधार पर किसी संपत्ति को वक्फ मान लिया जाता था, कानूनी जटिलताओं और विवादों का कारण बनती थी। कई मामलों में, वास्तविक स्वामित्व अस्पष्ट रहता था और संपत्तियों के दुरुपयोग की संभावना बनी रहती थी। वक्फनामा की अनिवार्यता इस अस्पष्टता को दूर करने और वक्फ संपत्तियों के स्पष्ट और वैध अभिलेख को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अतिरिक्त, इस्लाम में भी लिखित दस्तावेज के महत्व पर जोर दिया गया है। पवित्र कुरान (सूरह-ए-बकरा) में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि यदि कोई व्यक्ति कोई प्रतिबद्धता करता है, तो उसे लिखित रूप में होना चाहिए। उदाहरण के लिए, निकाहनामा भी एक लिखित दस्तावेज है जो विवाह के अनुबंध को प्रमाणित करता है। इस इस्लामी सिद्धांत के अनुरूप, वक्फनामा को अनिवार्य बनाना वक्फ संपत्तियों की वैधता और पारदर्शिता को सुनिश्चित करने में सहायक होगा। यह वक्फकर्ता की इच्छाओं को स्पष्ट रूप से दर्ज करेगा और भविष्य में होने वाले किसी भी विवाद को रोकने में मदद करेगा।

यह आरोप लगाना कि सरकार मस्जिदों, मदरसों और कब्रिस्तानों को हड़प लेगी, पूरी तरह से दुर्भावनापूर्ण है। अधिनियम का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और उचित प्रबंधन सुनिश्चित करना है, न कि उन्हें छीनना। वक्फ बोर्ड, जिसमें मुस्लिम समुदाय के सदस्य शामिल होते हैं, इन संपत्तियों के संरक्षक बने रहेंगे। अधिनियम केवल यह सुनिश्चित करता है कि वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन कानून के दायरे में हो और उनका उपयोग उन उद्देश्यों के लिए किया जाए जिनके लिए उन्हें वक्फ किया गया था। ‘उपयोग द्वारा वक्फ’ की समाप्ति और वक्फनामा की अनिवार्यता वास्तव में वक्फ संपत्तियों को अवैध कब्जों और दुरुपयोग से बचाने में मदद करेगी। यह वक्फ संस्थानों को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनाएगा, जिससे अंततः मुस्लिम समुदाय को ही लाभ होगा। वक्फ संपत्तियों का उचित रखरखाव और प्रबंधन समुदाय के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

इसलिए, मुस्लिम समुदाय को इस अधिनियम के प्रावधानों को सही परिप्रेक्ष्य में समझना चाहिए। ‘उपयोग द्वारा वक्फ’ की समाप्ति और वक्फनामा की अनिवार्यता वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और बेहतर प्रबंधन के लिए आवश्यक कदम हैं। यह किसी भी तरह से सरकार द्वारा वक्फ जमीनों पर अवैध नियंत्रण स्थापित करने या धार्मिक संपत्तियों को हड़पने का प्रयास नहीं है। इसके विपरीत, यह अधिनियम वक्फ संपत्तियों को कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है और उनके दुरुपयोग को रोकने में सहायक होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए ‘अवधनामा’ जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**जब पहलगाम को लेकर पाकिस्तान के खिलाफ जब पूरे देश में गुस्सा है। हर कोई सबक सिखाये जाने की मांग कर रहा है, लेकिन राजनीतिक गलियारों से ऐसी बातें सामने आ रही हैं जिस पर दलगत राजनीति हावी लग रही है। कहने को तो कांग्रेस सहित देश के सभी विपक्षी दलों ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के मामले में हर कदम पर केंद्र सरकार के सपोर्ट का भरोसा दिलाया है, लेकिन कुछ नेताओं के ऐसे भी बयान आ रहे हैं, अलग पॉलिटिकल लाइन दिखा रहे है। पहलगाम हमले के बाद देश भर में पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग जोर शोर से हो रही है।**

# ये वक्त देश को मजबूत करने का

पहलगाम नरसंहार देश की आत्मा, अस्तित्व और संप्रभुता पर हमला था। उसे तनिक भी भुलाया नहीं जा सकता। भारत को हिंदू और मुसलमान में विभाजित कर आघात नहीं किया जा सकता। हम ऐसा आघात बर्दाश्त नहीं करेंगे, क्योंकि राष्ट्र के सवाल पर सभी समुदाय एकजुट हैं। पहलगाम


डॉ. ओपी त्रिपाठी

नरसंहार के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। उसमें सवाल जरूर उठे होंगे, लिहाजा मोदी सरकार ने खुफिया-सुरक्षा चूक को भी स्वीकार किया। जो नेता कट्टरपंथी किस्म के दिखाई देते हैं, आज वे भी सरकार के साथ हैं और प्रधानमंत्री मोदी के किसी भी फैसले का समर्थन कर रहे हैं। वक्फ जैसा संवेदनशील मुद्दा नेपथ्य में डाल दिया गया है। फिलहाल आतंकवाद पर आंख गड़ी है और उसे सबक सिखाना है।

प्रधानमंत्री ने ‘मन की बात’ के जरिए नरसंहार के पीड़ित परिवारों के साथ अपनी व्यथा और अपना गुस्सा साझा किए हैं। एक बार फिर उन परिवारों को आश्वस्त किया गया है कि न्याय जरूर मिलेगा। हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब जरूर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री को एहसास है कि हर भारतीय का खून, आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर, खौल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के इस आश्वासन पर भरोसा करना चाहिए। हमले के तुरंत बाद आतंकियों और उनके आकाओं पर पलटवार के तौर पर हमला नहीं किया जा सकता। यह भी कूटनीतिक और सामरिक रणनीति का हिस्सा है। दिल्ली से कश्मीर तक बैठकों और गहन जांच के दौर जारी हैं। जांच में इसरो को भी शामिल किया गया है। 10 आतंकियों के घर जमींदोज कर दिए गए हैं। कुछ घरों में विस्फोटक भी दिखे हैं। करीब 2000 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। तीनों सेनाओं के प्रमुख और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच 40 मिनट की मुलाकात हुई।

जाहिर है कि पाकिस्तान पर हमले के प्रारूपों पर विमर्श हुआ होगा! दुनिया के 40-45 देशों के राष्ट्राध्यक्षों, राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों आदि ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत की है और आतंकवाद के खिलाफ भारत को भरपूर समर्थन दिया है। प्रमुख मुस्लिम देश भी भारत के साथ खड़े हैं। चीन, तुर्किये सरीखे देशों ने भी पाकिस्तान को सार्वजनिक समर्थन नहीं दिया है। वे पाकिस्तान की फितरत और हकीकत जानते हैं। क्या कुछ विपक्षी दलों को ये गतिविधियां दिखाई नहीं देती हैं? यह सवालों का नहीं, राष्ट्र के तौर पर एकजुट दिखने का समय है। प्रधानमंत्री का सर्वदलीय बैठक में न आ पाना कोई बुनियादी सवाल नहीं है। बैठक में रक्षा मंत्री और गृह मंत्री थे, जो सुरक्षा और खुफिया संबंधी सवालों के प्रति पूरी तरह जवाबदेह होते हैं। क्या उनकी मौजूदगी महत्वपूर्ण नहीं थी? जब पहलगाम को लेकर पाकिस्तान के



खिलाफ जब पूरे देश में गुस्सा है। हर कोई सबक सिखाये जाने की मांग कर रहा है, लेकिन राजनीतिक गलियारों से ऐसी बातें सामने आ रही हैं जिस पर दलगत राजनीति हावी लग रही है। कहने को तो कांग्रेस सहित देश के सभी विपक्षी दलों ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के मामले में हर कदम पर केंद्र सरकार के सपोर्ट का भरोसा दिलाया है, लेकिन कुछ नेताओं के ऐसे भी बयान आ रहे हैं, अलग पॉलिटिकल लाइन दिखा रहे है। पहलगाम हमले के बाद देश भर में पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग जोर शोर से हो रही है।

कुछ बड़ा होने वाला है। पहलगाम हमले के बाद से अक्सर ऐसी ही चर्चा चल रही है. पाकिस्तान के खिलाफ केंद्र सरकार ने सिंधु जल संधि और अटारी बॉर्डर को लेकर कुछ सख्त कदम भी उठाया है। सरहद पार से भी हर हलचल की खबर आ रही है। पाकिस्तान सरकार की तरफ से भी लगातार बयान आ रहे हैं। दिल्ली से लेकर बॉर्डर तक जगह जगह हाई अलर्ट भी देखने को मिल रहा है। केंद्र सरकार ने पहलगाम अटैक पर बीबीसी की कवरेज पर आपत्ति जताई है और भारत में बीबीसी के प्रमुख जैकी मार्टिन को पत्र भी लिखा है। बीबीसी को चेतावनी दी गई है, और ऐसे ही 17 पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनलों पर भी पाबंदी लगाई गई है। सरकार का कहना है कि ये चैनल देश और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ झूठी और भ्रामक बातें कर रहे हैं। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर का यू-ट्यूब चैनल भी इनमें शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने की घोषणा की है- लेकिन, पार्टी-पॉलिटिक्स का अपना अलग ही मिजाज है, और वो चालू है। शुरुआत तो रॉबर्ट वाड्रा से हुई थी, लेकिन मणिशंकर अय्यर और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया भी उसी रास्ते पर चल पड़ें अब तो महाराष्ट्र के कांग्रेस विधायक विजय वेट्टीवार और जम्मू-कश्मीर के सैफुद्दीन सोज भी उस लिस्ट में शामिल हो चुके हैं। कांग्रेस की कर्नाटक सरकार में मंत्री आरबी तिम्मापुर तो आतंकवादियों के धर्म पूछ कर गोली मारने की बात को ही सिरे से खारिज कर दे रहे हैं। आरबी तिम्मापुर का कहना है, मुझे लगता है कि जब वे आतंकी हमला कर रहे थे, तब उन्होंने धर्म के बारे में नहीं पूछाज अगर उन्होंने पूछा भी होता तो धर्म के आधार पर मुद्दे का राजनीतिकरण करने के लिए इस तरह के बयान का इस्तेमाल करने का पागलपन नहीं होना चाहिए।

राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे भले ही पहलगाम पर केंद्र सरकार के हर फैसले के साथ खड़े हों, लेकिन सिद्धारमैया का कहना है कि पाकिस्तान के साथ युद्ध की कोई जरूरत नहीं हैज हम इसके पक्ष में नहीं हैं, हमें अपनी सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने चाहिये। अपने बयान पर बवाल मचने के बाद अब सिद्धारमैया सफाई दे रहे हैं, मैंने कभी नहीं कहा कि भारत को पाकिस्तान के साथ युद्ध नहीं करना चाहियेज मैंने सिर्फ इतना कहा कि युद्ध समाधान नहीं हैज पर्यटकों को सुरक्षा दी जानी चाहिए थी, जिम्मेदारी किसकी है? और अब कह रहे हैं, अगर जरूरत पड़े तो हमें जंग करनी चाहिए, और हमें पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना चाहिये कि वे फिर कभी ऐसी लापरवाह हरकतें करने की हिम्मत न करे।

एक किताब के विमोचन के मौके पर कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने 22 अप्रैल के पहलगाम अटैक को ‘विभाजन के अनसुलझे सवालों’ का नतीजा बताया था। और, अय्यर की की सलाह थी, हमें सवालों के जवाब खोजने चाहिये, किसी भी मुसलमान से पूछेंगे तब भी जवाब मिल ही जाएंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता सैफुद्दीन सोज तो बाकियों से चार कदम आगे ही नजर आ रहे हैं। सैफुद्दीन सोज कहते हैं, अगर पाकिस्तान कह रहा है कि पहलगाम अटैक में वो शामिल नहीं है, तो हमें उसकी बात मान लेनी चाहिये। यह युद्ध की संभावनाओं पर सोचने और रणनीति तैयार करने का समय है। मोदी सरकार पर देशवासियों को पूरा भरोसा है। इसलिए देश से प्रेम करने वाले नागरिक सरकार से सवाल करने की बजाय उस समय का इंतजार कर रहे हैं।

# भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार थे

**श्रीमद्भागवत में दृष्टांत है कि गंधर्व चित्ररथ को अप्सराओं के साथ बिहार देख कर हवन हेतु गंगा तट पर जल लेने गईं रेणुका आसक्त हो गईं और कुछ देर वहां रुक गईं हवन काल व्यतीत हो जाने से क्रोधित जमदग्नि ने अपनी पत्नी के आर्य मर्यादा विरोधी आचरण एवं मानसिक व्यभिचार करने के दंड स्वरूप सभी पुत्रों को रेणुका का वध करनेकी आज्ञा दी। उनके चारों पुत्रों ने मोह बस ऐसा नहीं किया। जमदग्नि ने चारों पुत्रों कोश्राप दे दिया जिससे उनकी विचार शक्ति नष्ट हो गई। फिर वहां परशुराम आ गए और उन्होंने पिता का आदेश पाकर तुरंत अपनी माता रेणुका का वध कर दिया। महर्षि उनके कार्य से बहुत प्रसन्न हुए और परशुराम से वर मांगने के लिए कहा परशुराम ने अपने पिता से माता रेणुका को जीवित करने और चारों भाइयों की विचार शक्ति ठीक करने के लिए कहा।**

भगवान परशुराम जी को विष्णु के 10 अवतारों में से छठा अवतार ‘आवेश अवतार’ माना जाता है। भगवान परशुराम का जन्म सतयुग और त्रेता के संधि काल में 5142 वि .पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन प्रथम प्रहर प्रदोषकाल में हुआ था। परशुराम के पिता जमदग्नि ऋचीक-सत्यवती के पुत्र थे ऋषि की पत्नी सत्यवती राजा गाधि (प्रसेन जित) की


ओमप्रकाश ‘सुमन’

पुत्री और विश्वामित्र (ऋषि विश्वामित्र)की बहन थी। परशुराम जमदग्नि के पांचवें पुत्र थे। जमदग्नि ऋषि थे पर रेणुका जो क्षत्रिय कुल से थीं इन के पुत्र परशुराम एक ब्राह्मण कुल में पैदा हुए थे पर उनका स्वभाव क्षत्रियों जैसा था और वह शस्त्र विद्या में निपुण थे। उन्हें भगवान शिव से परशु फरसा/ कुल्हाड़ी नामक एक शस्त्र प्राप्त हुआ था जिससे उनका नाम परशुराम पड़ गया।

परशुराम के जन्म स्थान पर विद्वान साहित्यकारों में कुछ मतभेद है साहित्यकार शिवकुमार कौशिकेय के अनुसार परशुराम का जन्म उप्र में वर्तमान बलिया के खैराडीह स्थान पर हुआ था अपनी शोध व खोज में उन्होंने साक्ष्य प्रस्तुत किये हैं। एक अन्य किंवदंती के अनुसार मध्य प्रदेश के इंदौर के पास महू से कुछ दूरी पर स्थित जनापाव पहाड़ी पर भगवान परशुराम का जन्म हुआ था ।तीसरी मान्यता के अनुसार छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घने जंगलों के बीच कलचा गांव में परशुराम का जन्महआ था।

चौथी मान्यता है कि उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर-जलालाबाद में जमदग्नि आश्रम से लगभग 2 किलोमीटर पूर्व दिशा में हजारों साल पुराने मंदिर के अवशेष मिले हैं जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली कहा जाता है।



प्राचीन काल में गुरुओं का सबसे अधिक महत्व था अतः प्रश्न उठता है कि परशुराम जी के गुरु कौन थे। परशुराम को शास्त्रों की शिक्षा के दादा ऋचीक, पिता जमदग्नि तथा शस्त्र चलाने की शिक्षा पिता के मामा राजर्षि विश्वामित्र और भगवान शंकर से प्राप्त की थी। वह योग विद्या और नीति में पारंगत थे विभिन्न विद्यायों के संचालन में भी पारंगत थे। उन्होंने ऋषि विश्वामित्र एवं ऋचीक के आश्रम में शिक्षा प्राप्त की। अब हम भगवान परशुराम के शिष्यों पर भी चर्चा करते हैं क्योंकि गुरु के बाद शिष्यों की परंपरा आती है ।त्रेता से द्वापर युग तक परशुराम के लाखों शिष्य थे। महाभारत काल के वीर योद्धाओं में भीष्म, द्रोणाचार्य कर्ण आदि थे।अस्त्र शस्त्रों की शिक्षा देने वाले गुरु एवं शस्त्र व शास्त्रों की शिक्षा के धनी परशुराम का जीवन संघर्ष व विवादों से भरा रहा।

श्रीमद्भागवत में दृष्टांत है कि गंधर्व चित्ररथ को अप्सराओं के साथ बिहार देख कर हवन हेतु गंगा तट पर जल लेने गई रेणुका आसक्त हो गई और कुछ देर वहां रुक गई हवन काल व्यतीत हो जाने से क्रोधित जमदग्नि ने अपनी पत्नी के आर्य मर्यादा विरोधी आचरण एवं मानसिक व्यभिचार करने के दंड स्वरूप सभी पुत्रों को रेणुका का वध करनेकी आज्ञा दी। उनके चारों पुत्रों ने मोह बस ऐसा नहीं किया। जमदग्नि ने चारों पुत्रों कोश्राप दे दिया जिससे उनकी विचार शक्ति नष्ट हो गई। फिर वहां परशुराम आ गए और उन्होंने पिता का आदेश पाकर तुरंत अपनी माता रेणुका का वध कर दिया। महर्षि उनके कार्य से बहुत प्रसन्न हुए और परशुराम से वर मांगने के लिए कहा परशुराम ने अपने पिता से माता रेणुका को जीवित करने और चारों भाइयों की विचार शक्ति ठीक करने के लिए कहा। यह भी कहा कि इस घटना की किसी को स्मृति न रहे तथा अजेय होने का वरदान भी मांगा। महर्षि जमदग्नि ने उनकी सभी कामनाएं पूरी कर दीं।

कहा जाता है कि है हैहयवंशी राजाओं से युद्ध करके 21 बार धरती को क्षत्रियों से विहीन कर दिया था । पर यह आम धारणा सत्रय नहीं प्रतीत होती है। यह सच है कि जिन राजाओं के साथ इनका युद्ध हआ था उनमें से हैहयवंशी राजासहस्त्रार्जुन उनके सगे मौसा थे। जिनके साथ उनके पिता जमदग्नि का कई बातों का विवाद था जिनमें दो बड़े कारण थे जिनमें पहले कामधेनु और दूसरा रेणुका । परशुराम के समय हैहयबंशी राजाओं का अत्याचार था भार्गव और है हयवंशी राजाओं की पुरानी दुश्मनी चली आ रही थी। सहस्त्रबाहु भार्गव आश्रमों के ऋषियों को सताया करते थे। एक समय सहस्त्रबाहु के पुत्रों ने जमदग्नि के आश्रम की कामधेनु गाय को लेने की भावना से परशुराम के पिता का वध कर दिया था परशुराम की मां रेणुका पति की हत्या से विचलित हो कर चिता अग्नि में प्रविष्ट हो गई थीं। इस घोर घटना को लेकर परशुराम नेइस वंश के लोगों के 36 बार युद्ध करके उनको समूल नष्ट कर दिया ।पृथ्वी पर घूम-घूम कर 21 अभियानों में हैहयवंशी 64 राजवंशों का नाश भी किया गया।

भगवान परशुराम की उपस्थिति लगभग सभी युगों में देखी जाती है सतयुग में जब एक बार गणेश जी ने परशुराम को शिव दर्शन से रोक दिया तो क्रोधित होकर तो परशुराम ने परशु का प्रहार करके उनका एक दांत तोड़ दिया या था तभी से वह एक दांत कहलाए। त्रेता युग में जनक दशरथ आदि के सीता स्वयंवर में भी वह उपस्थित रहे हैं। द्वापर में उन्होंने कौरव सभा में कृष्ण का समर्थन किया और श्री कृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया इसी युग में सत्य वचन करने के दंड स्वरूप कर्ण को सारु विद्या भूल जाने का श्राप दिया था।

परशुराम साथ चिरंजीवियों में से एक हैं अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनुमान्श्च विभीषणः।, कृपः परशुरामश्च सप्तैते चिरंजीविनः।।

# आयुष्मान भारत योजना : स्वस्थ शुरुआत आशापूर्णा भविष्य

वैश्विक स्तरपर कोविड -19 महामारी के बाद स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्तता, अनिवार्यता व विशेषता का पता चला है,कि इसके बिना किस तरह लाखों लोगों की मौत हो सकती है, इस महामारी ने पूरी दुनियाँ को हिला डाला था,पूर्ण विकसित देशों में तो शायद सबसे अधिक मौतें हुई थी, इसलिए आज हर देश स्वास्थ्य सेवाओं व वैज्ञानिक तकनीक के महत्व पर बल देता है व मध्यम गरीब व निम्न आय वर्ग वालों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए अनेक योजनाएं भी अक्सर अनेक देशों में लागू की जा रही है। इन दिनों हम लोग



किशन भावनानी

जिस तरह की जीवनशैली जी रहे हैं, उसे देखकर ऐसा कहा जाए कि बीमारियां पैसे देखकर नहीं आती है, तो गलत नहीं होगा। प्रदूषण, खानपान, खाने में एडल्ट्रेशन का इस्तेमाल और फिजिकल वर्क आउट की कमी के कारण बीमारियां लोगों को कम उम्र में ही घेर लेती हैं। बीमारी किसी भी कारण से शरीर में आए, लेकिन जब बात इलाज की आती है, तो जेब खंगालनी ही पड़ती है। भारत जैसे विकासशील देशों में आज भी हर साल हजारों लोगों की मौत सिर्फ पैसों के कारण इलाज न मिलने की वजह से हो रही है। देश के सभी वर्गों को इलाज मिल सके, इसके लिए भारत सरकार द्वारा 2018 में आयुष्मान भारत योजना का शुभारंभ किया गया था। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक

**आयुष्मान भारत योजना को जानने की करें तो, आयुष्मान भारत दिवस आयुष्मान भारत योजना के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।यह योजना भारत सरकार के उन उद्देश्यों की पूर्ति को दर्शाती है जो संयुक्त राष्ट्र के तहत सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं। भारत की मोदी सरकार ने लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच बनाने के लिए इसी उद्देश्य से इस योजना को शुरू किया है ताकि भारत की बड़ी आबादी को बेहतर स्वास्थ्य और उपचार मिल सके।**

30 अप्रैल 2025 को आयुष्मान भारत योजना दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है जिसमें वर्ष 2025 की थीम स्वस्थ्य शुरुआत आशापूर्ण भविष्य रखी गई है। चूँकि भारत में निम्न आय वर्ग को सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना एक बेहतरीन पहल है व आयुष्मान योजना का उद्देश्य 50 करोड़ से अधिक नागरिकों कोगुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करके सुरक्षा प्रदान करना है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आयुष्मान भारत योजना दिवस 30 अप्रैल 2025, स्वस्थ शुरुआत आशापूर्ण भविष्य।

साथियों बात अगर हम आयुष्मान भारत योजना को जानने की करें तो, आयुष्मान भारत दिवस आयुष्मान भारत योजना के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।यह योजना भारत सरकार के उन उद्देश्यों की पूर्ति को दर्शाती है जो संयुक्त राष्ट्र के तहत सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं। भारत की मोदी सरकार ने लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच बनाने के लिए इसी उद्देश्य से इस योजना को शुरू किया है ताकि भारत की बड़ी आबादी को बेहतर स्वास्थ्य और उपचार मिल सके। इसमें गरीबी रेखा से नीचे की आबादी शामिल है जो आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का




खर्च उठाने में असमर्थ हैं और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ भी प्राप्त कर सकते हैं। आयुष्मान भारत दिवस आयुष्मान भारत योजना के इर्द-गिर्द घूमता है, इस दिन का मुख्य उद्देश्य भारत की एक बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सेवा लाभ प्रदान करना है जो अपने लिए आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं का खर्च नहीं उठा सकते हैं। आयुष्मान भारत से संबंधित अधिकारी हमारे देश के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए मैन्युअल रूप से विभिन्न योजनाओं और पहलों को लॉन्च करते हैं। यह दिन आयुष्मान भारत योजना के आदर्शों को बढ़ावा देता है।यह योजना भारत सरकार के उन उद्देश्यों की पूर्ति को दर्शाती है जो संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के तहत सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं। सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के संबंध में संयुक्त राष्ट्र का मुख्य लक्ष्य किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना है।

साथियों बात अगर हम आयुष्मान भारत योजना में 70 से अधिक बीमारियों का इलाज फ्री में करने की करें तो, केंद्र सरकार की इस योजना में आयुष्मान भारत योजना के तहत, लाभार्थी अस्पताल में भर्ती होने, डेकेयर प्रक्रियाओं और सर्जरी जैसी विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं का लाभ बिना पैसे खर्च किए उठा सकते हैं। इस योजना में पहले से मौजूद बीमारियां और गंभीर बीमारियां भी शामिल हैं। सरकार द्वारा जारी किए डाटा के अनुसार आयुष्मान योजना में 1393 परिभाषित पैकेज, एक संभावित सर्जिकल पैकेज और 24 विशेषज्ञ क्षेत्र शामिल हैं। इस योजना में कैंसर, हार्ट डिजीज, किडनी से जुड़ी बीमारियां, कोरोना, मोतियाबिंद, डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, घुटना और नी रिप्लेसमेंट, जलने से चोट लगना, नवजात शिशु को हुए रोग, जन्मजात विकार, मोतियाबिंद, सर्जिकल डिलीवरी, और मलेरिया समेत बीमारियों का इलाज सरकार अस्पतालों में किया जा सकता है।इनबीमारियों के अलावा डबल वाल्वरिप्लेसमेंट पीडियाट्रिक सर्जरी, प्रोस्टेट कैंसर, कोरोनरी आर्टरी बाईपास, पल्मोनरी वाल्व रिप्लेसमेंट, नी और हिप रिप्?लेसमेंट, स्कल बेस सर्जरी, टिश्यू एक्सपेंडर, रेडिएशन ओंकोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, एंजियोप्लास्टी जैसे सर्जरी को भी आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया गया है।

साथियों बात अगर हम दिल्ली में दिनांक 28 अप्रैल 2025 को उपरोक्त योजना की तर्ज पर आयुष्मान वय वंदन योजना की शुरुआत की करें तो, जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी के 70 वर्ष या उससे ज्यादा की आयु के नागरिकों को 10 लाख रुपये तक का फ्री इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। दिल्ली की सीएम और केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम में लाभार्थियों को पहला वय वंदना कार्ड वितरित किया। इस योजना के तहत सालाना पांच लाख रुपये की चिकित्सा सहायता निःशुल्क ऑफर की जाएगी। इस कार्ड में उनका पूरा हेल्थ रिकॉर्ड, नियमित स्वास्थ्य जांच की जानकारी और आपातकालीन सेवा का विवरण सुरक्षित रूप से स्टोरेज किया जाएगा। बता दें कि इस योजना से दिल्ली में करीब 36 लाख लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है।योजना दो कैटेगिरी (शहरी और ग्रामीण लाभार्थी) के लाभार्थियों को कवर करती है। राजधानी दिल्ली के 6.54 लाख गरीब परिवारों के करीब 30 लाख लोगों और 70 वर्ष से अधिक उम्र के करीब छह लाख बुजुर्गों, आशा वर्कर, आगंनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इसका फायदा मिलेगा। इस योजना के तहत दिल्ली में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए सभी स्वास्थ्य परीक्षण पूरी तरह से निःशुल्क किए जाएंगे।सीएम ने इससे पहले एक्सः पर पोस्ट किया था, बुजुर्गों की सेवा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अब, केंद्र और दिल्ली सरकारें मिलकर 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 10 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवरेज प्रदान कर रही हैं।

# सीबीसीटी मशीन से जनपद को मिलेगी चिकित्सा में बेहतर भूमिका : मंडलायुक्त

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** मंडलायुक्त विवेक कुमार ने कहा कि दंत चिकित्सा के क्षेत्र में आजमगढ़ में निरंतर विस्तार हो रहा है। इसमें आजमगढ़ डेंटल कॉलेज की अग्रणी भूमिका है। इस डेंटल कॉलेज ने आजमगढ़ मंडल में पहला सीबीसीटी मशीन लगाकर दंत चिकित्सा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। यह मशीन दंत चिकित्सा के लिए जहां मरीजों की चिकित्सा में बेहतर भूमिका अदा करेगी ,वहीं आने वाले दिनों में पूरे मंडल में दंत चिकित्सा के लिए मील का पत्थर साबित होगी। विवेक कुमार शनिवार की देर शाम को इटौरा चंडेश्वर स्थित आजमगढ़ डेंटल कॉलेज परिसर में दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नयी तकनीक की सीबीसीटी की मशीन का उद्घाटन कर डेंटल कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं व चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों को संबोधित कर रहे थे। मंडलायुक्त ने कहा कि पूरे शरीर में दांत पूरे व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है, क्योंकि किसी भी व्यक्ति से मिलने से पहले उसका चेहरा दिखता है और उसके बाद केंद्र बिंदु में दांत दिखाई देता है।दांत की साफ सफाई और उसका स्वास्थ्य पूरे शरीर के व्यक्तित्व की साफसफाई को दिखाता है और संस्कार



को भी प्रदर्शित करता है। इतना ही नही दांत पाचन तंत्र की शुरुआत का मुख्य मार्ग है। इसलिए स्वास्थ्य की दृष्टि से इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में यह संस्थान दंत चिकित्सा व अन्य क्षेत्रों में और भी बेहतर भूमिका का निर्वाह करेगा। उन्होंने इसके लिए संस्थान के प्रबंधन तंत्र ,प्राचार्य,शिक्षक शिक्षिकाओं को भी बधाई दी। इससे पूर्व ऑल इंडिया चिल्ड्रन केयर एजुकेशनल एंड डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मोहन त्रिपाठी ने मंडल आयुक्त विवेक अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व आजाद भगत का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस आयोजित समारोह को ऑल इंडिया चिल्ड्रन केयर एजुकेशनल एंड डेवलपमेंट सोसाइटी की अध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मोहन त्रिपाठी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि 2005 में जिस डेंटल कॉलेज की नींव रखी गई थी, आज वह पुष्पित और पल्लवित हो रहा है। इस संस्थान से शिक्षित डॉक्टर आजमगढ़ ही नहीं देश के कोने-कोने में दंत चिकित्सा क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कॉलेज की प्राचार्या डॉ अरुण दास ने सीबीसीटी मशीन की उपलब्धियां पर चर्चा की और कहा कि आजमगढ़ ही नहीं पूरा मंडल के दंत चिकित्सा से जुड़े डाक्टर और मरीज इस नई तकनीक की मशीन का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में निजी क्षेत्र के इस डेंटल कॉलेज में सीबीसीटी की यह मशीन अत्याधुनिक है , जो दंत चिकित्सा के लिए बेहतर कार्य करेगी। इस मौके पर डेंटल कॉलेज में पीजी तृतीय वर्ष की अध्ययनरत डाक्टर अर्चना सैनी ने इस नई तकनीक की मशीन सीबीसीटी के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला और इसके क्या क्या फायदे है उसकी पूरी जानकारी दी। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत के अलावा डिप्टी चेयरमैन इंजीनियर वेदांत त्रिपाठी,वाराणसी बीएचयू से पधारे आयुर्वेद विभाग के नाणी रोग विशेषज्ञ वैद्य प्रोफेसर सुशील दुबे, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर डीपी राय, एम डी फिजिशियन डॉक्टर एके राय, ऑर्थो के डॉक्टर जावेद अहमद सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

## धूमधाम के साथ मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव चंद्रमा ऋषि आश्रम स्थित श्री परशुराम मंदिर में अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण सभा, ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद, ब्राह्मण एकता परिषद, अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा इत्यादि संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर में स्थापित परशुराम जी की प्रतिमा का वैदिक रीति से पूजन कर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कवि पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन द्वारा रचित 'श्री परशुराम चालीसा' का विमोचन हुआ। चालीसा का विमोचन करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता अखिलेश मिश्रा गुड्डू और मनीष मिश्रा ने कहा कि भगवान विष्णु के छठवें अवतार योग, नीति एवं धनुर्विद्या के पारंगत भगवान परशुराम के जीवन से हमें अन्याय का विरोध करने की प्रेरणा मिलती है। नेता द्वय ने सराहनीय रचना के लिए कुंदन जी को बधाई दी।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस : सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को सही माना

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस में बड़ा मोड़ आया है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से हिंदू पक्ष की ओर से दी गई अनुमति को सही बताया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के क्रम में सोमवार को कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट का हिंदू पक्षकारों को केंद्र सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में पक्षकार बनाने की अनुमति देना पहली नजर में सही लगता है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से अब केंद्र सरकार और एएसआई भी अपना पक्ष कोर्ट के समक्ष रख सकेंगे।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 5 मार्च 2025 को दो मुकदमों में संशोधन की इजाजत दी थी। हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को गृह मंत्रालय (एमएचए) और एएसआई को भी प्रतिवादी बनाने की मंजूरी दी थी। हाई कोर्ट के निर्णय के सुप्रीम कोर्ट में




■ केंद्र-एएसआई को पक्षकार बनाना बताया उचित

चुनौती दी गई। मामले की सुनवाई के क्रम में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने कहा कि इस बदलाव में कोई बड़ी गलती नहीं दिखती। बदले हुए मुकदमे के जवाब दाखिल किए जा सकते हैं।

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि एक बात साफ है कि हिंदू याचिकाकर्ताओं की ओ से अपने मूल मुकदमों में किया गया संशोधन स्वीकार किया जाना चाहिए। हालांकि, अदालत ने शाही ईदगाह मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई फिलहाल टाल दी। इसे इस विवाद से जुड़ी दूसरी लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ दिया। फिलहाल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि की विवादित जमीन को लेकर अलग-अलग पक्षों की ओर से 15 से ज्यादा मुकदमे अदालतों में लंबित हैं, जिनमें दावों की आपस में टक्कर भी हो रही है। मस्जिद समिति ने यह भी दलील दी कि हाई कोर्ट ने संशोधन की मंजूरी देते समय एएसआई और गृह मंत्रालय को बिना औपचारिक आवेदन और बिना जरूरी प्रमाण के पक्षकार बना दिया।

# नेत्र रोगियों को 3 लाख की सहयोग राशि देने का लिया संकल्प



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा गांव अड़ींग में सेवा निधि समर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संस्थान के सेवा कार्य में जन सहयोग की अपील की गई। विश्व स्तरीय सुविधायुक्त चिकित्सा सेवाओं का लाभ लेने का आग्रह जन मानस से किया गया। ग्रामीणों ने करीब 3 लाख की सहयोग राशि का संकल्प विभिन्न नेत्र रोगियों के उपचार हेतु लिया। संस्थान महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने अपील की नेत्र संस्थान के दरवाजे हर तरह के रोगियों हेतु खुले हैं। हमारा ध्येय हर नागरिक को यह महसूस करना है कि यह संस्थान उनका खुद का है। गांव- गांव जाकर मीटिंग की जारही हैं। सह सचिव केके खण्डेलवाल ने संस्थान का परिचय दिया। मंचस्थ अतिथियों गौरी शंकर यादव, बीएल शर्मा, दिनेश कुन्जी सेठ, पूर्व प्रधान मुनीम स्वरूप, हुब्बलाल धनगर, किशन सैनी, त्रिभुवन नाथ शर्मा, डा. हरिनारायण एवं ओम प्रकाश खण्डेलवाल ने भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सुरेश कौशिक, राम किशन दरोगा, शेखर गुप्ता, कैलाश स्वर्णकार, संजू हलवाई, प्रमोद सेठ, डालचंद टेलर, भीम ठाकुर, केशव आर्य, हरिमोहन शर्मा, नेम बघेल, दिगंबर पंडित, गवेन्द्र , दीपक यादव, अशोक सिहोरा, पप्पल आदि का सहयोग रहा।

## नीट परीक्षा सकुशल संपन्न कराने को जिलाधिकारी ने दिए अधीनस्थों को निर्देश

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा के संबंध में समस्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट्स, जनपदीय समिति के अधिकारीगण, केन्द्र व्यवस्थापक आदि के साथ बैठक की। उक्त परीक्षा दिनांक 4 मई को जनपद के 6 केंद्रों पर होगी, जिसमें 3258 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न एवं सुचितापूर्वक संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद के बाबू शिवनाथ अग्रवाल डिग्री कालेज नये बस स्टैण्ड के पास मथुरा ब्लाक-ए, बाबू शिवनाथ अग्रवाल डिग्री कालेज नये बस स्टैण्ड के पास मथुरा ब्लाक-बी, बाबू शिवनाथ अग्रवाल डिग्री कालेज नये बस स्टैण्ड के पास मथुरा ब्लाक-सी तथा महाराजा अग्रसैन गर्ल्स इंटर कालेज डोरी बाजार मथुरा में परीक्षा आयोजित होगी।

# सड़क दुर्घटना में वन क्षेत्राधिकारी की मौत

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना फरह क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज प्रातः कोर्ट में चल रहे मुकदमे की तारीख में बाइक से जाते वन क्षेत्राधिकारी गोवर्धन की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। एक दूसरी दुर्घटना भी इसी मार्ग पर गांव कुरकंदा के समीप हुई। सोमवार की सायं ड्यूटी करके लौट रहे एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

मूल रुप से झांसी जनपद के रहने वाले अवधेश पाल गोवर्धन रेंज में वन क्षेत्राधिकारी (प्रभारी गोवर्धन) के पद पर वन विभाग में कार्यरत थे। बताया गया कि वह लेबर कोर्ट आगरा में चल रहे किसी विभागीय मुकदमे की पैरवी करने के लिए आज प्रातः बाइक से आगरा के लिए जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर फरह थाना क्षेत्र के रैपुरा जाट के समीप अवधेश पाल की

■ बाइक से आगरा कोर्ट में मुकदमे की तारीख को जा रहे थे

■ प्राइवेट कंपनी में काम कर लौटता युवक सड़क दुर्घटना में मरा




बाइक को किसी तेज गति से दौड़ते वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भंयकर थी कि वन क्षेत्राधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना का पता लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वन क्षेत्राधिकारी की दुर्घटना में हुई मौत का पता लगने पर विभाग में हड़कंप मच गया। उनके परिवार को भी जब इस दुखद हादसे का पता लगा तो सभी मोरचरी पहुंच गए। डीएफओ सहित वन विभाग के अधिकारी वहां पहुंच गए।

दूसरी दुर्घटना भी इसी थाना क्षेत्र के हाइवे पर कुरकंदा गांव के समीप हुई। बताया गया कि अछनेरा का रहने वाला देवेंद्र प्रताप सिंह मथुरा में किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। बताया गया कि वह सोमवार की सायं ड्यूटी करने के बाद बाइक से अछनेरा के लिए लौट रहा था। रास्ते में कुरंकद के निकट किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके साथ ही उसके साथ हुए हादसे के बारे में उसके परिवार के लोगों को भी बताया। परिवार के लोग मोरचरी पर पहुंच गए।

# मथुरा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई परशुराम जयंती

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड्स सोसाइटी द्वारा संचालित ट्रांसपोर्ट नगर एवं श्यामकुंज के एस एफ स्ट्रीट स्कूल में परशुराम जयंती का पावन पर्व बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और परशुराम जी की पूजा-अर्चना में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के वरिष्ठ सदस्य अंकिता शर्मा, ने परशुराम की स्मृति पर फूल चढ़ाए ओर बताया की परशुराम जी का महत्व हिंदू धर्म में बहुत अधिक है। उन्हें एक महान योद्धा, ऋषि और भगवान विष्णु के अवतार के रूप में माना जाता है। उनकी कथाएँ और उपदेश हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत हैं। इसके पश्चात, संस्था द्वारा बच्चों को प्रसाद के रूप में उनकी पसंदीदा चीज पेटीज और फ्रूटी वितरित की गई, जिसे ग्रहण कर

■ परशुराम जी का महत्व हिंदू धर्म में बहुत अधिक

बच्चों के मन आनंद से प्रफुल्लित हो उठे। संस्था की अध्यक्ष शिखा बंसल ने बताया कि परशुराम जयंती एक महत्वपूर्ण हिंदू पर्व है, जो कि हिंदू परशुराम जी के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। संस्था के वरिष्ठ सदस्य पीयूष बंसल ने बताया कि एस एफ स्ट्रीट स्कूल बिना किसी समझौते के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है, जिसमें शिक्षकों और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। स्कूल का उद्देश्य है कि बच्चे सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल वातावरण में राष्ट्र के योग्य नागरिक के रूप में विकसित हों। संस्था मथुरा के विभिन्न स्थानों पर शिक्षा से वंचित और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले 500 से अधिक बच्चों को प्रतिदिन निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है।

# जिला टापर विद्यार्थियों माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**अमरोहा।** श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय, संस्थान में पिछले पन्द्रह से चले आ रहे 'अम्बेडकर जयन्ती पखवाड़ा (14 अप्रैल-29 अप्रैल)' का शानदार समापन। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची उत्तर प्रदेश शासन की माध्यमिक शिक्षा मन्त्री गुलाबो देवी ने 'अम्बेडकर जयन्ती पखवाड़ा' में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं के साथ-साथ यू.पी. बोर्ड की दसवीं एवं बारहवीं के प्रदेश की टॉप-टेन सूची में स्थान बनाने वाले एवं जिला टापर विद्यार्थियों को सम्मान प्रतिक एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय, संस्थान में पिछले पन्द्रह दिनों से चले आ रहे 'अम्बेडकर जयन्ती पखवाड़ा (14 अप्रैल- 29 अप्रैल)' का शानदार समापन हो गया। समापन समारोह में



मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मन्त्री ने इस पखवाड़े के विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजेताओं के साथ-साथ यू.पी. बोर्ड के दसवीं एवं बारहवीं के प्रदेश की टॉप-टेन सूची एवं जिला टापर विद्यार्थियों को सम्मान प्रतीक एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीया माध्यमिक शिक्षा मन्त्री गुलाबो देवी ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब द्वारा दुनिया के सबसे शक्तिशाली संविधान के निर्माण से गरीब, शोषित, वंचित एवं देश के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी शिक्षा, स्वास्थ्य, समानता, मूलभूत सुविधाओं का बराबर लाभ मिल रहा है। ताकि देश का प्रत्येक व्यक्ति सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सके। श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय, संस्थान के डा. सी.वी. रमन सभागार में 'पन्द्रह दिवसीय' 'अम्बेडकर जयन्ती पखवाड़ा' का समापन समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा मन्त्री उत्तर प्रदेश शासन श्रीमती गुलाबो देवी, संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, कुलपति प्रो.(डा.) कृष्णकान्त दवे, युवा मोर्चा के अध्यक्ष शुभम चौधरी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्वलित करके किया।

# सीएमएस छात्रा को 2,02,380 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की छात्रा प्रियाशा गुप्ता को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका के प्रतिष्ठित जूनियाटा कालेज द्वारा 2,02,380 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्रा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी।



प्रियाशा ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

श्री खन्ना ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 90 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# सीएमएस कैम्ब्रिज सेक्शन एक्सटेंशन ने जीती बास्केटबॉल चैम्पियनशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेशन कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर-विद्यालयी बास्केटबॉल चैम्पियनशिप आज सम्पन्न हो गई। इस प्रतियोगिता में मेजबान सी.एम.एस. कैम्ब्रिज सेक्शन, गोमती नगर एक्सटेंशन के छात्र खिलाड़ियों ने ओवरऑल चैम्पियनशिप जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पधारे श्री श्यामवीर सिंह, हेड बास्केटबॉल कोच, उ.प्र. पुलिस, ने विजेता छात्र टीम को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने सी.एम.एस. छात्रों की खेल प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या मंजीत बत्रा ने सभी प्रतिभागी छात्र टीमों का



आभार व्यक्त करते हुए खेल भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया। सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन की कोआर्डिनेटर सुश्री मसीरा आरिफने भी प्रतिभागी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इससे पहले, इस दो दिवसीय अन्तर-विद्यालयी बास्केटबॉल चैम्पियनशिप के दूसरे व अन्तिम दिन आज सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले सम्पन्न हुए। बालकों के अण्डर-18 फाइनल मुकाबले में सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस ने ए.आर. जयपुरिया स्कूल, गोल्फसिटी को हराया तो वहीं बालिकाओं के अण्डर-18 फाइनल मुकाबले में ए.आर. जयपुरिया स्कूल, गोल्फसिटी ने सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस को हराया। इसी प्रकार, बालकों के अण्डर-16 फाइनल मुकाबले में सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस ने सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन को हराया जबकि बालिकाओं के फाइनल मुकाबले में सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन ने सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस को हराया।

# कल्किनगरी में गुंजेगा भगवान परशुराम का जयकारा

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** नगर इस बार भी अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर एक अद्भुत आध्यात्मिक यात्रा का साक्षी बनने जा रहा है, जहाँ समस्त ब्राह्मण संगठन एवं सर्व हिन्दू समाज के सानिध्य में भगवान परशुराम प्रकटोत्सव समिति द्वारा भगवान परशुराम की परम्परागत भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह शोभायात्रा अक्षय तृतीया को पातालेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई सूर्यकुंड स्थित परशुराम भवन पर सम्पन्न होगी। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की सजीव झांकी, गगनभेदी घोष, वैदिक मंत्रों की गूंज, संतों की दिव्य उपस्थिति और भक्तों का उमड़ता जनसैलाब, इस आयोजन को एक ऐतिहासिक रूप दे रहे हैं। न्याय, शौर्य और धर्म के प्रतीकस्वरूप भगवान परशुराम के जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का यह उत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन

■ भगवान परशुराम प्रकटोत्सव है सनातन परंपरा का गौरवशाली क्षण

संस्कृति की पुनर्प्रतिष्ठा का आयोजन है।

शोभायात्रा प्रबंधक प्रभाकर शुक्ला ने बताया कि आयोजन को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। शोभायात्रा प्रभारी एवं चौबीस कोसीय मासिक परिक्रमा समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने विश्वास जताया कि पूरे जिले से हजारों श्रद्धालु इस यात्रा में भाग लेकर भगवान परशुराम के आदर्शों को आत्मसात करेंगे। इस शोभायात्रा में ऐसी रचना होगी, जिसमें धर्म, संस्कृति, समाज और संकल्प सब कुछ एक साथ प्रवाहित होंगे। स्वागत समिति हेतु शोभित शास्त्री, विशाल शर्मा, मुकेश शर्मा, शंकर शर्मा, को नामित किया गया है जबकि मंच सज्जा हेतु राहुल शर्मा, संजीव, विनीत शर्मा एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था कपिल श्रोत्रिय, आयुष पूठिया, अनुराग, अक्षय को सौंपी गई है।

## ठेकेदारों ने अधिशासी अभियंता के खिलाफ खोला मोर्चा

**मथुरा।** नगर निगम जलकल विभाग के ठेकेदारों ने अधिशासी अभियंता जल राम कैलाश के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आरोप लगाया है कि वह ठेकेदारों से अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल तथा बिना कार्यदेश के कार्य करवाते हैं। कोई ठेकेदार उनके अनैतिक कार्य का विरोध करता है तो वह ब्लैक लिस्ट करने की धमकी देते हैं।

ठेकेदार अतर सिंह यादव, ऋषभ एवं राजा शर्मा आदि ने नगर आयुक्त शशांक चौधरी को कार्यालय में ज्ञापन देकर अवगत कराया कि अधिशासी अभियंता (जल) राम कैलाश द्वारा बिना कार्य की स्वीकृति के ही अनैतिक दबाव बनाकर दबाव बनाया जाता है कि नगर आयुक्त से कह कर तुम लोगों की फर्मो को ब्लैक लिस्ट करा दूँगा। ऐसी स्थिति में बिना कार्यदेश के भी विभाग हित में कार्य करना पड़ता है किन्तु बीती 25 अप्रैल को वृन्दावन क्षेत्रांतरागत सीवर लाइन डालने के दौरान हुई 2 कर्मचारियों की मृत्यु से हम सभी भयभीत हैं।

# घरों के बाहर स्लोगन चस्पा कर प्लास्टिक एकत्र करने को लगाई जाए बोरी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण एवं स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 अन्तर्गत ओ.डी.एफ.प्लस मॉडल ग्राम पंचायतों में स्वच्छता पर विस्तृत चर्चा हुयी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रत्येक घर के बाहर मेरी प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी का स्लोगन बोरी पर चस्पा करते हुए बोरी लगायी जाये और प्लास्टिक की बोरी में डाला जाये। तत्पश्चात ग्राम पंचायत के सफाईकर्मी-मजदूर लगाकर प्रत्येक माह उस प्लास्टि का एकत्रीकरण उसका निष्पादन करें। इस अभियान की प्रदेश एवं देश स्तर पर भी प्रंशसा की गयी है। अभियान के

■ डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वच्छता समिति की बैठक

सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के संकलन और निस्तारण की यह प्रक्रिया चलायी जाये। प्रत्येक माह 20 से 25 तारीक तक सभी घरों पर टांगे गये बोरे में से प्लास्टिक का एकत्रीकरण कराया जाये। जिलाधिकारी ने ÷प्लास्टिक मुक्त-बृज की रज÷ अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिसमें जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड से चिन्हित मॉडल 05 ग्राम पंचायतों को खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी आदि को गोद दिलाने एवं अभियान हेतु प्रधान / सचिवों का उन्मुखीकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों एवं सचिवों का 01 दिवसीय उन्मुखीकण कराया जाये। पंचायत सहायकों व सफाई कर्मचारियों का उन्मुखीकरण जिला पंचायतराज अधिकारी करें।

मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना बताया कि कूडे में सर्वाधिक मात्रा की प्लास्टिक ही होती है जिसका ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन में होना चाहिए जो नहीं हो रहा है। जिला पंचायतराज अधिकारी धनंजय जायसवाल द्वारा बताया गया कि जनपद के समस्त पंचायत सचिवालय सामुदायिक शौचालयों का सत्यापन कराया जा रहा है। डीपीआरओ द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि आर.आर.सी. का नामकरण जनपद में कचरा से कंचन केन्द्र रखा जाये। क्योंकि इस केन्द्र पर कचरे को पृथक्कीरण करने गीले कूडे का क्पोस्टिंग करने एवं सूखे कूडे का फॉरवर्ड लिंकेज करने का प्रावधान है। जिसका अनुपालन कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आर.आर.सी. को कचरा से कंचन केन्द्र कहा जाये।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह न कराने की धर्म गुरुओं ने ली शपथ




अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह के खिलाफ जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पेंसिया एवं जिला प्रोवेशन अधिकारी चंद्रभूषण के निर्देशन में जस्ट राइट्स एवं प्रयत्न संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी एवं उनकी टीम ने सभी धर्मों के धर्म गुरुओं से बाल विवाह में शामिल न होने कि अपील करते हुए शपथ दिलाई और बताया की अक्षय तृतीया पर बड़े पैमाने पर शादियां होती है जिनमें बाल विवाह की भी संभावना रहती है इसलिए सभी धर्म गुरुओं से अनुरोध है की बाल विवाह की जानकारी होने पर संबंधित पुलिस थाने, बाल कल्याण अधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 जिला प्रोबेशन अधिकारी, जस्ट राइट्स के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी या उनकी टीम को सूचित करें सूचना देने बाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा, बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है इसको जड़ से खत्म करने के लिए हम सबको मिलकर पहल करनी होगी इस अवसर पर धर्म गुरुओं के साथ प्रयत्न संस्था के फील्ड कोर्डिनेटर फरज़ंद अली वारसी एवं सिराज अहमद मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा में उमड़े लोग

■ वैदिक मंत्रोच्चारण और हवन-पूजन के साथ मूर्ति स्थापना हुई

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** जनपद कन्नौज के सिकन्दरपुर में भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर समग्र ब्राह्मण समाज के संयोजन में भव्य शोभायात्रा एवं मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ब्राह्मण समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंगलवार को शोभायात्रा का शुभारंभ प्रातः 11 बजे पश्चिमी बाईपास नहरकोठी से हुआ। जिसमें पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे बैंड-बाजों, घोड़े, रथ और झांकियों के साथ श्रद्धालुओं ने भाग लिया। झांकियों में भगवान परशुराम के जीवन चरित्र से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को भव्य रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर लोगों ने श्रद्धाभाव से नतमस्तक होकर दर्शन किए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भगवान परशुराम मंदिर ब्रहमनगर सराय सुन्दर तक पहुँची। जहां पर भगवान परशुराम की प्रतिमा की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा की गई। वैदिक मंत्रोच्चारण और हवन-पूजन के साथ मूर्ति स्थापना की रस्में संपन्न हुईं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया गया। समारोह में नगर के प्रमुख जनप्रतिनिधियों पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय, गरौरव द्विवेदी, डा, शरद द्विवेदी, सनी, अरूण, रामदुवे, नीरज मिश्रा, सुगम दुवे सहित समाज के सैकडों लोगों ने भाग लिया और भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया।

## शिक्षण संस्थानों में नियमित रूप से होंगी जल एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यशालाएं: डीएम



**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सीडीओ कमलाकान्त पाण्डेय ने बैठक का शुभारंभ किया। अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने गंगा एवं उसकी सहायक नदियों एवं पर्यावरण के प्रति लोगों में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए शिक्षण संस्थानों में प्रत्येक सप्ताह जल संरक्षण एवं पर्यावरण से सम्बंधित कार्यशालाएं आयोजित कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं लोगों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। यह कार्यशालाएं बच्चों और वयस्कों दोनों को पर्यावरण और संबंधित मुद्दों के बारे में शिक्षित करके जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण जैसी चुनौतियों का समाधान करने में सहायक होंगी। बैठक में जनपद के समस्त स्थानीय निकायों एवं नगर पालिका के अंतर्गत सॉलिड वेस्ट के निस्तारण हेतु स्थापित एम.आर.एफ सेंटरों के संचालन की समीक्षा की गई। बताया गया कि कचरे को अलग-अलग करने और फिर से उपयोग में लाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण सुविधा है। संचालन प्रभारीय निदेशक गौतम सिंह ने किया। बैठक में उपायुक्त श्रम रोजगार आर.के.यादव, डीपीआरओ नवीन मिश्रा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग विजय चंद्रा, अवर अभियंता जल निगम अश्विनी कुमार, अवर अभियंता लघु सिंचाई अरुण कुमार, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग विनोद कुमार, स्वास्थ्य विभाग प्रतिनिधि डा.राजेश भारती, अवर अभियंता नगर पालिका खुशबू खान, बुंदेलखंड सेवा संस्थान से वासुदेव सिंह, परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे उपस्थित रहे।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**उन्नाव।** आसीवन थाना अन्तर्गत घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना आसीवन की कुरसठ चौकी अंतर्गत ग्राम पिपरी निवासी सावल कुमार 25 वर्ष पुत्र कमलेश कुमार का पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद पत्नी मायके चली गई। मानसिक तनाव में आए सावल कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव जब गांव के एक किसान ने फांसी पर लटकता देखा तो उसने तत्काल परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक की हालत देख शोर मचा दिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही आसीवन थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह व चौकी प्रभारी राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भाषा विवि के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के नव नियुक्त कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने वीसी लॉज में अपनी पहली प्रैस कॉन्फ्रेंस की। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने सभी पत्रकार साथियों का स्वागत किया। स्वागत के बाद सबसे पहले अपना परिचय देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय वर्तमान में 76 कोर्सेज संचालित करता है। जिसमें हजारों विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं। इन सभी विद्यार्थियों को अब से भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित अध्ययन करने हेतु 20 हजार रुपए की वित्तीय सहायता मुहैया कराई जायेगी। प्रो. तनेजा ने कहा कि विश्वविद्यालय में जिन शिक्षकों के प्रमोशन शेष हैं उन्हें भी यथाशीघ्र भरा जायेगा। प्रो. अजय तनेजा ने बताया कि उनकी प्राथमिकता एडमिशन को मिशन मोड पर ले जाकर क्रियान्वित करना है। जबकि दूसरी प्राथमिकता विश्वविद्यालय में शोध और नवाचार को बढ़ावा देना है और तीसरी प्राथमिकता में नैक का मूल्यांकन सफल तरीके से कराना है। इसके अलावा कुलपति प्रो. तनेजा ने कहा कि हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विश्वविद्यालय में शिक्षण कार्य भी उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। प्रो. तनेजा ने बताया कि हम जल्द ही विदेशी भाषाओं में लैंग्वेज कोर्सेस भी आरम्भ करने जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रो. तनेजा ने कहा कि वर्तमान में जिन कोर्सेज में स्नातक विषय के साथ पढ़ाई हो रही है वहां परास्नातक स्तर पर कोर्सेज संचालित किये जायेंगे। प्रो. तनेजा ने कहा कि विश्वविद्यालय में नियमित और संविदा के सभी रिक्त पदों पर आवेदन और भर्ती भी जल्द शुरू की जाएगी।

अंत में प्रैस कॉन्फ्रेंस सभी पत्रकार साथियों को धन्यवाद के साथ समाप्त हुई। प्रैस कॉन्फ्रेंस में विश्वविद्यालय से कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, प्रो. सौबान सईद, मीडिया प्रभारी डॉ. रुचिता सुजॉय चौधरी, मीडिया कमेटी से डॉ. शचींद्र शेखर, डॉ. काज़िम रिज़वी, डॉ. जफरुन नकी और मोहसिन उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुसम्भी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट मे आकर युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अजगैन कोतवाली अंतर्गत कुसम्भी के मजरा पुत्तीखेड़ा गांव निवासी प्रकाश वर्मा 27 पुत्र बांकेलाल की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रकाश रेलवे ट्रैक के समीप किसी कार्य से आया था तभी अचानक वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही अजगैन पुलिस टीम, कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए विच्छेदन ग्रह भेज दिया

### निजी अस्पताल में हंगामा काट रहे परिजनो को विधायक ने कराया शांत



उन्नाव। सदर विधायक ने शहर के निजी अस्पताल पहुंच कर विवाद शांत करवाया। विगत दिनों आगेहरा निवासी हरिओम के भाई की सड़क दुर्घटना होने के कारण परिजनों ने इलाज के लिए शहर के शेख पुर नरी में स्थित उत्तम मेडिसिटी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया था। जहा इलाज कै दौरान आज उनका निधन हो गया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन तंत्र पर लापरवाही के चलते मौत होने का आरोप लगा जमकर हंगामा किया। जिसकी सूचना मिलने पर सदर विधायक पंकज गुप्ता अस्पताल पहुंच कर परिजनों को समझाया एवं उत्तम अस्पताल के डॉक्टरों से बातचीत करके इलाज का पूरा पैसा वापस भी करवाया। सदर विधायक ने मृतक के परिवारी जनो को पारिवारिक लाभ एवं किसान दुर्घटना बीमा दिलाने का भी आस्वासन दिया।

### घरेलू कलह से क्षुब्ध युवक ने जहर खा की आत्महत्या

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के ईश्वरीखेड़ा मजरा मिर्जापुर गांव में सोमवार को घरेलू विवाद के चलते प्रीति 24 पत्नी राहुल ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस हादसे से गांव में शोक की लहर फैल गई है। सोमवार सुबह चाय पीते समय प्रीति का अपने पति राहुल कश्यप से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामूली कहासुनी देखते ही देखते इतना बढ़ गई कि दोनों के बीच मारपीट तक हो गई। विवाद के बाद गुस्से में आकर प्रीति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रीति की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही सफीपुर कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कोतवाल ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस मृतका के परिजनों और पति से पूछताछ कर रही है।

### धर्म गुरुओं ने संभाली बाल विवाह की रोकथाम की कमान



**ललितपुर।** सोसायटी फॉर प्रगति भारत संस्था की कार्यकारी निदेशक ने प्रेस वार्ता में बताया कि ललितपुर जिले में आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में 42 प्रतिशत बाल विवाह होते हैं। संस्था समय- समय पर जागरूकता अभियान, कैंडल मार्च, नुक्कड़ नाटक आदि माध्यमों से आम लोगों को जागरूक कर रही है। इसी क्रम में अक्षय तृतीया पर जिले के समस्त धर्म के धर्म गुरुओं से मेरी अपील और निवेदन है कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ लें कि हम कभी बाल विवाह नहीं करेंगे और ना ही होने देंगे। साथ ही ललितपुर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने में हमारा सहयोग करें।

### ट्रक का एक्सल टूटने से लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग जाम

**उन्नाव।** लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग के खपरा मुस्लिम गांव के पास ट्रक का एक्सल टूट जाने से 5 किलोमीटर का भीषण जाम लग गया। धूप के कारण गर्मी से राहगीर परेशान हो गए पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवा पाई जिससे यातायात सुचारू रूप से चालू हो सका। लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग खपरा मुस्लिम गांव के पास सोमवार दोपहर 12 बजे हरियाणा से लखनऊ जा रहे ट्रक का एक्सल टूट जाने के कारण नेवलगंज से लखनऊ जनपद की घुरघुरी तालाब चौकी तक सड़क के दोनों तरफ लंबा जाम पांच किलो मीटर तक लग गया।

### गवां मे धूमधाम से निकली गई भगवान परशुराम शोभा यात्रा

**संभल।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा समस्त ब्राह्मण समाज की ओर से नगर पंचायत गवां में आयोजित की गई, जिसका शुभारम्भ भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके रजपुरा गन्ना मिल के प्रबंधक आशीष शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा एवं गिरीराज किशोर ने किया। यह शोभायात्रा आनंद वाटिका से प्रारंभ होकर होली चौक, बबराला बस स्टैंड होते हुए हरि बाबा इंटर कॉलेज मार्ग से आनंद वाटिका पर ही सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आश्रमानन्द जी महाराज ने कहा कि आज हमें संगठनात्मक एवं रचनात्मक तरीके से एकजुट होकर अच्छे समाज का निर्माण करना चाहिए जिससे संपूर्ण मानव जाति का विकास हो सके। विश्व ब्राह्मण संघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने संपूर्ण ब्राह्मण समाज से अपने कर्तव्यों पर चिंतन करने का आह्वान किया। संत नरेशानन्द जी महाराज ने ब्राह्मण बंधुओं से राजनीतिक रूप से सक्रिय रहने एवं एकजुट होकर रहने की गुहार लगाई। भगवान परशुराम शोभायात्रा के प्रभारियों ने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया एवं गवां के प्रत्येक मोहल्ले में भगवान परशुराम की प्रतिमा को भ्रमण कराया गया।

# जिला पोषण समिति की बैठक में डीएम ने दिये आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** पन्नालाल हॉल सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला पोषण समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/मुख्य सेविका यदि किसी माह में नैफेड एवं टी0एच0आर0 प्लांट की आपूर्ति एक साथ हो जाती है तो सुनिश्चित करें, कि लाभार्थियों को मानक के अनुसार पोषाहार प्राप्त हो तथा लाभार्थी भी पोषाहार का सदुपयोग समय से कर सके एवं इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकत्री पोषाहार प्रयोग से संबंधित वीडियो लाभार्थियों को अवश्य दिखाएं। आंगनबाड़ी भवन निर्माण की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था आर0ई0डी0 एवं पी0डब्ल्यू0डी0 को निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता पूर्ण आंगनबाड़ी केन्द्र भवन बनाकर 01 माह के अन्दर विभाग को हस्तांतरित करें, जिन आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों को कार्यदायी संस्था आर0ई0डी0 एवं पी0 डब्ल्यू0 डी0 द्वारा पूर्ण दिखाया गया है परन्तु उनमें भी कुछ कमियां है जैसे-विकास खण्ड सुमेरपुर के निर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों में रैम्प में रैलिंग नहीं लगयी गयी, नवाबगंज के आंगनबाड़ी केन्द्र भवन महनौरा में टाइल्स नही लगी है एवं हसनगंज के निर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों में बाला पेटिंग, विद्युत आदि नहीं हुए है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्र भवन बिना पूर्ण कराएं हस्तांतरित न कराएं। रॉकेट लर्निंग संस्था जो कि 03 से 06 वर्ष के बच्चों को ईसीसीई की गतिविधियां आयोजित करते हुए सहायता प्रदान कर रही है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि इसे समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकत्रियों के माध्यम से लागू किया जाए तथा ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक को-ओर्डिनेटर इसकी मॉनीटरिंग करें। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सैम बच्चे के पोषण स्तर में सुधार,, पोषण ट्रैकर, एनीमिया मुक्त भारत ( 10-19 वर्ष की स्कूल न जाने वाली/स्कूल में नामांकित न होने वाली किशोरियों के सम्बन्ध में ), हॉटकुक्ड मील योजना, पोषण भी पढ़ाई भी, पोषण पखवाड़ा' आदि बिन्दुओं पर विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित समिति के अन्य सदस्य, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# जिले में नीट-यूजी परीक्षा चार मई को

■ डीएम ने तैयारियों की समीक्षा हेतु अधिकारियों व केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ की बैठक

■ जनपद के दो परीक्षा केन्द्रों पर कल 692 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

■ एडीएम फाइनेंस को नोडल अधिकारी नामित कर परीक्षा केदो पर व्यवस्थाएं पूर्ण करने के लिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी नई दिल्ली द्वारा 04 मई 2025 को अपरान्ह 2 से शाम 5 बजे आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-2025 (नीट-यूजी) को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए जनपद स्तरीय परीक्षा समिति की अति महत्वपूर्ण बैठक समिति अध्यक्ष/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बताया गया कि उक्त परीक्षा का आयोजन जनपद के 02 परीक्षा केन्द्रों राजकीय इण्टर कॉलेज ललितपुर एवं जवाहर नवोदय विद्यालय दैलवारा में किया जाना है। जीआईसी में 380 परीक्षार्थी एवं जवाहर नवोदय विद्यालय दैलवारा में 312 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक दशा में उक्त परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है। केन्द्रों पर आवश्यक कक्ष निरीक्षकों की तैनाती कर दी गयी है। परीक्षा सी.सी.टी.वी. की निगरानी में सकुशल एवं शांतिपूर्ण तथा नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उक्त परीक्षा को शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए समिति सदस्य के रूप में एडीएम वि/रा. अंकुर श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी परीक्षा नामित किया गया है। बैठक में समिति अध्यक्ष/जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को उक्त दोनों परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा से पूर्व समुचित साफ-सफाई, सैनीटाइजेशन एवं स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था एवं एम्बूलेन्स, निर्वाध विद्युत व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, पुलिस व्यवस्था, एस्कॉर्ट व्यवस्था, परिवहन हेतु अतिरिक्त बसों की ससमय व्यवस्था एवं परीक्षा संबंधी अन्य व्यवस्थायें ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दिए गये। बैठक में डीआईओएस ओम प्रकाश, सिटी कॉडीनेटर / प्रधानाचार्या केन्द्रीय विद्यालय मिनी वर्मा, केन्द्र व्यवस्थापक /प्रधानाचार्य जीआईसी धर्मेन्द्र कुमार, केन्द्र व्यवस्थापक / प्रधानाचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय दैलवारा हुपेन्द्र शर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### जिले में रह रहे खानाबदोशो व संदिग्ध लोगो का सत्यापन शुरू

**उन्नाव।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद उन्नाव जिले में भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। एहतियातन सड़क किनारे डेरा डालकर रहने वाले लोगों का पुलिस द्वारा तेजी से सत्यापन कार्य शुरू कर दिया गया है। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर जिले भर में सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। सड़क किनारे रह रहे बाहरी व्यक्तियों और अस्थायी निवासियों का पूरा ब्यौरा एकत्र किया जा रहा है। संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की विशेष निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा बलों को अलर्ट पर रखा गया है और गश्त भी बढ़ा दी गई है। एसपी दीपक भूकर ने कहा कि जिले की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिसकर्मी पूरी सतर्कता से संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति या घटना की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के झंडों को रोड पर चिपकाकर जताया रोष



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में मंगलवार को एक असामान्य घटना देखने को मिली। जब कुछ युवाओं ने पाकिस्तान के झंडों को नगर की सडकों पर चिपका दिया और उस पर पैरों से चलकर पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ और पाकिस्तान और आतंकी गतिविधियों के खिलाफजोरदार नारेबाजी की। मंगलवार को बजरंग दल जिलाध्यक्ष आदेश मिश्रा, शिवशक्ति अखाडा जिलाध्यक्ष बृजेश गुप्ता उर्फ रामू, नगर अध्यक्ष पंकज अग्निहोत्री सहित तमाम युवाओं का कहना था कि पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफसाजिशें रच रहा है और आतंकवाद को संरक्षण दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विरोधी गतिविधियों को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हर स्तर पर विरोध जारी रहेगा। युवाओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद हाय-हाय, और भारत माता की जय जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान तमाम युवा मौजूद रहे।

### पीएलवी ने साक्षरता शिविर में छात्राओं को विधिक जानकारी दी




**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के डा. जाकिर हुसैन इण्टर कॉलेज में एक दिवसीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पीएलवी सीमा बानों, रिया पाण्डेय, जगदीश यादव, वन स्टॉप प्रशासिका विनीता एवं सहयोगी विवाद पाण्डेय ने छात्राओं को भारतीय संविधान में निहित शिक्षा के अधिकार, बाल श्रम निषेध, तथा मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 की जानकारी दी। लैंगिक समानता से जुड़े प्रावधानों पर भी चर्चा करते हुये पीएलवी ने बताया कि सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्रदान करते हैं और लिंग के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, संपत्ति और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में समान अधिकार प्राप्त हैं। महिलाओं के संरक्षण एवं कल्याण से संबंधित कानूनों जैसे घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सुरक्षा अधिनियम 2013, तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। इस दौरान शिफा बानों, दीक्षा सहित तमाम छात्रायें मौजूद रही।

### युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम मरहरिया निवासी शिवकांत पुत्र अभिमन्यु सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि सोमवार की रात्रि 11:21 बजे वह अपने घर के बाहर बैठा था। तभी गांव के ही संगम उर्फबौरा एवं रामबख्श आए और रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर उक्तगणों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पहलगाम हमले के विरोध में किन्नर समाज ने किया जोरदार प्रदर्शन




**उन्नाव।** जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के विरोध में किन्नर समाज ने जोरदार प्रदर्शन किया। हसनगंज कस्बे मे मोहान-बांगरमऊ मार्ग से किन्नर समाज के लोगों ने तहसील और कोतवाली तक रैली निकाल पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफजोरदार नारेबाजी कर शहीद पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आतंकवाद को जड़ से खत्म करने और आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की मांग करते हुए किन्नर काजल, हेलन, पायल, बबीता, नीलू और वर्षा ने कहा कि पूरा देश एकजुट है। आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का समय है। भारत अब चुप नहीं बैठेगा आतंकवाद को जड़ से मिटाना होगा।

# मा. कांशीराम अन्तर्राज्जीय बस अड्डा बदहाल

अवधनामा संवाददाता

■ पीने को पानी नहीं, धूप से बचने को छाया नहीं

■ मानक विपरीत टीनशैड पर हाथ ठेला संचालकों का अवैध कब्जा



**ललितपुर।** जिले के एकमात्र मा.कांशीराम अन्तर्राज्जीय बस अड्डा पर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं का टोटा बना हुआ है। यहां अन्य राज्यों, जनपदों और विभिन्न ग्रामीण अंचलों से आने वाले यात्रियों को कड़ी धूप में सिर छिपाने तक का इंतजाम नहीं है। जनपद ललितपुर में स्थित मा.कांशीराम अंतर्राज्जीय बस अड्डा, जो प्रतिदिन सैकड़ों बसों का संचालन और हजारों यात्रियों का आवागमन देखता है। इन दिनों अव्यवस्थाओं और सुविधाओं की कमी के कारण बदहाली का शिकार हो गया है। भीषण गर्मी में यात्रियों को न तो प्रतीक्षालय की सुविधा मिल रही है, न ही पीने के पानी की उचित व्यवस्था है। सार्वजनिक शौचालय का अभाव खासकर महिला यात्रियों के लिए गंभीर समस्या बना हुआ है। प्रशासन द्वारा लगाए गए टीनशेड न तो मानक के अनुरूप हैं और न ही डिजाइन में व्यावहारिक, जिसके चलते ये न धूप से बचाव कर पाते हैं और न ही बारिश से। बस अड्डा परिसर में अवैध कब्जों और गंदगी ने यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। कांशीराम अंतर्राज्जीय बस अड्डा, जो ललितपुर का एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र है, आज अव्यवस्थाओं और सुविधाओं की कमी के कारण यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। खासकर महिला यात्रियों को शौचालय और प्रतीक्षालय की कमी के कारण गंभीर असुविधा हो रही है। प्रशासन की अनदेखी और अवैध कब्जों ने स्थिति को और बदतर कर दिया है। यात्रियों की मांग है कि प्रशासन तत्काल इस दिशा में ठोस कदम उठाए, ताकि बस अड्डा यात्रियों के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित बन सके। यदि प्रशासन अब भी नहीं जागा, तो यह बस अड्डा यात्रियों के लिए सुविधा के बजाय सजा बनता रहेगा।

**यात्रियों की बुनियादी सुविधाओं का अभाव:** मा.कांशीराम अंतर्राज्जीय बस अडडा ललितपुर का एक प्रमुख परिवहन केन्द्र है, जहां से उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के लिए भी बसें संचालित होती हैं। प्रतिदिन हजारों यात्री यहां से गुजरते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस अड्डे पर प्रतीक्षालय का अभाव है, जिसके चलते यात्रियों को भीषण गर्मी में खुले में इंतजार करना पड़ता है। प्रशासन ने पेयजल के लिए केवल एक साधारण प्याऊ बनाया है, जो अक्सर सूखा रहता है या पानी की गुणवत्ता संदिग्ध होती है।

**शौचालय की कमी बन रही प्रशाधन में बाधा:** सबसे गंभीर समस्या है सार्वजनिक शौचालय की कमी। खासकर महिला यात्रियों को इस कारण असहज और असुरक्षित स्थिति का सामना करना पड़ता है। बस अड्डे पर लगाए गए टीनशेड भी अव्यवस्था का शिकार हैं। ये टीनशेड न तो मानक के अनुरूप हैं और न ही इनका डिजाइन ऐसा है कि ये धूप या बारिश से यात्रियों की रक्षा कर सकें। इन टीनशेडों पर फल विक्रेताओं और हाथ ठेला संचालकों का अवैध कब्जा बना रहता है, जिससे यात्रियों के लिए जगह और कम हो जाती है।

**महिला यात्री की आपबीती : यहां सुविधा के नाम पर कुछ नहीं-** ललितपुर से झांसी जाने वाली एक महिला यात्री ने अपनी परेशानी साझा करते हुए कहा कि यहां न बैठने की जगह है, न शौचालय। गर्मी में टीनशेड के नीचे खड़े रहना भी मुश्किल है क्योंकि वो पूरी तरह टूटा-फूटा है। शौचालय न होने की वजह से हमें बहुत असहजता होती है। कई बार तो बस का इंतजार करने के लिए पास की दुकानों के बाहर खड़ा होना पड़ता है, जहां लोग घूरते हैं। प्रशासन को चाहिए कि कम से कम महिलाओं के लिए शौचालय और प्रतीक्षालय की व्यवस्था करे।

# वर्ष 2029 तक उत्तर प्रदेश बनेगा एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था

**लखनऊ।** लाइव टाइम्स एक्सचेंज, लाइव टाइम्स द्वारा प्रस्तुत एक प्रखर राष्ट्रीय संवाद मंच, के

**एक्सचेंज**

### लाइव टाइम्स एक्सचेंज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प

विशेष सत्र में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के आर्थिक भविष्य को लेकर एक निर्णायक संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बिना थके, बिना रुके, बिना डिगे, उत्तर प्रदेश 2029 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में मजबूती से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, ÷यह नया उत्तर प्रदेश, नए भारत की ऊर्जा और संकल्प का प्रतीक है। हमारे पास अब वो नेतृत्व, नीति और नियत है जो उत्तर प्रदेश को विकास के शिखर तक ले जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा



कि अब उत्तर प्रदेश केवल ÷संभावनाओं का प्रदेश÷ नहीं बल्कि ÷सफलताओं का मॉडल÷ बन रहा है। इस अवसर पर लाइव टाइम्स के संस्थापक, सीईओ और एडिटर-इन-चीफ, श्री दिलीप कुमार सिंह ने कहा लाइव टाइम्स एक्सचेंज एक ऐसा मंच है जहाँ देश की दिशा तय करने वाले नेता और नीति निर्माता सीधे जनता से संवाद करते हैं। उत्तर प्रदेश की यह विकास यात्रा सिर्फ एक राज्य की नहीं, बल्कि भारत के नए आर्थिक और सांस्कृतिक युग की नींव है। लाइव टाइम्स का उद्देश्य है– सत्य और सरोकारों के साथ ऐसी चर्चाओं को मंच देना जो राष्ट्र निर्माण की सोच को मजबूत करें। लाइव टाइम्स एक्सचेंज मंच से सामने आए जिसमें उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है (2017 में सातवें स्थान पर था)।, प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर बूम – एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट्स, मेट्रो, लॉजिस्टिक हब्स और वॉटरवेज़। अपराध, दंगे और माफिया से मुक्त शासन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति। ओडीओपी के ज़रिये हर ज़िले की विशिष्ट पहचान और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा। 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर। धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन में जबरदस्त उछाल; महाकुंभ में 66 करोड़ श्रद्धालु। जनजातीय समुदायों को योजनाओं और अधिकारों से जोड़कर सामाजिक समावेशन की दिशा में ठोस कदम शामिल थे।

## अक्षय तृतीया से पहले सोने की कीमतों में 1050 रुपये का उछाल

**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया से पहले सोने की कीमतों में उछाल दिखा है। ज्वेलर्स और स्टॉकिस्टों की ताजा खरीदारी से दिल्ली में सोने का भाव 1,050 रुपये की बढ़त के साथ 99,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। वहीं, एक किलोग्राम चांदी की कीमत तीन हफ्तों में सबसे तेज उछाल के साथ 3,500 रुपये चढ़कर 1,02,000 रुपये पर पहुंच गई। अक्षय तृतीया से पहले सोने की कीमतों में उछाल दिखा है। ज्वेलर्स और स्टॉकिस्टों की ताजा खरीदारी से दिल्ली में सोने का भाव 1,050 रुपये की बढ़त के साथ 99,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन ने इसकी पुष्टि की है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार बैसाख महीने की तीसरी तारीख को अक्षय तृतीय के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर सोने-चांदी की खरीदारी की परंपरा है। इस बार अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को है। सोमवार को 99.9% शुद्धता वाले सोने का भाव 1000 रुपये की गिरावट के साथ 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया था।

## मिआ ने अपना पहला फ्लैगशिप स्टोर लखनऊ के हज़रतगंज में शुरू किया



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे ट्रेंडी फाइन ज्वेलरी ब्रांड, मिआ बाए तनिष्क ने उत्तर प्रदेश में अपना पहला फ्लैगशिप स्टोर लखनऊ के हज़रतगंज में शुरू किया है। उत्तर प्रदेश में मिआ के पहले स्टोर का पता - प्लॉट नंबर 8, 4 - शाहनजफ रोड, सहारा गंज मॉल के सामने और यह स्टोर 1100 स्क्वायर फ़ीट का है। राज्य में मिआ के रिटेल विस्तार में यह एक बहुत बड़ा पड़ाव है। अब इस क्षेत्र में मिआ के कुल 13 स्टोर हो चुके हैं। स्टोर का उद्घाटन, 29 अप्रैल को शाम के 5 बजे टाइटन लिमिटेड के हेड ऑफ़ फाइनेंस एंड कमर्शियल - ज्वेलरी, विनय पोडुरी और मिआ बाए तनिष्क के हेड ऑफ़ रिटेल, श्री संजय भट्टाचारजी ने किया।

स्टोर के शुभारंभ और अक्षय तृतीया के पवित्र पर्व के लिए, मिआ ब्रांड की ओर से डायमंड ज्वेलरी मेकिंग चार्जेस पर 90% तक की छूट और 4999* रुपयों से शुरू होने वाली कीमतों की सिल्वर ज्वेलरी पर फ्लैट 10% की छूट की घोषणा की गयी है। 30 अप्रैल 2025 तक इन आकर्षक ऑफर का लाभ उठाया जा सकता है। शानदार आधुनिक आभूषणों की खरीदारी करने या हर दौर में यक़ीनन पसंद आने वाले आभूषणों में निवेश करने का यह सुनहरा मौका ग्राहकों को मिल रहा है। 1100 स्क्वायर फ़ीट के इस स्टोर में मिआ के सिग्नेचर कलेक्शन मुहैया कराए गए हैं। इनके मिनिमल, आधुनिक और बहुमुखी डिज़ाइन ग्राहकों में बहुत ही मशहूर हैं। रिंग्स, इयररिंग्स, ब्रेसलेट्स, पेंडेंट्स, नेकवेयर और मंगलसूत्र के एक से बढ़कर एक, बेहद खूबसूरत डिज़ाइन्स की बहुत बड़ी श्रेणी यहां प्रस्तुत की गयी है। मिआ का हर आभूषण आधुनिक स्टाइल के अनुरूप डिज़ाइन किया जाता है, साथ ही पहनने वाले के व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करना इन आभूषणों के डिज़ाइनिंग का उद्देश्य होता है। हमारी गोल्डन हार्वेस्ट स्कीम में भाग लेकर ग्राहक अपनी चमक को सुनहरा बनाने में बहुत ही आसानी से निवेश कर सकते हैं, इसके इंस्टॉलमेंट मात्र 2000 रुपयों से शुरू होते हैं। इसमें ग्राहक देश भर के किसी भी मिआ स्टोर में शानदार आभूषणों की खरीदारी में, उनके हर महीने के निवेश मूल्य के 75% तक की विशेष छूट पा सकते हैं।

मिआ के सबसे नए कलेक्शन आपको इस स्टोर में मिलेंगे, हाल ही में लॉन्च किया गया फिओरा कलेक्शन में नाज़ुक फूलों के डिज़ाइन हैं और बसंत ऋतु की खुशियों से प्रेरित होकर इसे बनाया गया है। क्यूपिड एडिट 3.0 कलेक्शन में आपको मिल रही है आधुनिक, खूबसूरत ज्वेलरी जिसे उपहार में देकर आप अपना प्यार बहुत ही बेहतरीन तरीके से बयान कर सकेंगे।

## अंबुजा सीमेंट्स को चौथी तिमाही में 1282 करोड़ रुपये का मुनाफा, कंपनी के परिणाम जारी

**नई दिल्ली।** अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड (एसीएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में 1,282.24 करोड़ रुपये रहा। अदाणी समूह की कंपनी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी की नियामक फाइलिंग के अनुसार, कंपनी ने पिछले वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 1,521.21 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

मार्च तिमाही में परिचालन से कंपनी की कुल आय 9,802.47 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 8,785.28 करोड़ रुपये थी। मार्च तिमाही के लिए एसीएल के समेकित वित्तीय परिणाम कई कंपनियों के अधिग्रहण के कारण तुलनीय नहीं हैं, जिनमें गुजरात स्थित सांघी इंडस्ट्रीज, हैदराबाद स्थित पेन्ना इंडस्ट्रीज और तमिलनाडु स्थित एमवाई होम इंडस्ट्रीज शामिल हैं, जिनके परिणाम इसमें शामिल हैं।

मार्च तिमाही में एसीएल का कुल व्यय 8,821.70 करोड़ रुपये था। मार्च तिमाही में एसीएल की कुल आय, जिसमें अन्य आय भी शामिल है, 10,461.87 करोड़ रुपये रही। मंगलवार को अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड का शेयर बीएसई में दोपहर के कारोबार में 535 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद से 1.84 प्रतिशत कम था।

टाटा समूह की खुदरा कंपनी ट्रेंट लिमिटेड ने मंगलवार को बताया कि 31 मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ 56.24 प्रतिशत घटकर 311.60 करोड़ रुपये रह गया। ट्रेंट लिमिटेड की नियामक फाइलिंग के अनुसार, कंपनी ने एक साल पहले जनवरी-मार्च तिमाही में 712.09 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया था, जो वेस्टसाइड, जूडियो और स्टार जैसे ब्रांड नामों के तहत खुदरा स्टोर संचालित करती है।

# भारत में आरएसवी रोकथाम के लिए डॉ. रेड्डीज़ और सनोफी ने बेफ़ोर्टस0 लॉन्च के लिए किया साझेदारी का विस्तार

**हैदराबाद।** विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर, एक वैश्विक फार्मास्युटिकल कंपनी, डॉ. रेड्डीज़ लैबोरेट्रीज़ लिमिटेड (बीएसई 500124, एनएसई डीआरआरईडीडीवाय, एनवाईएसई आरडीवाय, एनएसईआईएफएससी÷ डीआरआरईडीडीवाय; इसके बाद डॉ. रेड्डीज़ के रूप में संदर्भित), ने सनोफी हेल्थकेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएचआईपीएल) के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार किया है ताकि भारत में एक नई दवा, बेफ़ोर्टस0 (निर्सेविमैब) को पेश किया जा सके। बेफ़ोर्टस0 में मोनोक्लोनल एंटीबॉडी, निर्सेविमैब, एक प्रीफिल्ड इंजेक्शन के रूप में शामिल है, जो रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस (आरएसवी) निचले श्वसन पथ रोग (एलआरटीडी) की रोकथाम के लिए उपयोग किया जाता है, जो नवजात शिशुओं और पहले आरएसवी सीज़न में जन्म लेने वाले या उसमें प्रवेश करने वाले शिशुओं के लिए है। यह 24 महीने तक के बच्चों को भी दी जाती है, जो अपने दूसरे आरएसवी सीज़न तक गंभीर आरएसवी रोग के प्रति संवेदनशील रहते हैं। इस व्यवस्था के तहत, डॉ. रेड्डीज़ को एसएचआईपीएल से भारत में बेफ़ोर्टस0 (निर्सेविमैब) को प्रमोट और डिस्ट्रीब्यूट करने के लिए विशेष अधिकार प्राप्त होंगे। यह घोषणा पिछले साल भारत में सनोफी के वैक्सीन पोर्टफोलियो के लिए डॉ. रेड्डीज़ की सफल एक्सक्लूसिव डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनरशिप के बाद हुई है। उम्मीद है कि डॉ. रेड्डीज़ चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत में बेफ़ोर्टस0 लॉन्च करेगा। आरएसवी (रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस) एक अत्यधिक संक्रामक वायरस है जो शिशुओं में गंभीर श्वसन रोग का कारण बन सकता है। जीवन के पहले वर्ष में प्रत्येक तीन शिशुओं में से दो शिशु आरएसवी से संक्रमित हो जाते हैं, और लगभग सभी बच्चे अपने दूसरे जन्मदिन तक इस संक्रमण का अनुभव करते हैं। निचले श्वसन पथ रोग (एलआरटीडी), जैसे ब्रोंकियोलाइटिस और निमोनिया, का सबसे आम कारण होने के अलावा, आरएसवी विश्व स्तर पर शिशुओं में अस्पताल में भर्ती होने का एक प्रमुख कारण भी है, जिसमें अधिकांश भर्ती स्वस्थ और समय पर जन्मे शिशुओं में होती हैं।

2019 में, विश्व स्तर पर लगभग 3.3 करोड़ तीव्र निचले श्वसन संक्रमण के मामले थे, जिसके परिणामस्वरूप 30 लाख से अधिक अस्पताल में भर्ती हुए, और यह अनुमान लगाया गया कि 5 वर्ष से कम उम्र के 26,300 बच्चों की अस्पताल में मृत्यु हुई। सनोफी वैक्सीन्स (इंडिया) की प्रमुख, नित्या पद्मनाभन ने कहा, ÷बेफ़ोर्टस0 को भारत में लाना हमारे उस मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को आरएसवी जैसे टीकाकरण से रोके जा सकने वाले रोगों से बचाना है।

भारत में, जहां रोग का बोझ काफी अधिक है और शुरुआती सुरक्षा महत्वपूर्ण है, डॉ. रेड्डीज़ के साथ यह साझेदारी हमें माता-पिता और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं तक एक नवाचारी समाधान पहुंचाने में सक्षम बनाती है।

## आईडीबीआई बैंक लिमिटेड Q4 और FY 2025 के लिए वित्तीय परिणाम जारी किए

आईडीबीआई बैंक ने आज Q4 FY25 के लिए अपने परिणाम जारी किए । Q4 FY25 में शुद्ध लाभ 26% YoY की मजबूत वृद्धि के साथ 2,051 करोड़ रहा। ऑपरेटिंग प्रॉफिट 3,195 करोड़ रहा। एनआईएम 4% दर्ज की गई, और शुद्ध ब्याज आय 3,290 करोड़ रही। Q4-2025 के लिए कॉस्ट ऑफ डिपॉजिट 4.83% थी, जो Q4-2024 में 4.48% थी। CRAR 279 बीपीएस की YoY वृद्धि के साथ 25.05% रहा। संपत्ति पर रिटर्न (आरओए) Q4-2024 में 1.82% के मुकाबले त्त4-2025 में 29 बीपीएस बढ़कर 2.11% हो गया। इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) 20.40% रहा, (65 बीपीएस की YoY वृद्धि)। शुद्ध एनपीए 31 मार्च 2024 को 0.34% से घटकर 0.15% हो गया। सकल एनपीए 31 मार्च 2024 को 4.53% से घटकर 2.98% हो गया। पीसीआर 31 मार्च 2024 को 99.09% के मुकाबले 99.48% रहा।

## अक्षय तृतीया पर 12 टन सोना और 400 टन चांदी की होगी खरीदी, 16000 करोड़ के व्यापार की संभावना

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया कि इस साल अक्षय तृतीया के दिन लगभग 12 टन सोना जिसकी क़ीमत लगभग 12 हजार करोड़ और 400 टन चांदी जिसकी क़ीमत 4 हजार करोड़ टोटल 16 हजार करोड़ के व्यापार होने की संभावना है। बुधवार यानी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया है। इसे बहुत शुभ माना जाता है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक, अक्षय तृतीया एक शुभ दिवस होता है, जो सफलता और सौभाग्य लेकर आता है। ऐसे में लोग इस दिन धन और समृद्धि का स्वागत करने के लिए सोना खरीदने को शुभ मानते हैं।

# समरप्रूफ हेयर के लिए एक्सपर्ट गाईड

गर्मियों में सनड्रेस पहनकर समुद्र के किनारे छुट्टियाँ मनाने का मजा ही कुछ और है, लेकिन यह आपके बालों के लिए अच्छा नहीं होता है। बढ़ते तापमान और ज्यादा आर्द्रता के कारण बाल रुखे होकर उलझ जाते हैं तथा धूप से क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। डायसन में हेड ऑफ ब्यूटी रिसर्च, शॉन लिम गर्मियों में आपके बालों की सुंदरता बनाए रखने के लिए कुछ सुझाव दे रही हैं।

**गर्मियों में बालों का रखें ख्याल**

**नमी को खोने न दें**

वातावरण में आर्द्रता बढ़ने के साथ बालों की नमी में भी परिवर्तन आ जाता है। ज्यादा तापमान से बालों में प्राकृतिक नमी का संतुलन बिगड़ जाता है और बालों में छिद्र हो जाते हैं, जिससे नमी ज्यादा आसानी से कम या ज्यादा होने लगती है। इसलिए बालों के लिए इंटैलिजेंट हीट कंट्रोल वाली मशीन का उपयोग करें, जो अत्यधिक हीट से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए बनाई गई



हो तथा बालों की प्राकृतिक नमी का संतुलन भी बनाकर रखती हो।

**सिर की देखभाल करना भूलें नहीं**

गर्मियों में चेहरे की तरह ही सिर की त्वचा की भी अतिरिक्त देखभाल करनी पड़ती है। ज्यादा धूप, पसीना और प्रोडक्ट बिल्डअप से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ सकता है। इसलिए सप्ताह में एक बार कूलिंग सीरम के बाद एक्सफोलिएटिंग स्क्रब की मदद से सिर की त्वचा की देखभाल करते रहें। इसके साथ ही स्कैल्प प्रोटेक्ट मोड युक्त हेयर ड्रायर का उपयोग करें, जो सिर के करीब आने पर हीट को कम कर देता है, जिससे आप बिना डर के हेयर को स्टाईल कर सकते हैं।

**हीट स्टाईल स्मार्ट तरीके से करें, न कि कठोरता से**

स्टाईलिंग टूल्स में इंटैलिजेंट हीट कंट्रोल होना आवश्यक है ताकि क्षति कम से कम हो। डायसन एयररैप मल्टी स्टाईलर एवं ड्रायर तथा डायसन सुपरसोनिक न्यूरल हेयर ड्रायर बालों की सुरक्षा करते हुए बेहतरीन स्टाईलिंग प्रदान करते हैं। दैनिक उपयोग के लिए इन टूल्स को सबसे कम प्रभावी हीट पर सेट कर दें ताकि बालों में नमी बनी रहे और वो टूटें नहीं।

**सुरक्षात्मक कवच बनाएं**

यूवी किरणें, सॉल्ट वॉटर और क्लोरिनेटेड पूल बालों को नुकसान पहुँचाते हैं। ऐसे में बाहर निकलने से पहले बालों पर हेयर यूवी प्रोटेक्टेंट स्प्रे लगाएं और स्विमिंग करने से पहले एवं बाद में बालों को मीठे पानी से भिगो लें ताकि बालों में नमक और कैमिकल्स अवशोषित न हों।

## सर्पदंश से बचाव, उपचार और प्रबंधन समय की सबसे बड़ी जरूरत

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में मानसून की आहट के साथ ही खासकर ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। इस खतरे को देखते हुए मैनकाइंड ग्रुप की कंपनी भारत सीरम्स एंड वैक्सीन्स लिमिटेड (बीएसवी), जो दो दशकों से अधिक समय से उच्च गुणवत्ता वाले स्नैक एंटीवेनम की अग्रणी निर्माता रही है, ने कुछ विशेष पहलों की शुरुआत की है। इन पहलों का उद्देश्य है सही समय पर सही इलाज की उपलब्धता सुनिश्चित करना, सर्पदंश के प्रबंधन को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाना और इससे जुड़े भ्रमों को दूर करना। बीएसवी की इंडिया बिजनेस की सीओओ, सिवानी सरमा डेका ने कहा एक जिम्मेदार कंपनी और एंटी-स्नेक वेनम की अग्रणी निर्माता होने के नाते हमारा मानना है कि इलाज केवल उपलब्ध होना ही काफी नहीं, बल्कि वह सही समय पर सही जगह पर सही व्यक्ति तक पहुंचे, यह भी जरूरी है इसके लिए हम '4ए'-जागरूकता (अवेयरनेस), पहुंच (ऐक्सेस), उपलब्धता (एवबिलिटी) और कार्रवाई (ऐक्शन)-के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि बीएसवी लगातार कई क्षेत्रों में साझेदारी कर रही है ताकि समुदाय को प्राथमिक उपचार, सर्पदंश की रोकथाम, सही समय पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच, और उपचार से जुड़ी सही जानकारी मिल सके। कंपनी पारंपरिक भ्रांतियों को दूर करने के साथ ही स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को वैज्ञानिक तरीकों से प्रशिक्षित भी कर रही है ताकि सरकार द्वारा निर्धारित मानक उपचार दिशानिर्देश (स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट गाइडलाइन्स) को सही तरीके से लागू किया जा सके। जागरूकता के महत्त्व पर बात करते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर में प्रिंसिपल और राज्य महामारी विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. ओमेश भारती ने कहा स्नैक-ओ-पैथी यानी सांप के काटे से जुड़ी गलत धारणाएं भारत में विशेषकर ग्रामीण इलाकों में, एक गंभीर चिंता का विषय हैं केंद्र सरकार द्वारा सर्पदंश को सूचित करने योग्य रोग (नोटिफायबल डिजीज) घोषित करना एक सराहनीय कदम है।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के भविष्य का विजन साझा किया

**नई दिल्ली।** आयोजित ज़ी न्यूज़ आइडियाज़ ऑन एजुकेशन कॉन्क्लेव 2025 के मंच पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी के विकास को लेकर एक प्रेरणादायक बातचीत की। इस सत्र में मुख्यमंत्री ने आशावाद और व्यावहारिक विचारों के साथ यह स्पष्ट किया कि कैसे एक मजबूत 'ट्रिपल-इंजन सरकार' कृ केंद्र, राज्य और नगर निगम के बीच समन्वय कृ दिल्ली में तेज़ और समावेशी विकास को गति देगा। उन्होंने दिल्ली की पूरी क्षमता को अनलॉक करने और सभी क्षेत्रों में सतत प्रगति सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत शासन की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खुले दिल से स्वीकार किया कि बीते वर्षों में विकास को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब ध्यान पूरी तरह से एक उज्जवल और अधिक गतिशील दिल्ली के निर्माण पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि सरकार अब पुराने तुलनाओं में उलझने के बजाय दिल्लीवासियों के सपनों को साकार करने की दिशा में सामूहिक ऊर्जा को समर्पित कर रही है। अब प्राथमिकता है - कार्य, नवाचार और





नागरिक-केंद्रित विकास; पुराने राजनीतिक मुद्दों को पीछे छोड़ते हुए एक मजबूत भविष्य की ओर कदम बढ़ाना। शिक्षा इस संवाद का प्रमुख केंद्र बिंदु रहा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शिक्षा सुधारों के लिए 1900 करोड़ और झुग्गी पुनर्वास परियोजनाओं के लिए 700 करोड़ के महत्वपूर्ण बजटीय प्रावधान की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और जीवन स्तर को सुधारने के सरकार के संकल्प को दोहराया। मुख्यमंत्री के अनुसार, ये निवेश एक जीवंत और वैश्विक प्रतिस्पर्धी राजधानी के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। ज़ी न्यूज़ आइडियाज़ ऑन एजुकेशन कॉन्क्लेव एक ऐसा प्रभावी मंच बनकर उभरा जहां विचार, नेतृत्व और जन आकांक्षाएं एक साथ आईं। नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और नागरिकों के बीच संवाद को बढ़ावा देकर, इस कार्यक्रम ने यह स्पष्ट किया कि शिक्षा में किया गया निवेश किस तरह दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की नींव रख सकता है। यह कॉन्क्लेव सहयोग और दूरदर्शी सोच की शक्ति को उजागर करने में सफल रहा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्थायी प्रभाव छोड़ने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## इस साल अक्षय तृतीया पर पाएं प्लेटिनम ज्वेलरी का अक्षय आशीर्वाद



हिंदू संस्कृति के सबसे पवित्र त्योहारों में से एक, अक्षय तृतीया नई शुरुआत, समृद्धि और सौभाग्य के साथ नए प्रयासों और अक्षय आशीर्वाद का प्रतीक है। इस साल 30 अप्रैल, 2025 को अक्षय तृतीया मनाया जा रहा है। अक्षय तृतीया के उत्सव की शुरुआत के साथ 'ट्रू व्हाईट' खरीदने का भी काफी ज्यादा महत्व है क्योंकि यह शुद्धता और पवित्रता को प्रदर्शित करता है। प्लेटिनम ज्वेलरी 95 प्रतिशत शुद्धता और कालातीत आकर्षण के साथ अंदर से बाहर तक सफेद है, जो अक्षय तृतीय के मूल भाव को आत्मसात करता है। पृथ्वी पर मौजूद सबसे दुर्लभ और शुद्ध मैटल के रूप में प्लेटिनम अपनी प्राकृतिक सफेद चमक के लिए मशहूर है, जो कभी भी फींकी नहीं पड़ती है। इसलिए यह पवित्र उत्सवों के लिए उपयुक्त है। अपने शुद्धता के गुण के कारण अक्षय तृतीय मनाने के लिए प्लेटिनम ज्वेलरी सबसे उत्तम है।

प्लेटिनम ज्वेलरी ग्राहकों को अक्षय तृतीय मनाने के लिए विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। महिलाओं के लिए प्लेटिनम इवारा, पुरुषों के लिए मेन ऑफ प्लेटिनम, और युगलों के लिए प्लेटिनम लव बैंड्स अद्वितीय ज्वेलरी के साथ प्रतिबद्धता की सुंदर अभिव्यक्ति करते हैं।

प्लेटिनम ज्वेलरी पारंपरिकता को आधुनिकता से जोड़ती है। यह कई पीढ़ियों से स्थायी समृद्धि और सौंदर्य का प्रतीक है। हर प्लेटिनम ज्वेलरी पर अंकित "Pt 950 इसकी सर्वोच्च शुद्धता को प्रदर्शित करता है, जो अक्षय तृतीया मनाने के लिए सर्वोत्तम है।

# सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड को 49.50 करोड़ के राइट्स इश्यू के लिए बीएसई से मिली सैद्धांतिक मंजूरी

**मुंबई।** घरेलू साज-सज्जा (होम डेकोर ) और विभिन्न सुगंध उत्पाद बनाने वाली कंपनी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई 539519) को अपने 49.50 करोड़ रुपए के प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। कंपनी को यह मंजूरी 27 मार्च 2025 को मिली।

इस डेवलपमेंट पर सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मीत ब्रह्मभट्ट ने कहा कि राइट्स इश्यू के लिए बीएसई से सैद्धांतिक मंजूरी प्राप्त करना वास्तव में हमारे लिए एक माइलस्टोन है। हम अपनी बाजार स्थिति को मजबूत करना जारी रखेंगे और बर्नर मैन्युफैक्चरिंग में नवाचार को बढ़ावा देंगे। इस इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग रणनीतिक रूप से हमारी कार्यशील पूंजी को मजबूत करने, व्यापार विस्तार का समर्थन करने और मौजूदा और संभावित सहायक कंपनियों में निवेश करने के लिए किया जाएगा। हमारे प्रीमियम सुगंध और घरेलू सजावट उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा, यह पूंजी निवेश हमें परिचालन बढ़ाने, उत्पाद नवाचार बढ़ाने और बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने में सक्षम बनाएगा। सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड कंपनी विशेष रूप से कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, व्यापार विस्तार का समर्थन करने और मौजूदा सहायक कंपनियों में निवेश करने के लिए इस राइट्स इश्यू से शुद्ध आय का उपयोग करने का इरादा रखती है। इसके अलावा, फंड का उपयोग व्यवसाय विस्तार और विविधीकरण के लिए नई सहायक या सहयोगी कंपनियों को बनाने या अधिग्रहण करने या उच्च विकास क्षमता वाली कंपनियों में निवेश करने के लिए किया जाएगा।

सत्व सुकुन लाइफकेयर ने दिसंबर-2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया। जिसमें कंपनी की आवक में 65% की वृद्धि हुई और शुद्ध लाभ में 126% की वृद्धि हुई, जो इसकी परिचालन दक्षता को दर्शाता है। सत्व सुकुन लाइफकेयर नए अवसरों का लाभ उठाने, अपने डिजिटल पदचिह्न का विस्तार करने और सभी हितधारकों को मूल्य प्रदान करने पर केंद्रित है।

कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने हाल ही में नई और मौजूदा सहायक कंपनियों में 3,500 लाख रुपए का निवेश को मंजूरी दी है और व्यवसाय विस्तार के लिए 500 लाख रुपए आवंटन को भी स्वीकृत किया है। श्री मीत ब्रह्मभट्ट ने कहा कि हमें विश्वास है कि यह राइट्स इश्यू दीर्घकालिक सफलता के लिए हमारी नींव को मजबूत करेगा। अपने शेयरधारकों और निवेशकों के निरंतर समर्थन के साथ, हम नवाचार को बढ़ावा देने, अपनी पहुंच का विस्तार करने और पर्यावरण के अनुकूल स्थायी मूल्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## रेमेडियम लाइफकेयरः हमारे राइट्स इश्यू के साथ फार्मा की लहर पर सवार हों!

**मुंबई।** रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई÷ 539561) ने अपने बहुप्रतीक्षित राइट्स इश्यू के लॉन्च की घोषणा की है, जिसे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से मंजूरी मिल गई है। यह रणनीतिक पहल कंपनी की एक एकीकृत, शोध-संचालित फार्मास्युटिकल लीडर बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राइट्स इश्यू 30 अप्रैल, 2025 को खुलेगा और 14 मई, 2025 को बंद होगा। यह पूंजी जुटाना रेमेडियम के हाल ही में एक प्रमुख यूके-आधारित फार्मास्युटिकल कंपनी के साथ 182.7 करोड़ के समझौते के बाद हुआ है, जो अंतरराष्ट्रीय विस्तार के लिए इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस विकास पर बोलते हुए, रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री आदर्श मुंजाल ने टिप्पणी की यह राइट्स इश्यू वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त, नवाचार-आधारित दवा कंपनी बनने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पूंजी निवेश घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हमारी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करेगा, जिसमें यूरोप और एशिया पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ÷यह निवेशकों को निर्दिष्ट अवधि के भीतर प्रस्ताव की सदस्यता लेने और संभावित रूप से आकर्षक कीमत पर कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का एक रोमांचक अवसर प्रदान करता है।

जुटाई गई धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी को मजबूत करने, अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं में निवेश, उच्च मूल्य वाली दवा मध्यवर्ती वस्तुओं के उत्पादन को बढ़ाने, शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने, डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार में पैठ बढ़ाने के लिए किया जाएगा।

### 9.89 करोड़ रुपये की लागत से बने गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का सीएम योगी ने किया लोकार्पण

# पूर्व की सरकारों के एजेंडे में था सिर्फ वोट बैंक : योगी

- वोट बैंक के एजेंडे पर चलने वाली सरकारों ने की थी देश और प्रदेश की दुर्गति
- परिवार को सब कुछ मानने वाले सपा और कांग्रेस से कोई उम्मीद करनी बेमानी : मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में 2014 के पहले की सरकार के एजेंडे में देश नहीं था। इसी तरह 2017 के पहले उत्तर प्रदेश की सरकार के एजेंडे में आम जनता नहीं थी। इन सरकारों के एजेंडे में सिर्फ वोट बैंक था। वोट बैंक के एजेंडे को लेकर पूर्व की इन सरकारों ने देश और प्रदेश की जो दुर्गति की वह सबके सामने है।

सीएम योगी मंगलवार को चरगांवा में नगर निगम के गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन (जीटीएस) का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम के अंतर्गत नगर निगम के इस गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण पर कुल 9.89 करोड़ रुपये की लागत आई है। जीटीएस के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हर व्यक्ति को क्वालिटी ऑफ लाइफ देने के लिए देश में 2014 से प्रदेश में 2017 से जो कार्य हो रहे हैं, वे पहले भी हो सकते थे। पर, तब सत्ता में ऐसे लोग थे जो कुछ नहीं कर पाए। सभी नागरिकों को अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी कार्य को करने के लिए विजन चाहिए। विजन को धरातल पर उतारने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और ईमानदारी से कार्य करने की प्रवृत्ति चाहिए। परिकल्पना को परिणाम में बदलने के लिए टीमवर्क चाहिए। पर, जहां परिवार को ही सबकुछ मान लिया जाता हो, वहां सत्ता में बैठे लोगों से कोई उम्मीद करनी बेमानी है। उन्होंने कहा कि 2017 से पूर्व प्रदेश में सपा और 2014 से पूर्व केंद्र में कांग्रेस और उसके सहयोगी दल यही बेमानी करते रहे। सीएम योगी ने कहा कि पहले सड़क पर और नालियों में कूड़ा फेंक देने के कारण जलनिकासी नहीं हो पाती थी। सड़क पर गंदगी पसरी रहती थी। गंदगी से मच्छर पनपते थे, इंसेफेलाइटिस, डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां होती थीं। जब मच्छर और बीमारी बढ़ेगी तो माफिया भी पनपेंगे। 2017 के पूर्व गंदगी, मच्छर, बीमारी और माफिया गोरखपुर की पहचान से जुड़ गए थे। जबकि आज का गोरखपुर स्मार्ट सिटी के रूप में स्वच्छता के लिए सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के नए मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि 1977-78 से लेकर चार दशकों में 50 हजार मासूमों की मौत इंसेफेलाइटिस का चलते हुई थी। 2017 में प्रदेश में बनी डबल इंजन सरकार के प्रयासों आज इंसेफेलाइटिस पूरी तरह नियंत्रण में है। इंसेफेलाइटिस को नियंत्रित करने में पीएम मोदी द्वारा अक्टूबर 2014 में शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन की महत्वपूर्ण भूमिका है। इंसेफेलाइटिस नियंत्रित होने से हजारों नौनिहालों का भविष्य सुरक्षित हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लोगों को बीमारियों से बचाने और स्वच्छ-सुंदर वातावरण देने के लिए घर-घर शौचालय बनवाए गए, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा तथा हर घर नल से जल की सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में वेस्ट मैनेजमेंट के बेहतरीन काम हो रहे हैं। यहां कंस्ट्रक्शन वेस्ट से टाइल्स बन रहा है। सुथनी में 500 टन प्रतिदिन की क्षमता का वेस्ट टू चारकोल प्लांट लग रहा है। इसी क्रम में चरगांवा में 200 टन प्रतिदिन की क्षमता का गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन बना है। यहां चालीस वार्डों का कूड़ा निस्तारित होगा। इसी तरह का गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन लालडिग्गी में भी बनाया गया है। गोरखपुर में प्राकृतिक विधि से जलशोधन का भी नया मॉडल खड़ा किया गया है। पहले एक बरसात में ही शहर जलमग्न हो जाता था। गंदगी, मच्छर का अंबार लगने लगता था। 15 जून के बाद लोग इंसेफेलाइटिस की दहशत में रहते थे। गंदगी और मच्छर दूर करने के साथ ही अब शहर को जलजमाव से मुक्ति दिलाने की कार्ययोजना पूर्ण हो।रही है। इसके लिए गोड़धोइया नाला परियोजना जल्द ही पूरी हो जाएगी। इससे शहर को जलजमाव से मुक्ति मिलेगी, लोगों को आवागमन की सुगमता होगी और उन्हें स्वच्छ-सुंदर वातावरण मिलेगा। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के विकास में चौड़ी सड़कों, ड्रेनेज सिस्टम, एम्स, बीआरडी मेडिकल कॉलेज, खाद कारखाना और रामगढ़ताल से जुड़े कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज गोरखपुर बदल चुका है।

## गोरखपुर विवि की स्थापना में नींव का पत्थर है एमपी शिक्षा परिषद

- सीएम योगी के दादागुरु महंत दिग्विजयनाथ ने दान में दिए दो डिग्री कॉलेज तब प्रशस्त हुआ स्थापना का मार्ग
- हीरक जयंती समारोह में महंत जी की स्मृति में प्रेक्षागृह का शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** देश को आजादी मिलने के बाद उत्तर प्रदेश के पहले राज्य विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित गोरखपुर विश्वविद्यालय (वर्तमान में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय) उच्च शिक्षा के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में अपनी सेवा यात्रा के 75 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। 1 मई 1950 को इसका शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने किया था। स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 30 अप्रैल (बुधवार) को विश्वविद्यालय की तरफ से हीरक जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे।

गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह में मुख्यमंत्री की उपस्थिति उनके लिए प्रोटोकॉल से परे निजी तौर पर भी बेहद विशेष होगी। कारण, सीएम योगी जिस गोरक्षपीठ के महंत हैं, उसी पीठ से संचालित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की भूमिका गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना में 'नींव के पत्थर' समान है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना 1932 में तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ जी ने की थी और जब गोरखपुर में पहला राज्य विश्वविद्यालय स्थापित करने की योजना सिर्फ विचार मात्र तक सीमित थी तब महंत दिग्विजयनाथ जी शिक्षा परिषद के बैनर तले महाराणा प्रताप के नाम पर दो डिग्री कॉलेज (महिला और पुरुष) खोल चुके थे। इतिहास अध्येता एवं महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसढ़ के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव बताते हैं कि 1947 में आजादी मिलने के बाद सरकार यूपी में एक विश्वविद्यालय स्थापित करने की योजना बना रही थी।

## प्रबंधन पर झूठा शपथ पत्र देने वाले कंसल्टेंट को बचाने का लग रहा आरोप

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, गोरखपुर ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर झूठा शपथ पत्र देने वाले ट्रांजैक्शन कंसलटेंट को बचाने के लिए टालमटोल करने का आरोप लगाया है। संघर्ष समिति के संयोजक पुष्पेन्द्र सिंह ने टेंडर मूल्यांकन समिति की बैठक तत्काल बुलाकर कंसल्टेंट की नियुक्ति रद्द करने की मांग की है।पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष पर निजीकरण के बाद बिजली कर्मचारियों की सेवा शर्तों में कोई बदलाव न होने के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष गुमराह कर रहे हैं। निजीकरण के बाद बिजली कर्मियों की बड़े पैमाने पर छटनी होगी। ज्ञापन दो अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत आज प्रदेश में सांसदों, विधायकों और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिए गए। निजीकरण के ग्रुप में समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध सभा हुई। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों पुष्पेन्द्र सिंह, जितेन्द्र कुमार गुप्त, अतुल रघुवंशी, रंजना कन्नौजिया, प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, ब्रजेश त्रिपाठी, इस्माइल खान, संदीप श्रीवास्तव, विजय बहादुर सिंह, राकेश चौरसिया, राजकुमार सागर, करुणेश त्रिपाठी, विमलेश पाल, विकास श्रीवास्तव, सतेन्द्र मौर्य, दिलीप गौतम, पीयूष श्रीवास्तव, अमरनाथ कुशवाहा, प्रिंस गुप्ता, रविकान्त, एवं रवि पांडे ने बताया कि कंसल्टेंट नियुक्त किए जाने वाले टेंडर के कॉन्ट्रैक्ट ऑफ द इंजीनियर ने फाइल पर यह साफ लिख दिया है कि कंसल्टेंट ग्रांट थॉर्टन को झूठा शपथ पत्र देने के मामले में दोषी पाया गया है। इसके बाद टेंडर मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष और निदेशक वित्त ने फाइल पर यह लिखकर टाल दिया है कि टेंडर मूल्यांकन समिति की बैठक बुलाई जाए। बैठक की कोई तिथि नहीं लिखी गई है।

## महामाया मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का किया स्वागत



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ब्रिजेश कुमार पाठक के अम्बेडकर नगर एक दिवसीय दौरे पर महामाया एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के प्रधानाचार्य डॉक्टर आभास कुमार सिंह,ने उप मुख्य मंत्री से सभा स्थल नरेंद्र देव इंटर कॉलेज जलालपुर में मुलाकात की और उनका स्वागत किया। समीक्षा बैठक में प्रतिभाग इसके बाद, मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर आभास कुमार सिंह और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमित पटेल ने जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी और अन्य आला अधिकारियों के साथ उप मुख्य मंत्री की समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया। इस बैठक में मेडिकल कॉलेज की प्रगति के बारे में विस्तार से चर्चा की गई और उप मुख्य मंत्री को इसकी जानकारी दी गई। मेडिकल कॉलेज की प्रगति मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर आभास कुमार सिंह ने उप मुख्य मंत्री को मेडिकल कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों और परियोजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज की प्रगति और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी चर्चा की।

## गांजा तस्कर को पुलिस ने को किया गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** जिले के बसखारी पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ़्तार करने में बड़ी सफलता हासिल कि हैं। ज्ञातव्य हो कि अवैध गांजा की तस्करी करने वाले गांजा तस्करों के खिलाफ शिकायत मिल रही थी। अचानक मुखबिर खास से पुलिस को सूचना मिली कि अवैध रूप से दो गांजा तस्करी करने वाले अपराधी बसखारी थाना क्षेत्र में मौजूद हैं। पुलिस ने सूचना के आधार पर खोजबीन शुरू कर दी और अंतोगत्वा बसखारी थाना प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह द्वारा हमराहियों के साथ स्ट्रिंग ऑपरेशन के तहत बड़ी मसकत से अवैध गांजा की तस्करी करने वाले दो पेशेवर अपराधियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल कि हैं। पुलिसिया पूछताछ में पता चला कि यह व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से गांजा तस्करों की मिली भगत से लंबे अंतराल से गांजा तस्करी करने का कारोबार किया जा रहा था। हालांकि पुलिसिया जांच पड़ताल में इन गांजा तस्करों के पास से बसखारी पुलिस ने लगभग 9 किलो गांजे की खेप बरामद करने में सफलता हासिल कर ली हैं।

# वर्तमान समय में टांडा सीएचसी पर मरीज़ो को हर किस्म की मिलती है सुविधा

दानिश मेहदी




**टांडा अम्बेडकरनगर।** सीएचसी टांडा का निर्माण नब्बे के दशक मे कांग्रेस सरकार के दौरान नगर व आस पास के क्षेत्रों के बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर किया गया था जैसे जैसे समय जाता गया अस्पताल मे व्यवस्थाएं बढ़ती गयी।

इसी कड़ी मे वर्तमान समय मे सीएचसी अधीक्षक सहित कुल 78 पद पर विभिन्न पदों पर तैनाती है वर्तमान समय मे अस्पताल मे आग के बचाव हेतु आधुनिक उपकरणो के साथ साथ सुसज्जित ओटी की व्यवस्था है यही नहीं वर्तमान समय मे सीएचसी अधीक्षक डॉ अजय कुमार की केंद्र पर तैनात है और वह अपने दायित्वों के प्रति काफ़ी गंभीर दिखाई पड़ते है। उन्होंने बताया कि उक्त सीएचसी पर प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद मे आस पास के क्षेत्रों से मरीज़ ओपीडी के माध्यम से अपने रोगों का इलाज कराने के लिये आते है अस्पताल मे एक्सरे विभिन्न प्रकार की खून की जांचे व डिजिटल मशीन के द्वारा तरह तरह की जांचे प्रतिदिन मरीज़ करवाते है उक्त तीस शैय्या के इस अस्पताल मे मरीज़ो को हर सम्भव मदद कर उनको संतुष्ट कर लेना ही अधीक्षक की सबसे बड़ी जीत है वर्तमान समय मे कुत्ता बंदर व सांप काटने के समय लगने वाले रैबिज़ के इंजेक्शन छुट्टियों के अतिरिक्त सभी दिन लगाये जाते है जिसका लाभ प्रतिदिन आस पास के क्षेत्रवासियों को दिया जाता है सीएचसी अधीक्षक श्री डॉ अजय कुमार ने बताया की वर्तमान समय मे अस्पताल मे अल्ट्रासॉउन्ड की व्यवस्था नहीं दे पा रहे है आने वाले दिनों मे इसकी भी व्यवस्था अतिशीघ्र चालू करा दी जायेगी जिसके प्रति वह लगातार उनके द्वारा कागज़ी कार्यवाही की जा रही है ऐसे मे हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के तहत प्राइवेट सेंटरो के माध्यम से गर्भवती महिलाओ को भेजकर निशुल्क व्यवस्था की जाती है।

## पुलिस महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना/कोतवाली के महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1098/181/112/1090/1076 व महिला सम्बन्धी अपराधों के प्रति जागरुक किया गया।

## शिवांश गिरी ने जीता जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** 15वीं जिला ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2025 प्रतियोगिता में जूनियर कैटेगरी में दिग्विजयनाथ ट्रेनिंग सेंटर की ओर से शिवांश गिरी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। सिल्वर मेडल लालदेव ने प्राप्त किया। शिवांश पिलर्स स्कूल सिकटौर में क्लास 8th का स्टूडेंट है। यह आयोजन गोरखपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा कुसम्ही बाजार में सब-जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर कैटेगरी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कोच आदित्य जायसवाल, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य मनीष मोहन जी, संतोष, सोनी देवी, मनीषा देवी, समाचिक कर्मयोगी मंजीत श्रीवास्तव, आशीष मोहन, अंकुर कुमारव सहित सभी लोगों ने शिवांश को आशीर्वाद दिया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## भूगर्भ जल की बचत के लिए सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना पर 65 से 90 फीसदी अनुदान दे रही सरकार

**अमेठी।** फसलों की सिंचाई के दौरान पानी की बर्बादी रोकने और भूगर्भ जल की बचत के लिए सरकार उद्यान विभाग के माध्यम से किसानों को पर ड्राप, मोर क्राप, माइक्रो इरीगेशन योजना के अन्तर्गत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के उपकरणों को खरीद पर 65 से 90 फीसदी अनुदान दे रही है। शासन की ओर से इस वित्तीय वर्ष में जनपद को 1260हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के विस्तार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि उन्होंने बताया कि इस प्रणाली के प्रयोग से भूगर्भ जल की बचत के साथ-साथ पैदावार में भी वृद्धि होती है एवं योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक किसानों द्वारा यू0पी0एम0आई0पी0 पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा तथा ''पर ड्रॉप-मोर क्राप'' माइक्रोइरीगेशन योजना में ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंक्लर सिस्टम पर लघु/सीमान्त कृषकों को 90 प्रतिशत एवं अन्य कृषकों को 80 प्रतिशत का अनुदान एवं पोर्टेबल स्प्रिंक्लर एवं रेनगन स्प्रिंक्लर पर लघु/सीमान्त कृषकों को 75 प्रतिशत एवं अन्य कृषकों को 65 प्रतिशत का अनुदान अनुमन्य है व योजना में ''प्रथम आवक-प्रथम पावक'' के सिद्धान्त से आवेदनकर्ता को वरीयता दी जायेगी।

# नवनिर्मित विज्ञान प्रयोगशाला का उपमुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन




अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मंगलवार को जलालपुर स्थित नरेंद्र देव इंटर कालेज परिसर में नवनिर्मित विज्ञान प्रयोग शाला का समारोह पूर्वक उद्घटान करते हुए कालेज परिसर में स्थापित कालेज के पूर्व प्रधाना चार्य अनिरुद्ध सिंह परिवार की मूर्ति का अनावरण किया। डाक्टर केएनएस मेमोरियल अस्पताल की अध्यक्ष व स्व. परिवार की पुत्री डॉ मधुलिका सिंह के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानचार्य स्व.अनिरुद्ध सिंह परिवार के सामाजिक व शैक्षिक क्षेत्र में किये गये योगदान को याद किया और कहा कि स्व. परिवार का पूरा जीवन शिक्षा व समाज के लिए समर्पित रहा। उन्हों ने स्व.परिवार के पुत्रों व पुत्री द्वारा समाज के प्रति किये जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए कहा की उन के परिवार ने अपने पिता के सपनों को साकार करने का बीड़ा उठाया। और नरेंद्र देव इंटर कालेज में आधुनिक प्रयोग शाला का निर्माण कर बच्चों को कुछ नया सीखने का अवसर दिया। अपने संबोधन के दौरान जलालपुर से लगाव होने का बखान करने के साथ साथ इस विद्यालय के विकास के लिए पहल किया। पूर्व में समारोह को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री अर्चना मिश्रा, पूर्व सांसद रितेश पांडेय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी, त्र्यंबक तिवारी, अरुण कुमार सिंह, कालेज के प्रबन्धक प्रसेन जीत वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे और अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया गया।

## अपराध व अपराधियों पर पैनी नजर रखें : जिलाधिकारी



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल परिसर की समग्र स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की स्थिति, भोजन, चिकित्सा, रोजगार परक कार्यक्रम, स्वच्छता तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बंदियों के बैरकों का दौरा किया और वहां की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि सभी बंदियों को मूलभूत सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने जेल अस्पताल का भी जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकीय सेवाओं, उपलब्ध दवाइयों एवं चिकित्सकों की उपस्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि बीमार बंदियों को समय पर उपचार मिलना चाहिए और अस्पताल में सभी आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बंदियों से वार्ता कर उनको मिल रही सुविधाओ के बारे में जानकारी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कारागार में अनुशासन, स्वच्छता, सुरक्षा एवं मानवाधिकारों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए।

## सपा रामजीलाल सुमन के काफिले पर करणी सेना द्वारा किए गए हमले के विरोध में एक मई को प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार, दिनांक 1 मई को जनपद फर्रुखाबाद में एक विरोध प्रकट एवं शांतिपूर्वक धरना आयोजित किया जाएगा। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं वर्तमान सांसद रामजीलाल सुमन जी पर करणी सेना द्वारा की गई जानलेवा धमकी एवं 27 अप्रैल को हुए काफिले पर हमले के विरोध में अपनी आवाज बुलंद करना है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस गंभीर घटना के बावजूद सरकार द्वारा अभी तक कोई भी कठोर कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि करणी सेना को शासन-प्रशासन का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष संरक्षण प्राप्त है। इस धरना प्रदर्शन की सफलता हेतु समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री चंद्रपाल सिंह यादव जी के निर्देशानुसार, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य जी एवं कायमगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी व प्रदेश सचिव श्री सर्वेश अंबेडकर जी को कार्यक्रम का प्रभारी नियुक्त किया गया है। अतः जनपद के सभी सम्मानित नेताओं,पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील है कि वे 1 मई दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 10 बजे जिला कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित होकर इस शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

## जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता ने स्टाफ के साथ शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक ,29/04/2025 को जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जी0पी0गुप्ता द्वारा मय आबकारी स्टाफ क्षेत्र -2 कायमगंज,नवाबगंज, शमशाबाद की आबकारी दुकानें देशी शराब व कंपोजिट दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया तथा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 मय स्टाफ द्वारा क्षेत्रान्तर्गत छ्वत्रऋ शिकायतों का निस्तारण किया गया एवं आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, POS मशीन से बिक्री, Online Payment, CCTV कैमरा का परीक्षण किया गया एवं अनुज्ञापियों और विक्रेताओं को निर्देशित किया ।जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## बैरागढ़ में नून नदी के पुनर्जीवन पर संवाद

**उरई (जालौन)।** जिला प्रशासन एवं स्वयं सेवी सामाजिक संस्थान तथा डॉ संजय सिंह अध्यक्ष परमार्थ संस्था द्वारा एट कस्बे के समीप प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माँ शारदा मंदिर, बैरागढ़ में नून नदी के पुनर्जीवन को लेकर एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद के दौरान क्षेत्रीय लोगों ने नदी के संरक्षण व पुनर्जीवन हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। लोगों ने बताया कि लगभग दस वर्ष पूर्व क्षेत्र में एक नई नहर के निर्माण की योजना शुरु हुई थी, जिसका कार्य एट रेलवे स्टेशन और धगवाँ स्टेशन क्रासिंग के पास मौजा एट से शुरू हुआ था, परंतु यह कार्य अधूरा रह गया। स्थानीय समुदाय ने मांग की कि यदि इस अधूरी नहर को सदूपुरा होते हुए अमीटा गांव के मरघट नाले तक पहुँचाया जाए, तो नून नदी में लगभग दस माह तक जल प्रवाह बना रह सकता है।

## दलितों पर हो रहे घोर अन्याय अत्याचार को उजागर करेगी सपा अम्बेडकर वाहिनी : सुदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने कहा कि दलित समाज के साथ उत्तर प्रदेश सहित भाजपा शासित राज्यों में जो घोर अन्याय, अत्याचार, आमनवीय कृत्य हो रहे है उनको रोकने के बजाये तमाशबीन बानी भाजपा सरकार देख रही है।

आप कल्पना कर सकते हो की जब एक सांसद पर खुले आम हमला हो रहा है,जान से मारने की धमकी दी जा रही है। दबंगो व असामाजिक तत्वों द्वारा,तो देश व प्रदेश के आम नागरिक खास कर दलित समाज के क्या हालत होंगे। श्री सुदर्शन ने कहाकि एक दलित सपा सांसद रामजी लाल सुमन जी को सत्ता संरक्षित दबंग खुले आम जान से मारने की धमकी दे रहे है और हद तो तब होजाती है जब योगी सरकार का एक मंत्री उन दबगों के समर्थन में सांसद पर हुए हमले को सही ठहरता है! इससे जाहिर होता है कि सत्ता का नसा किस कदर सिर चढ़कर बोल रहा है। श्री सुदर्शन ने कहाकि सपा अम्बेडकर वाहिनी जनता के बीच में जाकर भाजपा सरकार में हो रहे दलितों पर घोर अत्याचार, अन्याय को उजागर करेगी और पीडीए समाज के प्रति भाजपा की कथनी और करनी का पर्दा फाश,प्रदेश में युद्धस्तर पर किया जायेगा। वही मैनपुरी की घटना से साफ जाहिर होता हैकि किस तरह से भाजपा सरकार में संविधान और बाबा साहब आंबेडकर जी की विचारधारा पर हमला किया जा रहा है मैनपुरी में अराजक तत्व ने बाबा साहेब की प्रतिमा को जेसीबी से उखाड़ ले गए। प्रदेश में आये दिन संविधान निर्माता बाबा साहब की प्रतिमा खंडित करने की खबरें आ रही हैं।

# न्यायाधीश अचल सचदेव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव ने आज जिला कारागार उरई का मासिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछताछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अर्पित सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जालौन स्थान उरई श्री अभिषेक खरे एवं जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे।

निरीक्षण में माननीय जिला जज महोदय ने पाकशाला का निरीक्षण किया। जिसके उपरान्त महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान, बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह इत्यादि के बारे में जाना-परखा। इसके बाद जेल चिकित्सालय का निरीक्षण किया, जिसमें कुछ बन्दी एच0आई0वी0 व एक टी0बी0 रोग से पीड़ित मिला। जिसके सम्बन्ध में जेल अधीक्षक को उनके उपचार हेतु निर्देशित किया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बन्दी के सम्बन्ध मे सम्पूर्ण जानकारी चाही गयी। महिला बन्दियों के साथ रह रहे 06 वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा-दीक्षा, खानपान, परिधान आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत् ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि किसी विचाराधीन बन्दी को पैरवी हेतु सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित न्यायालय में बन्दी की ओर से प्रार्थनापत्र दिलवाया जाना सुनिश्चित करें।

## जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने पकड़ा बिकने जा रहा 1200 कुंतल गेंहू

**अमेठी।** जिले में गेंहू खरीद की प्रगति बढ़ाने और गेंहू के अवैध संचरण और अवैध भंडारण के विरुद्ध डिप्टी आर एम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया है। सभी मुख्य मार्गों पर आने जाने वाली ट्रालियों की निगरानी की जा रही है। मंगलवार को अपराह्न लगभग तीन बजे डिप्टी आर एम ओ राजेश्वर प्रताप सिंह ने जगदीशपुर के गेट नं चार और इन्हौना चौराहे पर लगभग 1200 कुंतल मात्रा में फ्लोर मिल पर बिकने जा रहे गेंहू को पकड़ा है। एक ट्राला गेंहू जाफरगंज मंडी और आठ ट्राला गेंहू इन्हौना में सीज किया गया है। गेंहू का सरकारी खरीद रेट 2425रु प्रति कुंतल है। गेंहू खरीद में लगे बिचौलियों और राशन माफियाओं ने 2300से2350रु के रेट से किसानों से गेहूं खरीदा है। मंगलवार को चालक गेंहू को बेचने के लिए श्याम फ्लोर मिल जगदीशपुर जा रहे थे। चेकिंग अभियान पर निकली डिप्टी आर एम ओ की टीम ने गेंहू को पकड़ लिया।

# भगवान परशुराम की झांकी रही आकर्षण का केंद्र



**ब्राह्मण संगठनों ने निकाली सामूहिक शोभायात्रा**

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** नगर के विभिन्न प्रमुख ब्राह्मण संगठनों ने एक साथ अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जन्मोत्सव पर सुंदर झांकी रथ डीजे के साथ पूरे शहर में निकली गई यह शोभा यात्रा अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा.के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के आवाह्न पर प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ निकाली गई। तथा नगर के अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा.के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित श्रीपति उपाध्याय एवं राष्ट्रीय सचिव अवधनारायण तिवारी जिला अध्यक्ष रत्नाकर चौबे की अगुवाई में शुक्ला मैरिज हॉल हरबसपुर में सभी इकट्ठा होकर एक साथ नगर के लिए प्रस्थान किया जहां परशुराम भगवान की प्रतिमा का पूजन कर शोभायात्रा की शुरुआत हुई वही स्वामी श्याम जी महराज के द्वारा परशुराम की विशेष झांकी एवं दर्शन की व्यवस्था की गई तथा विभिन्न ब्राह्मण संगठनों में जिनमें पंकज शुक्ला शुक्ला ट्रांसपोर्ट, डॉ. अतुल कुमार दुबे, प्रवीण तिवारी, प्रमोद मिश्र सम्मिलित रहे शोभा यात्रा की शुरुआत कचहरी अंबेडकर तिराहा पानी टंकी से होते हुए पूरे शहर में भ्रमण कर कृषि भवन शिव मंदिर पर कार्यक्रम का समापन हुआ जहां महाप्रसाद का वितरण हुआ हजारों की संख्या में लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीपति उपाध्याय, प्रदेश प्रवक्ता डॉ ज्ञान प्रकाश मिश्र, राष्ट्रीय सचिव अवधनारायण तिवारी, जिला अध्यक्ष रत्नाकर चौबे, मंडल अध्यक्ष वाराणसी जयेंद्र शुक्ला, अमित पाण्डेय प्रदेश मीडिया प्रभारी, शेष मणि पाण्डेय, सुंदरम दुबे, दीपक पांडे, अजय त्रिपाठी, राकेश मिश्रा, अवनीश चौबे, प्रमोद मिश्रा, निलेश मिश्रा, महंत अवधेशानंद, कृष्णा उपाध्याय, मन्नालाल चौबे, सुंदरम दुबे, शक्तिशिल त्रिपाठी, पंकज मिश्रा, राजेश उपाध्याय, वेद प्रकाश शुक्ला,छोटेलाल तिवारी, त्रियोगी नाथ पांडे,अरविंद मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष के.सी. पांडे, शुभम उपस्थित रहे।

# सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती धूम-धाम से मनायी गयी



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिले सिरकोनी विकास क्षेत्र के शंकरगंज रेलवे क्रासिंग के पास स्थित एक होटल में मंगलवार को सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती धूम-धाम से मनायी गयी। कार्यक्रम में जनपद के विभिन क्षेत्रों से आये चौहान समाज के तमाम लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आम जनता पार्टी (सोशलिस्ट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश चौहान रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान भारत वर्ष के महान सम्राट थे,वो शब्दभेदी बाण चलाने में निपुण थे।उन्होंने विदेशी आक्रमण कारियों को युद्ध भूमि में अनेकों बार परास्त किया। आज के युवाओं को सम्राट पृथ्वीराज चौहान का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने ने यह भी कहा कि देश के लिए जब भी आवश्यकता पड़े तो सब कुछ बलिदान करने के लिए तत्पर रहना चाहिए।कार्यक्रम की शुरुवात पृथ्वीराज चौहान के चित्र में माल्यर्पण करते हुए शुरू किया गया।कार्यक्रम में तमाम अतिथियों ने भी अपने-अपने विचार को व्यक्त किया। इस दौरान दिनेश चौहान, डॉ आरबी चौहान,छोटे लाल , विरेन्द्र कुमार , पप्पू , दौलत चौहान, सुरेन्द्र चौहान,सुरज चौहान, अमेरिकन चौहान , संदीप चौहान, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश सिंह व अध्यक्षता जोगेन्दर चौहान ने किया।

## होटल के कमरे में लटका मिला छात्र का शव

**प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र के कोहड़ार स्थित एक होटल में पीएचडी छात्र अच्युत त्रिपाठी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अच्युत के बड़े भाई जर्नादन त्रिपाठी फतेहपुर में भाजपा के नगर महामंत्री हैं। ये घटना सोमवार रात की है। अच्युत अपने दो दोस्तों के साथ रात नौ बजे होटल पहुंचे। रात करीब एक बजे उन्होंने अपने चचेरे भाई को मैसेज कर लोकेशन भेजी और बुलाया। चचेरे भाई जब होटल पहुंचे, तो अच्युत के दोस्त कमरे के बाहर खाना खा रहे थे। कमरे में ताला लगा था। दोस्तों ने ताला खोलने से मना कर दिया। चचेरे भाई ने ताला तोड़कर कमरा खोला तो अच्युत की लाश चादर से लटकी मिली। दोस्त अच्युत को एसआरएन अस्पताल ले गए। वहां पहले से ही अच्युत के कुछ मित्र मौजूद थे। पुलिस ने एक दोस्त को हिरासत में ले लिया, जबकि दूसरा फरार हो गया। एसीपी मेजा रवि गुप्ता ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के भाई जर्नादन त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर देकर दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस हिरासत में लिए गए युवक से पूछताछ कर रही है।

# डीएम ने मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा उमानाथ सिंह स्वायत्तशासी मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण किया गया। ओपीडी वार्ड के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा चिकित्सकों से मरीजो के इलाज तथा इस समय किस रोग के मरीज अधिक आ रहे है, इसके संबंध में जानकारी ली गई। जिलाधिकारी के द्वारा मरीजों हेतु भर्ती वार्ड में सभी मूलभूत सुविधाओं को पूर्ण कराने की तैयारी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए अवशेष कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी के द्वारा मरीजों से संवाद करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का फीड बैक प्राप्त किया गया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बाहर की दवाई नहीं लिखी जाए। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि गम्भीरता पूर्वक कार्य करते हुए मरीजों का इलाज किया जाए, जिससे मरीजों को स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाएं प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर से निर्माण कार्य से सम्बन्धित जानकारी ली और निर्देशित किया कि अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, प्राचार्य मेडिकल कालेज रुचिरा सेठी, सीएमएस जाफरी, डा0 विनोद, डा0 सरोज, डॉ0 कर्नल पटेल सहित अन्य उपस्थित रहें।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने प्रयागराज में लॉन्च किया स्कॉलरशिप व एडमिशन पोर्टल

**अवधनामा संवाददाता**

**23 टॉप ग्लोबल कंपनियों के साथ किया एमओयू**



**प्रयागराज।** भारत की चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने लखनऊ में भारत के पहले एआई-सपोर्टेड निजी कैंपस की स्थापना की है। जहां छात्र-छात्राओं को छह मेन स्ट्रीम्स जिनमें इंजीनियरिंग, बिजनेस, हेल्थ और लाइफ साइंसेज, ह्यूमैनिटीज, लिबरल आर्ट्स समेत लीगल स्टडीज- में कुल 50 फ्यूचर-ओरिएंटेड, इंडस्ट्री कोलैबोरेटेड ग्रेजुएट व पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम्स का लाभ मिलेगा, जो सभी एआई सपोर्टेड होंगे। वहीं टॉप एआई कंपनी रैबिट एआई द्वारा 5 सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की स्थापना होगी। रैबिट एआई द्वारा भारत में पहली बार किसी प्राइवेट यूनिवर्सिटी में सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की स्थापना की जा रही है। यह जानकारी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, चांसलर के सलाहकार प्रो. डॉ. मनोज जोशी ने प्रयागराज में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी।

डॉ जोशी ने बताया की अब विश्व उच्च शिक्षा में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इंटीग्रेटेड उपयोग की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। इसी दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने भी उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 2500 करोड़ रुपये की लागत से देश का पहला एआई-सक्षम कैंपस स्थापित करने की घोषणा की है। जिसके चलते चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी एआई सपोर्टेड कैंपस स्थापित करने वाली भारत की पहली प्राइवेट यूनिवर्सिटी भी बन गई है। यह कैंपस लखनऊ -कानपुर रोड पर स्थित उन्नाव के एससीआर क्षेत्र में है। जहां छात्र-छात्राओं को न सिर्फ एआई-सपोर्टेड शिक्षा प्रदान की जाएगी बल्की इंडस्ट्री रेडी वर्कफोर्स तैयार होगी। उन्होंने कहा की चंडीगढ़ युनिवर्सिटी, लखनऊ ने छात्र-छ्त्राओं को साइंटिफिक रिसर्च के साधन उपलब्ध कराने के लिए सीवी रमन स्कॉलरशिप के माध्यम से तीन करोड़ रुपये की अतिरिक्त स्कॉलरशिप भी प्रदान करने की घोषणा की है । जो इनोवेशन और रिसर्च के कल्चर को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है साथ ही रिसर्च के क्षेत्र में किसी भी आर्थिक बाधा के समाधान में भी सहायक होगी। प्रो. डॉ मनोज जोशी ने सीयूसीईटी(चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट) 2025 पोर्टल लॉन्च करते हुए कहा की सीयूसीईटी के माध्यम से छात्र-छात्राएं स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी अपने कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीयूसीइटी) में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रवेश देती है। इच्छुक उम्मीदवार यूनिवर्सिटी की वेबसाइट https://cucet.cuchd.in के माध्यम से प्रवेश व स्कॉलरशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते है साथ ही सीयूसीईटी से संबंधित अधिक जानकारी के लिए 18002701411 टोल फ्री पर भी संपर्क कर सकते है। जिसका लक्ष्य हजारों छात्रों के शैक्षणिक सपनों को साकार करने के साथ ही इसके मध्य आने वाले तमाम आर्थिक बाधाओं का निवारण कर आने वाली पीढ़ी को रोजगार और एआई के क्षेत्र में नए अवसर तलाशने व अपने कौशल को सुधारने का सुलभ अवसर भी देना है। वहीं इस अवसर पर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ अजय यादव ने बताया की एआई के महत्व को समझकर यूपी के युवाओं को एआई के क्षेत्र में बढ़ाने व नए अवसरों के योग्य बनाने के उद्देश्य से चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने यूपी में अपने पहले एआई आधारित कैंपस की शुरूआत की है। लखनऊ - कानपुर रोड के उन्नाव एससीआर क्षेत्र स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का कैंपस अपनी तरह का पहला ऐसा कैंपस होगा जो की छह मेन स्ट्रीम्स में 50 फ्यूचर ओरिएंटेड (34 ग्रेजुएट और 16 पोस्टग्रेजुएट) प्रोग्राम प्रदान करेगा ।

उन्होंने बताया की इन एमओयू के अनुसार गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एसएएस, आईबीएम, रैबिट एआई और क्विक हील सहित इंडस्ट्री की दिग्गज कंपनियां इंजीनियरिंग प्रोग्राम और केपीएमजी, एनएसई, पीडब्ल्यूसी और ग्रांट थॉर्टन बिजनेस और कॉमर्स प्रोग्राम पेश करेंगी। जिनमें कुल 15 कोर्सेज में से 8 यूजी प्रोग्राम- बीटेक सीएसई (एआई और एमएल), बीटेक सीएसई क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा साइंस, बीबीए (फिनटेक), बीबीए (फिनटेक) एसीसीए के साथ, बी कॉम एसीसीए के साथ, बीसीए (डीएस), बीटेक सिविल इंजीनियरिंग और बीटेक (साइबर सिक्योरिटी) कॉम टीआईए के साथ पेश किए जाएंगे, वहीं सात पीजी प्रोग्राम- जिनमें एमटेक (एआई और एमएल), एमसीए (एआई और एमएल), एमबीए (डीएस और एआई), एमबीए-एप्लाइड फाइनेंस, एमबीए-फिनटेक, एमबीए- बिजनेस एनालिटिक्स और एमबीए (बीए) में पेश किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### टॉपर छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



**जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के श्रीनिवास बालिका इंटर कॉलेज कचगांव में कॉलेज में सर्वाधिक अंक पाने वाले दर्जन भर छात्रों छात्राओ को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट में पायल चौहान 80.4 प्रतिशत, शिक्षा पाल80.2 प्रतिशत, अर्चना चौहान 78.6 प्रतिशत, सुप्रिया चौहान 76.6 प्रतिशत, वही हाई स्कूल में रिया सिंह 90.16 प्रतिशत, अंजली राजभर 80.16. प्रतिशत, वर्तिका मौर्या 78.66 प्रतिशत सत्यम पटेल 76.16, है। कॉलेज के संरक्षक संतोष मिश्रा सुग्गु ने बताया कि परीक्षा परिणाम हाई स्कूल इंटर में स्तर प्रतिशत रहा, सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को अतिथियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष जफराबाद जय प्रकाश, डॉ विकास उपाध्याय, धनुषधारी पांडेय, कमलाकर दुबे, प्रियंका सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### शिक्षा और स्वस्थ मन विकास की जननी है: विवेक

**जौनपुर ( रामपुर)** स्थानीय पंचायत रामपुर में मुख्य विकास अधिकारी के आदेशानुसार स्थानीय नगर पंचायत रामपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओ के पठन-पाठन शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ बच्चों के उत्साहवर्दन एवं प्रोत्साहन के उद्देश्य से जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक कुमार द्वारा औचक निरीक्षक किया गया ।निरीक्षण के दौरान 118 बच्चों उपस्थित मिले साथ ही रसोई घर , क्लासरूम एवं आवासीय रूम तथा छात्रावास का भी निरीक्षण किया । कार्यालय में साफ सफाई व स्वच्छ भोजन बनाने की निर्देश दिए तथा बच्चों को मच्छरदानी लगाकर सोने का अपील की बच्चों को विज्ञान ,गणित, इंग्लिश एवं सामाजिक विषय पर भी बच्चों से बातचीत किए। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा मिंटू प्रजापति ,कृषि विशेषज्ञ जयप्रकाश गुप्ता ,विद्यालय के वार्डन शीला देवी, सुनीता गुप्ता, सीमा सिंह ,रूबी मौर्य मनीष कुमार सहित उपस्थिति रहें।

# भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं: डॉ. कुंवर

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** केंद्रीय विद्यालय इफको फूलपुर में तरुणोत्सव- 2025 कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साउथ एशियन यूनिवर्सिटी, दिल्ली के विधि अध्ययन संकाय में सहायक प्रोफेसर डॉ. दक्षा शर्मा तथा यूनाइटेड विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कला संकाय के अंग्रेजी साहित्य के सहायक प्रोफेसर डॉ. कुंवर शेखर गुप्ता प्रमुख वक्ता रहे।

केंद्रीय विद्यालय के प्रमुख शैक्षणिक कार्यक्रम तरुणोत्सव के द्वितीय दिवस पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य दुर्गा दत्त पाठक ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। संगोष्ठी के प्रथम सत्र को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए डॉ. दक्षा शर्मा, दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय, विधि अध्ययन संकाय की सहायक प्रोफेसर ने विद्यार्थियों को विधि के क्षेत्र में उपलब्ध करियर विकल्पों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वकालत, कॉर्पोरेट कानून, बौद्धिक संपदा अधिकार, साइबर कानून, अंतरराष्ट्रीय कानून और पर्यावरण कानून पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र का आयोजन ऑफलाइन किया गया। इस सत्र के प्रमुख वक्ता डॉ. कुंवर शेखर गुप्ता, सहायक प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग, यूनाइटेड यूनिवर्सिटी ने आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुसार अंग्रेजी भाषा कौशल को कैसे सुधारा जाए एवं भाषा कौशल से व्यक्तित्व को कैसे निखारा जाए÷ विषय पर व्याख्यान दिया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. शेखर ने अंग्रेजी भाषा कौशल को निखारने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए और कहा कि आज के आधुनिक युग में कोई भी व्यक्ति अधिक पढ़ने से बचने का प्रयास करता है, इसलिए हमारा प्रयास होना चाहिए कि कम शब्दों में अपनी बात को स्पष्ट, सटीक और आत्मविश्वास के साथ व्यक्त करें।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने वक्ताओं से संवाद किया और अपने करियर संबंधी विचार साझा किए। अंत में प्रधानाचार्य डी. डी. पाठक ने धन्यवाद ज्ञापित किया और अतिथियों का अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक सचिन कुमार राय रहे तथा संचालन प्रेम दीपक मिश्रा ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## रुद्र और प्रियम ने विष्णु भगवान स्कूल को जिताया

**प्रयागराज।** रुद्र प्रताप (71 रन, 82 गेंद, दस चौके) और कार्तिकेय सिंह के अर्धशतक (54 रन, 61 गेंद, नौ चौके) एवं प्रियम सिंह की उम्दा गेंदबाजी (6-0-46-4) की के दम पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को 95 रन से हराकर मनीष देब-स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने मंगलवार को अपने मैदान पर 40 ओवर में 7 विकेट पर 265 रन (रुद्र प्रताप 71, कार्तिकेय सिंह 54, आकाश शुक्ला 40, विवेक कुमार 27, उज्ज्वल शर्मा 26, सचिन विश्वकर्मा 21, मोहम्मद शावेज 20, मोहम्मद हमदान 2/46, अजान, उबैद उल्ला, अभय गौतम व अब्दुल्ला एक-एक विकेट) बनाकर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को 23.2 ओवर में 170 रन (मोहम्मद हम्माद 75, अमीन इब्ने मोइन 22, प्रियम सिंह 4/46, अवनीश सिंह 3/41, उज्ज्वल शर्मा 2/25) पर समेट दिया।

# एसपी ट्रैफिक द्वारा एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित कार्याशाला संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद पुलिस लाईन स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक यातायात जनपद आजमगढ़ विवेक त्रिपाठी द्वारा ड्रग डिस्पोजल में धारा-52ए की कार्यवाही, व मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों की 03 पीडीएफ फाइल क्रमशः पीडीएफ 1-अनिवार्य दिशा- निर्देश, पीडीएफ2 निर्देशिका चेकलिस्ट पीडीएफ 3-पुलिस अधिकारियों के भिन्न अन्य राजपत्रित अधिकारियों की सूची एवं उनके मो0नं0 पीडीएफ फाइल में उपलब्ध कराकर आवष्यक कार्यवाही हेतु अपने विवेचकों तथा पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारियों को उनके मोबाइल फोन में रेडी रैकनर (गणक) के रूप में रखने हेतु आदेशित किया गया जिसकी पुलिस उपाधीक्षक, प्रशासनिक मजिस्ट्रेट से उपर पंक्ति के सभी अधिकारी, जांच, विवेचनाधिकारी की आकास्मिक जांच कर सकते है। स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 (एनडीपीएस एक्ट 1985) के अन्तर्गत की जाने वाली बरामदगी, गिरफ्तारी, विवेचना में गुणात्मक सुधार लाये जाने हेतु एनडीपीएस एक्ट 1985 के अधिनियम के आज्ञापक प्राविधानों के अन्तर्गत दिशा-निर्देश व से सम्बन्धित प्राप्त निर्देशों के सम्बन्ध में अनुपालन कराये जाने हेतु कार्यशाला का आयोजन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## प्रयाग की जीत में अंश चमके

**प्रयागराज।** प्रयाग क्रिकेट क्लब ने गोपाल जी भारतीय स्मारक अंडर -16 क्रिकेट प्रतियोगिता में फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब को तीन विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। विजेता टीम के अंश सिंह की बहुमुखी प्रदर्शन ( 74 रन, 61 गेंद, 11 चौके, दो छक्के एवं 7 - 0 - 29 - 4 ) किया। मंगलवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 38.2 ओवर में 200 रन ( शिवांश मिश्रा 84, आयुष सिंह 27, पीयूष मिश्रा 21, कनिष्क श्रीवास्तव 20 रन, अंश सिंह 4/29, अनंत पाल 2/41, अरविन्द 1/19, अभय राज यादव 1/24, अजीत कुमार 1/32 ) पर सिमट गई।

## सूचना

यह सूचित किया जाता है कि मेरा नाम नौशाद था जिसे अब मैंने अपना नाम बदलकर नौशाद बेग रख लिया है। अब मुझे मेरे नए नाम नौशाद बेग के नाम से जाना पहचाना वा पुकारा जाए नौशाद बेग पुत्र अलीम ग्राम शाहपुर मौलानी पोस्ट व थाना कंधरापुर जिला - आजमगढ़।

# करणी सेना द्वारा उनके काफिले पर प्राण घातक हमले के विरोध में सपा ने किया प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** वरिष्ठ दलित चिंतक सांसद रामजीलाल सुमन पर 27 मार्च को जनपद-अलीगंज में करणी सेना द्वारा उनके काफिले पर प्राण घातक हमले के विरोध में समाजवादी पार्टी आजमगढ़ ने महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को ज्ञापन दिया ज्ञापन में मांग की गई कि योगी सरकार में निरंतर दलितों, पिछड़ों पर जुल्म अत्याचार बढ़ रहा है। यहां तक वरिष्ठ सांसद को भी अपराधियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

करणी सेना द्वारा सरेआम हथियारों का प्रदर्शन यहां तक की सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व दलित सांसद रामजीलाल सुमन को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं दलित नौजवानों को जय भीम का नारा लगाने पर नंगा करके चौराहे पर घसीट घसीट कर पीटा जा रहा है। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। जाति विशेष के लोगों को योगी सरकार का संरक्षण मिल रहा है। जिससे आपराधिक घटनाएं बढ़ गई हैं। महामहिम राज्यपाल से मांग की गई कि मुख्यमंत्री को निर्देशित कर ऐसी घटनाओं में शामिल लोगों के विरुद्ध कठोर से कठोर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए।

ज्ञापन देने वालों में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष- हवलदार यादव, पूर्व सांसद- नंदकिशोर यादव,सांसद- दरोगा प्रसाद सरोज, पूर्व एमएलसी- कमला प्रसाद यादव, विधायक- बेचईसरोज, जिला पंचायत- अध्यक्ष विजय यादव, पूर्व एमएलसी- राकेश कुमार यादव गुड्डू, करुणाकांत मौर्य, रामप्यारे यादव, अजीत कुमार राव, मोहम्मद आरिफ खान, दुर्गेश यादव, बबीता चौहान, गौरव यादव रिंकू, संतोष कुमार गौतम, कमलेश यादव गायक, इं. लालचंद यादव, गौरव यादव मुबारकपुर,, इं. अभिषेक यादव, आनंद यादव, द्रौपदी पांडेय,अनीता चौधरी, आशीष यादव अतरौलिया, गोलू यादव,जीएस प्रियदर्शी, लालचंद मास्टर, प्रदीप यादव, सोहराब अहमद, डॉ अजय, रामप्रकाश राम, जगदीश यादव, वसीमुद्दीन अहमद, डॉ धनराज यादव,हरिश्चंद्र यादव, राजेश यादव गेलवारा ,प्रदीप यादव,शशि कुमार आदि लोगों उपस्थित रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**NER-LJN—2025—34**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक /इंजीनियरिंग /पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन "खुली" ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है– **ई निविदा संख्याः– NER-LJN-2025-34, कार्य का नामः–** सीनियर सेक्शन इंजीनियर /कार्य / बहराइच के अनुभाग में बहराइच स्टेशन पर पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आर० सी०सी० ओवरहेड टैंक (50,000 गैलन) के साथ–साथ गहरे ट्यूबवेल के निर्माण का कार्य।, **अनुमानित लागत (रु):–** 13297173.16, **अग्रिम धन (रु):–** 216500.00, **समापन अवधिः–** 06 माह, 1 उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2025-34** के लिये ई–निविदा दिनांक 30.05.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2 उपरोक्त ई निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग**

मुजाधि/डब्लू–39 **लखनऊ**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **05.06.2025** को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01-DyCE-GSU-LKO-2025-26 दिनांक 28–04–2025 | | |
| 2 | निविदा संख्या | 01-DyCE-GSU-LKO-2025-26 | | |
| 3 | कार्य का नामः गति शक्ति इकाई, उत्तर रेलवे, लखनऊ की परियोजनाओं के लिये सामान्य परामर्शदाता (GC) की नियुक्ति। | | | |
| 4 | अनुमानित लागत | रू0 3,75,16,227.66 | 5 घरोहर राशि | रू0 3,37,600.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चौबीस माह। | | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 22.05.2025 | | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 05.06.2025 11:30 बजे | | |
| 9 | बेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1260/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अनुरक्षण खण्ड नं.-1 (सिविल) लो.नि.वि., लखनऊ**

पत्रांक : 1000/निविदा/2025 दिनांक 25/04/2025

**निविदा सूचना**

1- महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड-1 (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्य के लिये लोक निर्माण विभाग क्लासें ए/बी/सी/डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार निविदा डालने के योग्य होगें।

| क्र. सं. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा पपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | लखनऊ | जीर्णोद्धार/सुधारीकरण मद के अन्तर्गत इन्दिरा नगर कालोनी सेक्टर- 4 स्थित आवास सं0- एल-3-1241/04, एल-2-1157/01, एल-1-1231/03 में विशेष सिविल मरम्मती कार्य। | 2.77 | 0.28 | 677/- | 02 माह | अधि.अभि.अनु. ख. -1(सि.), लो.नि.वि. लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | जीर्णोद्धार/सुधारीकरण मद के अन्तर्गत इन्दिरा नगर कालोनी सेक्टर- 4 स्थित आवास सं0 - एम-1147, एल-3-1159/05, एल-2-1133/02 में विभिन्न सिविल अनुरक्षण कार्य। | 1.75 | 0.18 | 589/- | 02 माह | अधि.अभि.अनु. ख. -1(सि.), लो.नि.वि. लखनऊ |
| 3 | लखनऊ | जीर्णोद्धार/सुधारीकरण मद के अन्तर्गत इन्दिरा नगर कालोनी सेक्टर- 4 स्थित आवास सं0- एल-2-1155/06, एम-1-1263, एम-1-1213 में विभिन्न सिविल अनुरक्षण कार्य। | 2.55 | 0.26 | 677/- | 02 माह | अधि.अभि.अनु. ख. -1(सि.), लो.नि.वि. लखनऊ |
| 4 | लखनऊ | जीर्णोद्धार/सुधारीकरण मद के अन्तर्गत इन्दिरा नगर कालोनी सेक्टर- 4 स्थित आवास सं0- एल-2-1163/07, एल-1-1229/08, एल-1-1229, एम-1-1251 में विभिन्न सिविल अनुरक्षण कार्य। | 2.86 | 0.29 | 677/- | 02 माह | अधि.अभि.अनु. ख. -1(सि.), लो.नि.वि. लखनऊ |
| 5 | लखनऊ | जीर्णोद्धार/सुधारीकरण मद के अन्तर्गत कानपुर रोड कालोनी स्थित आवास सं0-एल0डी0एस0-12 एवं एल0डी0एस0-22 में विशेष सिविल मरम्मती कार्य। | 1.47 | 0.15 | 589/- | 02 माह | अधि.अभि.अनु. ख. -1(सि.), लो.नि.वि. लखनऊ |

निविदा प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता जिनका उल्लेख उक्त तालिका के स्तम्भ-8 मे किया गया है, के कार्यालय में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराहन 04:00 बजे तक दिनांक 01.05.2025 से दिनांक 07.05.2025 तक निविदाए बेची जायेगी तथा दिनांक 08.05.2025 को अपराह्न 12:00 बजे तक जमा की जा सकती है, जिनको उसी कार्य दिवस में दिनांक 08.05.2025 को 12.30 बजे जिलाधिकारी के कार्यालय में इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। यदि उक्त निविदा प्राप्त करने एवं खोलने की तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा प्राप्त एवं खोलने की तिथि अगला कार्य दिवस होगा और खोलने के समय, स्थल तथा वैधता में कोई परिवर्तन नहीं होगा। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण इस कार्यालय से उपरोक्त तिथियों में देखा जा सकता है।

**(उमाकान्त पाण्डेय)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**अनुरक्षण खण्ड नं.-1(सिविल)**
**लो.नि.वि., लखनऊ**

**UPID-233079** **Dated-28-04-2025**

विज्ञापन आदेश के अनुसार **www.upgov.in** पर उपलब्ध

# मण्डलायुक्त ने किया मुख्यमंत्री डैश बोर्ड की समीक्षा, दिये आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री डैश बोर्ड की समीक्षा बैठक मंगलवार को मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में मण्डलीय विकास कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपेन जिम, लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कराये जा रहे सेतु निर्माण की समीक्षा की गयी।

आयुक्त ने सेतु निर्माणाधीन कार्यो को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कराये जा रहे सड़को के निर्माण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों को दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा की गयी। आयुक्त ने निर्देश दिया कि लोक शिकायतों का समय से निस्तारण कराये। मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान बस्ती जनपद में भूमि उपलब्ध नही है। मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी बस्ती को निर्देश दिया कि शीघ्र ही भूमि का चयन कराये। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि लक्ष्य के अनुसार भूसा संग्रहण करा ले। इसके अलावा गौवंश को हरे चारे एवं पशुआहार एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराये। इसके अलावा नन्दिनी योजना के प्रगति की समीक्षा की गयी। फार्मर रजिस्ट्री की



समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त के ने निर्देश दिया कि कॉमन सर्विस सेन्टर एवं एप के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री कराये। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा की गयी। पीएव सूर्य घर योजना की समीक्षा के दौरान अधिक से अधिक लोगो को प्रेरित कर लगवाये। इसके अलावा समस्त अधिकारीगण भी अपने घरो पर लगवाये। मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी बैंक रूचि लेकर ऋण लाभार्थियों को दे। इसके साथ सीडी रेसियो बढ़ाने का निर्देश दिया।

बाढ़ की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि समय से रैन कट एवं रैट कट सही कराये तथा समस्त तैयारियां समय पूर्व कर ले। स्वास्थ्य विभाग समीक्षा के दौरान बीएचएनडी दिवस, संस्थागण प्रसव, टीकाकरण आदि की समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग कार्य करे। कार्य न करने वाले लोगो के विरूद्ध कार्यवाही करे। इसके अलावा पोर्टल पर शत-प्रतिशत फीडिंग कराने का निर्देश दिया। गेहूँ खरीद की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत खरीद कराये। मण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री शादी विवाह योजना, कन्या विवाह सहायता योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कोई भी पात्र आवेदन किसी भी स्तर पर लम्बित ना रहें। उन्होने विभागवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की श्रेणी 'ए' है, ऐसे विभाग 'ए' प्लस श्रेणी में आने का प्रयास करें और 'ए' प्लस वाले यथास्थिति को बनाये रखें। विकास कार्यो में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही क्षम्य नही होगी। मण्डलीय अधिकारी विभाग में संचालित लाभपरक योजनाओं का प्रत्येक दशा में पात्र व्यक्ति को चिन्हित कर लाभ अवश्य पहुँचायें। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल बस्ती श्री अखिलेश सिंह ने सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत निर्देश दिया कि मण्डल के जनपदों में सड़क पर गिट्टी, मोरंग बालू आदि पड़ा नही होना चाहिए। पार्किंग की व्यवस्था होना

**विकास कार्यो में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही क्षम्य नही होगी**

चाहिए। इसके साथ ही रोडवेज के आस-पास अतिक्रमण हटाने का भी निर्देश दिया। कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल बस्ती श्री अखिलेश सिंह ने निर्देश दिया कि जिन विभागों का लक्ष्य पूर्ण नही है। शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। 10 बड़े बकायेदारो की समीक्षा की गयी। वाद के निस्तारण की समीक्षा की गयी। बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त बलराम कुमार ने किया। बैठक में जिलाधिकारी बस्ती रवीश गुप्ता, जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर डा0 राजा गणपति आर, जिलाधिकारी सन्तकबीर नगर आलोक कुमार, पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनन्दन, पुलिस अधीक्षक सन्तकबीर नगर सत्यजीत गुप्ता, सीडीओ बस्ती सार्थक अग्रवाल, सीडीओ सन्तकबीर नगर जयकेश त्रिपाठी, सीडीओ सिद्धार्थनगर जयेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी बस्ती प्रतिपाल सिंह चौहान, सन्तकबीर नगर जयप्रकाश, सिद्धार्थनगर गौरव श्रीवास्तव, उप संचालक चकबन्दी राजेश सिंह, उपमहानिरीक्षक निबन्धन बस्ती शशि भानु मिश्र, तीनों जिलों के सीएमओ, एवं सम्बन्धित मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## टांडा पुलिस को लगी बड़ी सफलता दो अभियुक्तों व चोरी का धन किया बरामद

**अम्बेडकरनगर।** पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी के 5 लाख 47 हजार 500 रुपये के साथ 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी थाना टाण्डा पुलिस टीम द्वारा की गई है, जिन्होंने मुकदमा अपराध संख्या 122/25 धारा 305 (ए 317(2),317(5),61(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। चोरी की घटना दिनाँक 29.04.2025 को वादी शशिकान्त ओझा पुत्र गौतम ओझा निवासी चिन्तौरा चौराहा पैकोलिया द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दिया गया था कि दिनांक 27.04.2025 को वादी के साथ काम करने वाले रणविजय यादव पुत्र नन्दा यादव वादी के साथ बैठकर खाना खाया तथा रात्रि 09.00 बजे आँधी तूफान आने की वजह से बिजली गुल होने पर वादी छत पर चला गया जब वापस आया तो रणविजय चला गया था। वादी भी अपने कमरे में जाकर सो गया तथा सुबह जब वादी जगा तो बैग में रखे हुए 05 लाख 50,000/- रूपये गायब थे।

# खीरीडीहा में इस्लाहे मोआसरा कांफ्रेंस का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन क्षेत्र के मदरसा अरबिया अहले सुन्नत अशरफुल उलूम खीरीडीहा मे सोमवार की शाम क्षेत्र वासियों के सहयोग से इस्लाहे मोआसरा कांफ्रेस का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत हाफ़िज़ व कारी सैयद शेर अली बेलसड ने कुरान मजीद की आयात पढ़कर कांफ्रेस की शुरुआत किया। जलसे के मुख्य अतिथि मुफ्ती शमसुद्दीन मकराना राजस्थान, मुफ्ती अलाउद्दीन सन्त कबीर नगर,सैय्यद कमरुल इस्लाम फतेहपुर के रहे। मुफ्ती शमसुद्दीन मकराना ने अपने सम्बोधन में कहा की मदरसे को हाईटेक करने के लिए सरकार के साथ काम करो ताकि प्रधानमंत्री का सपना पूरा हो सके। प्रधानमंत्री जी ने आप के मदरसे को आधुनिक बनाने के लिए मदरसों में आधुनिकीकरण करने के लिए काम कर रहे है और एक हाथ में कम्प्यूटर और एक हाथ में कुरान देखने के लिए कह रहे है। आप लोग अपने बच्चों को शिक्षा जरुर हासिल कराये ताकि डाक्टर और इंजीनियर बने पहले शिक्षा जरूरी है तभी यह सब सम्भव है और उन्होंने कहा अपने बच्चों की सिम्पल शादी करने की आदत डालें सभी उलमा मिलकर अपने क्षेत्र में दहेज लेने और दहेज देने पर पाबन्दी लगाओ अपने बेटियों को दहेज के बजाय हिस्सा दो ताकि दीन और दुनिया दो बने। शायरे इस्लाम अरशद इकबाल शिवान व कारी जिया फैजी ने पढ़ी और लोगों की वाह वाही बटोरी।जिसकी अध्यक्षता जामा मस्जिद बेलसड के इमाम मौलाना मेहरुद्दीन ने किया। जल्से का संचालन मौलाना मोहम्मद हारून के द्वारा किया गया। इस दौरान मौलाना सफात अहमद, मौलाना इस्लाम, मुफ्ती अब्दुल हकीम, मौलाना जमालुद्दीन, मौलाना शाहीद रजा, मौलाना मोहम्मद रजा मौलाना अशफाक, मौलाना दानिश रजा गोरखपुरी, मौलाना इमामुद्दीन, प्रधानाचार्य हाफिज अहमद अली अशरफुल उलूम खीरीडीहा, मौलाना व मास्टर शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने किया एक राष्ट्र एक चुनाव गोष्ठी का आयोजन



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोटन स्थित तराई लान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव की संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक श्याम धनी राही रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय उपाध्याय ने किया। एव संचालन जिला उपाध्यक्ष तेजू विश्वकर्मा ने किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सदर विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं के लिए सुविधा और आसानी होती है मतदाता थकान से बचते हैं, तथा मतदान प्रतिशत में वृद्धि होती है। एक राष्ट्र एक चुनाव से नीतियों में अधिक निश्चितता आएगी। चुनावों के एक साथ होने से आर्थिक स्थिरता और विकास में वृद्धि होगी जिससे व्यवसाय प्रतिकूल नीतिगत परिवर्तनों के भय के बिना निर्णय लेने में सक्षम होंगे। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष अजय उपाध्याय ने अपने सम्बोधन मे कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव नीतिगत निष्क्रियता को रोकता है और शासन पर ध्यान केंद्रित बढ़ाता है सरकारी खजाने पर वित्तीय बोझ कम होगा क्योंकि इससे बीच-बीच में होने वाले चुनावों पर होने वाले व्यय का दोहराव खर्च नहीं होगा ने एक राष्ट्र एक चुनाव के कार्यान्वयन से दुर्लभ संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग, पूंजी निवेश में वृद्धि और परिसंपत्ति सृजन होगा। राजनीतिक कार्यकर्ताओं, सरकारी अधिकारियों और सुरक्षा बलों का समय और ऊर्जा बचेंगी इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष लोटन दृग नारायण सिंह ,संपूर्णानंद पांडेय पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा नौगढ़ देहात, मूसे सिंह, अंकित सिंह,वप्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद मणि त्रिपाठी, पंकज वर्मा कमलेश चौरसिया, अरबाज चौधरी, सोनू सिंह, विकास पांडेय जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, सीताराम यादव,नितेश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी मनरेगा योजना मजदूरों का फर्जी जॉब कार्ड लगाकर प्रधानों ने की लूट

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** देश की सबसे बड़ी रोजगार योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार एक्ट (मनरेगा) अब पूरी तरीके से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। भ्रष्टाचार इस योजना में भी सेंधमारी करके पूरी योजना पर पलीता लगा दिया है। इस योजना का मकसद था कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवारों को रोजगार मिल सके ताकि वे रोजगार के लिए बाहरी प्रदेशों में ना जाएं।मगर मनरेगा के जिम्मेदारों ने ही इस योजना में इस कदर लूट मचाई कि सरकार की पूरी मंशा धराशाई हो गई।जनपद सिद्धार्थनगर के खेसरहा बलाँक में खास तौर पर इस योजना ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। खेसरहा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत बगहवा कोमर मे दिनांक 26-04-2025 को 73 मनरेगा मजदूर लगे थे पोर्टल पर 27-04-2025 को 71 28 ता0मात्र 10,29-4-2025 को 71 मजदूर लगे है पोर्टल पर एक ही



फोटो बार बार अपलोड कर हाजरी लगाकर सरकार को चुना लगाने पर लगे हुए है।यह राम देव के खेत के पास ढाला निर्माण कार्य,। रामबचन के खेत के पास ढाला निर्माण, सुरेश के खेत से खण्जा तक कृषि रोड के कार्यो मे 71 मनरेगा मजदूर कागजो मे लगे हुए हैं मौके पर कोई मौजूद नहीं है। संदीप सिंह डीसी मनरेगा से इस संबंध मे कहा कि मेरे वाट्सअप पर मामले को भेज दो कार्रवाई निश्चित होगी।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री रामलखन वर्मा की मनी पुण्यतिथि

**हजपुरा अम्बेडकरनगर।** जलालपुर की राजनीति में अहम स्थान रखने वाले और लगातार तीन बार के विधायक रह चुके दलितों पिछड़ों मजलूमों एवं बहुजनों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ने वाले समाजवादी विचारधारा से ओतप्रोत पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राम लखन वर्मा की पुण्यतिथि 27 अप्रैल (रविवार) को भीम ज्योति बालिका इंटर कॉलेज, ताहापुर इस्माइलपुर में नम आंखों से मनाया गया। जिलाध्यक्ष जंग बहादुर यादव ने कहा कि वर्मा जी के संघर्षो और बताए गए रास्ते पर चलकर उनके सपनों को पूरा करने का कार्य समाजवादी पार्टी करेंगी। वर्मा जी की मृत्यु 27 अप्रैल 2003 में भागलपुर गांव के पास उनके पालतू हाथी के चपेट में आ जाने से हुई। ताहापुर इस्माइलपुर के रहने वाले वर्मा ने राजनीति में 1982 में जिला पंचायत सदस्य बनकर राजनीति में कदम रखा था 1984 में निर्दलीय विधायक का चुनाव लड़े और 16000 वोट हासिल किया,बाद में बसपा में शामिल होकर 1989 में 50000 वोटो से अधिक मत पाकर विधायक चुने गए। 1991 और 1993 में भी बसपा टिकट पर जीत दर्ज किया।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए चलेगा विशेष अभियान

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** इस वर्ष अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले में कोई बाल विवाह न हो इसके लिए मानव सेवा संस्थान सेवा गोरखपुर के द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहा है, जिसके लिए पुरोहित, मौलवी, व धर्मगुरूओं के सहयोग की अपील संस्थान के कार्यकारी निदेशक पुरू मयंक त्रिपाठी के द्वारा किया गया है।

**मानव सेवा संस्थान सेवा गोरखपुर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए जिले में धर्मगुरुओं के बीच चलायेगी जागरूकता अभियान**

उक्त बातें मानव सेवा संस्थान सेवा के प्रोग्राम मैनेजर जय प्रकाश गुप्ता ने मंगलवार को ब्लाक सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में बताई। उन्होंने बताया कि संस्थान के द्वारा बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के सिद्धार्थनगर जिले में सहयोगी संगठन के रूप में कार्य किया जा रहा है। मानव सेवा



संस्थान सेवा गोरखपुर की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-विवाह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मो के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों, मौलवियों एवं धर्मगुरूओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी के बिना संपन्न नहीं हो सकता। उन्होंने उन सभी धर्मगुरुओं को बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया गया है। गौरतलब है कि जे आर सी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से '' बाल विवाह मुक्त भारत' कैम्पेन चला रहा है। जे.आर.सी.कानूनी हस्तक्षेपों के जरिए बाल अधिकारों से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का नेटवर्क है जिसने पिछले वर्षों में दो लाख से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए हैं और पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। मानव सेवा संस्थान सेवा गोरखपुर ने स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग व समन्वय से कानूनी हस्तक्षेपों और परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझाकर अकेले 2023-24 में ही जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्य किये है। मानव सेवा संस्थान सेवा के प्रोग्राम मैनेजर ने कहॉ कि अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जरूरी जागरूकता की कमी है। ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि यह बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए) 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। अंत मे उन्होंने कहा कि बेहद खुशी का विषय है कि आज पंडित और मौलवी इस बात को समझते हुए न सिर्फ इस अभियान को समर्थन दे रहे हैं, बल्कि खुद आगे बढ़कर बाल विवाह नहीं होन देने की शपथ ले रहे हैं। संस्थान के द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान जो चलाया जा रहा है, समाज के सभी प्रबुद्धजन, समाजसेवी, एवं जनसामान्य के सहयोग से हम इस कुप्रथा को रोकने में सफल होंगे।

## हवसी दरिंदो ने विक्षिप्त महिला के साथ किया दुराचार

**बसखारी अम्बेडकरनगर।** बसखारी थाना क्षेत्र में दरिंदो ने एक विक्षिप्त महिला के साथ अपनी हवस को पूरा करने के लिए उसके साथ दरिंदगी की सीमाएं पार कर देने वाला सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। ज्ञातव्य हो कि जनपद मुख्यालय के बसखारी थाना क्षेत्र में एक बार फिर दरिंदगी की सीमाएं पार कर विक्षिप्त महिला की आबरू को लूट लेने वाली वारदात को दरिंदो ने अंजाम दिया है। बसखारी पुलिस ने घटना की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर दरिंदो को गिरफ्तार कर लिया है। आप को बता दें कि बसखारी थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला दरबदर की ठोकरें खाने पर मजबूर हो रही थीं।

# बेतरतीब वाहनों व दुकानदारों के फुटपाथ पे सामान लगाने से घंटों लगता है जाम, लोग होते हैं हलकान

अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा को नगर निकाय का दर्जा मिले पांच वर्ष से अधिक समय बीत चुका है। यहां अतिक्रमण की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सड़कों की पटरियों पर अवैध स्टैंड और दुकानें स्थापित हो गई हैं। फुटपाथ पर टेंपो, प्राइवेट बस, ई-रिक्शा और मैजिक जैसे वाहन खड़े रहते हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में बाइक भी पार्क की जाती हैं।

व्यापारी सड़क से सटकर अपनी दुकानें लगा देते हैं। इससे इटवा में रोजाना जाम की स्थिति बनती है। साप्ताहिक बाजार के दिन यह समस्या और भी विकराल हो जाती है। करीब दो वर्ष पहले यहां पहला निकाय चुनाव हुआ। इसके बावजूद अभी तक वैध स्टैंड नहीं बन सके हैं। इससे न केवल निकाय को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि अवैध





पार्किंग की समस्या भी बढ़ रही है। इटवा चौराहे से बढ़नी, डुमरियागंज, बांसी और बिस्कोहर मार्गो पर लोग सड़क किनारे अवैध स्टैंड बनाकर सवारियां भरते हैं। निकाय ने तहसील प्रशासन से भूमि की मांग की है और सर्वे भी हुआ है। लेकिन अभी तक भूमि उपलब्ध नहीं हो सकी है। नवंबर 2024 में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। हालांकि कुछ समय बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो गई। शाम के समय स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि राहगीरों को पैदल चलने के लिए सड़क का सहारा लेना पड़ता है। इससे उनकी जान जोखिम में रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन सड़क की पटरी पर अवैध स्टैंडिंग को रोक दे, तो स्थिति में सुधार हो सकता है। इटवा नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि वैध स्टैंड के लिए काफी दिनों से भूमि की तलाश की जा रही है। जैसे ही तहसील प्रशासन जनीन उपलब्ध कराता है, स्टैंड बनाने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। जहां तक अतिक्रमण की बात है तो बीच-बीच में अभियान चलाया जाता है। इधर शीघ्र ही फिर से चेतावनी जारी की जाएगी। निर्धारित समय सीमा के बाद अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाए।

# सांसद रामजी लाल सुमन के ऊपर प्राण घातक हमले के विरोध में समाजवादियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी युजन सभा के जिला अध्यक्ष राम सेवक लोधी के नेतृत्व तथा सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव के अगुवाई में समाजवादी पार्टी के दलित सांसद रामजी लाल सुमन के ऊपर आगरा में प्राण घातक हमले के विरोध में समाजवादियों ने मंगलवार को समाजवादी जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम 7 सूत्री मांग पत्र देकर कार्यवाही की मांग करते हुए सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है पिछड़ों अल्पसंख्यकों एवं खासकर दलितद्य के ऊपर अत्याचार के घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है। आए दिन दलितों के ऊपर पूरे प्रदेश में कहीं ना कहीं वीभत्स घटनाएं हो रही हैं। प्रदेश सरकार अपराधियों पर कार्रवाई करने में पूरी तरह से विफल है। दलित सांसद रामजीलाल सुमन तथा उनके परिवार के जान माल के सुरक्षा तथा प्रदेश का अमन चैन बिगड़ने वाले संगठन करणी सेना पर प्रतिबंध लगाने की मांग के साथ-साथ आगरा मे सांसद जी के ऊपर दिनदहाड़े हुए प्राण घातक हमले में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर



राज्यपाल के नाम समाजवादी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन दिया। इस दौरान पूर्व विधायक विजय पासवान, प्रदेश सचिव राममिलन भारती, एससी एसटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप पथरकत, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, रामू यादव, रिंदु पासवान, बृजभान यादव, विजय चौधरी, शैलेंद्र शर्मा, चंद्रभान पहलवान, अखिलेश मौर्या, रमजान अली, सुनील यादव, चंद्रहास यादव, कन्हैया लोधी, जोखन चौधरी, राहुल, जलालुद्दीन खान, राकेश यादव, जय प्रताप यादव, अशोक पांडेय,अतीक अहमद, हाथ बाबा राकेश लोधी, राजेश लोधी, चंद्रभान लोधी, निहाल लोधी, सूरज लोधी, मनीष यादव, अंगद यादव, शैलेश लोधी, विनय लोधी, सुभाष यादव, राधेश्याम यादव, जुनेद आलम आदि सहित तमाम समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संस्कारयुक्त शिक्षा ही विद्याभारती का लक्ष्य : डॉ. सौरभ मालवीय



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थ नगर।** गुणवत्ता परक शिक्षा से ही हम विद्या भारती के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते है। यह तभी संभव है जब हम अपने विद्यालयों में संस्कारक्षम वातावरण व योजना के अनुरूप गुणवत्ता परक शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन और भारतीय ज्ञान परम्परा के आलोक में शिक्षण पद्धती को हम सफलता पूर्वक लागू करने के दिशा में आगे बढ़ रहे है।

उक्त बातें विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के मंत्री डॉ. सौरभ मालवीय ने कही। शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत द्वारा रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में प्रधानाचार्य वार्षिक कार्य योजना बैठक के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंच प्राण, छात्र, आचार्य, अभिभावक, पूर्व छात्र तथा प्रबंध समिति के सहयोग तथा उनके विचारों को समायोजित करते हुए जब विद्यालय की कार्य योजना बनती है, तभी विद्यालयों का समुत्कर्ष होता है। विद्या भारती 1952 में गोरखपुर के पक्की बाग से प्रारंभ होकर आज भारत के हर क्षेत्र में विद्या भारती का कार्य प्रारंभ हो चुका है। विद्या भारती अपने प्रारंभ काल से ही चिंतन व प्रयास से समाज जीवन के सभी क्षेत्रों में अभिनव प्रयोग कर रही है, जिसमें हमारे प्रधानाचार्य केंद्रीय भूमिका में होते हैं। सामजिक समरसता का प्रवाह ही समाज को उचित दिशा दे सकता है। इसके पूर्व शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत के प्रदेश निरीक्षक राम सिंह जी ने कार्यक्रम की प्रस्ताविकी रखते हुए कहा हजारों वर्षों की गुलामी के बाद भारत का व्यक्ति स्व के भाव को खो चुका था, हमारी गुरुकुल को समाप्त कर अंग्रेजी शिक्षा थोप दी गई उसको पुनः स्थापित करने के लिए नानाजी देशमुख जैसे विचारशील चिंतकों ने संपूर्ण धरा को अपना मानकर भारत माता की जय बोलने वाले कार्यकर्ताओं के माध्यम से गोरखपुर के पक्की बाग में एक छोटे विद्यालय की स्थापना की जो आज पूरे भारत के कोने-कोने में फैल चुका है। इस नई बेला में कमर कसकर हमें और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उक्त अवसर पर विद्या भारती गोरक्ष प्रांत के मंत्री रामनाथ गुप्ता जी, संभाग निरीक्षक कन्हैया चौबे व संस्कृति बोध परियोजना के प्रांत संयोजक दिवाकर समेत पूरे प्रांत के दस जनपदों के प्रधानाचार्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## सेवानिवृत्त तथा नवागत प्रधानाचार्यो का हुआ सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद जनपदीय इकाई सिद्धार्थनगर द्वारा सेवानिवृत्ति तथा नवागत प्रधानाचार्यो का सम्मान जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेशीय संरक्षक श्रीनिवास शुक्ल, विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह, प्रदेशीय महामंत्री डॉ रविंद्र त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ माता सरस्वती के चित्र पर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। जिला कार्यकारिणी के जिला अध्यक्ष रमाकांत द्विवेदी, कार्यकारी अध्यक्ष गोपेश्वर चौबे, जिला मंत्री बृजेश द्विवेदी, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार शर्मा, संगठन मंत्री डॉक्टर शेषनारायण पाण्डेय, श्रीमती अंजू मिश्र तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों तथा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शहीद ए आजम भगत सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बजहा तेज बहादुर चौधरी, प्रधानाचार्य पीपुल्स इंटर कालेज डुमरियागंज चिंताराम, प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तेतरी बाजार श्रीमती कल्पना पाण्डेय का माल्यार्पण, अंगवस्त्र, डायरी और पेन से स्वागत और सम्मान किया गया। साथ ही सेवानिवृत प्रधानाचार्य के स्थान पर



कार्यभार ग्रहण करने वाले प्रधानाचार्यो क्रमशः श्रीमती हिना, शिवकुमार पाण्डेय, श्रीमती शिवा शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीनिवास शुक्ल ने कहा प्रधानाचार्य सेवानिवृत्त नहीं होता है सिर्फ उसकी भूमिका बदल जाती है अब उनका दायरा एक विद्यालय और विभाग तक ना हो करके पूरे समाज में हो जाता है उसके गुणों का लाभ अब पूरे समाज को मिलेगा। विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह ने सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यो को शिक्षा विभाग के लिए उनके किए गए कार्यो की सराहना करते हुए जीवन के नए सामाजिक जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दिया। प्रदेशीय महामंत्री डॉ रवीन्द्र त्रिपाठी ने सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यो स्वस्थ खुशहाल मंगलमई जीवन की कामना किया, वर्तमान में प्रधानाचार्यो के समक्ष उपस्थित चुनौतियों और और उससे निपटाने के लिए प्रशासन और समाज दोनों को सहयोग करने की अपील किया। कार्यक्रम को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रधानाचार्य चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिलामंत्री बृजेश द्विवेदी ने भी संबोधित किया, जिलाध्यक्ष रमाकांत द्विवेदी ने आए हुए अतिथियों तथा प्रधानाचार्य गणों का आभार व्यक्त करते हुए समापन की घोषणा किए। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर आयोजक प्रधानाचार्य संयुक्त मंत्री जयराम यादव, रवीन्द्र उपाध्याय, मंडलीय उपाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, तारिक अहमद, विजय कुमार वर्मा, उपेन्द्र मौर्य, डॉ धर्मेन्द्र मिश्रा, प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष बांसी रामनिवास कुशवाहा, अहमद फरीद अब्बासी, रवीन्द्र श्रीवास्तव, सुनील कुमार रंजन, विजय कुमार मिश्र, सच्चिदानंद शुक्ल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

■ दिया 15 दिन का नोटिस

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा की जानकारी का अभाव समस्याओं को बढ़ावा देता है, न की समस्याओं का समाधान करता है। इस महत्वपूर्ण बैठक में दीदामई के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और एका प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने एक दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए। आरोग्य आयुष्मान मंदिर में डाहिनी में कार्यरत प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सुभाषी शर्मा को कार्य में शीथिलता और लापरवाही बरतने पर 15 दिन का नोटिस देकर टर्मिनेट करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि बॉटम 10 प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को जो इस क्षेत्र में लापरवाही बरत रहे हैं, उनका वेतन अग्रिम आदेश तक रोका जाए।

जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया, इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम के साथ-साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे, जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी और समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों ने प्रतिभाग किया, इस बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत चल रहे जनपद में कार्यों की समीक्षा की, जिलाधिकारी ने टूंडला प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को इस क्षेत्र में काम न करने पर फटकार लगाई, जिलाधिकारी ने कहा कि टीवी मुक्त अभियान हेतु 3 महीने की समय अवधि और बढ़ा दी गई है, इसलिए आप सब इन शेष दिनों में अपने यहां का डाटा निकाल कर और बेहतर कार्यक्रम बनाएं, जिससे 2025 तक टीवी मुक्त अभियान को सफल बनाया जा सके, जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शिकोहाबाद, सिरसागंज व जसराना से टीवी उपचार के संबंध में प्रक्रियाओं की जानकारी चाही, परंतु कोई भी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। जिलाधिकारी ने कहा की जानकारी का अभाव समस्याओं को बढ़ावा देता है, न की समस्याओं का समाधान करता है' इसलिए सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी टी.वी. मेकैनिज्म के संपूर्ण प्रक्रिया को समझें और इसके अनुसार दूर करने का प्रयास करें, जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी ट्रांसपोर्टर सैंपल सर्वे के कार्य में लगे हुए हैं, उनको संपूर्ण जानकारी से युक्त करें, जिससे सैंपल कार्य में त्रुटि न होने पाए, इसी तरह राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अंतर्गत अधिक से अधिक स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदान करने का कार्य किया जाता है, यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणवत्ता और सेवा मानकों को बेहतर बनाता है, इसमें उपलब्ध सेवाएं मरीजों के अधिकार, इनपुट सपोर्ट सर्विसेज, क्लिनिकल सर्विसेज, इनफेक्शन कंट्रोल गुणवत्ता प्रबंधन जैसे पैरामीटर्स शामिल है,



जिलाधिकारी ने कहा कि इन पैरामीटर पर मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो इस बात को सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सुनिश्चित कर लें, आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्राइवेट अस्पतालों को इसमें सम्बद्ध करें, जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि अभी तक केवल 12 प्राइवेट अस्पताल इसमें सम्बद्ध है, 'जिलाधिकारी ने कहा कि यह संख्या 22 तक न पहुंच पाए, तब तक डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर आयुष्मान का वेतन न निकाला जाए, साथ ही जिलाधिकारी को अवगत कराया गया की 70 वर्ष से अधिक आयु के 17439 लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं 'इस महत्वपूर्ण बैठक में दीदामई के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और एका प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने एक दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए' इसी तरह नेशनल अर्बन हेल्थ मिशन एन. एच. यू. एम. की समीक्षा करते हुए, जिलाधिकारी को अवगत कराया गया की सबसे अधिक ओ.पी.डी. करने वाले स्वास्थ्य केंद्रों में हुमायूंपुर, रुकनपुरा, नगलावरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है, जबकि सबसे कम ओपीडी करने वालों में दतौजी कला, नई आबादी रहना, संत नगर और नगला किला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि मैनपावर की कमी की वजह से ओपीडी नहीं हो पा रही है, जिलाधिकारी ने कहा कि एजेंसी का चयन कर तत्काल मैनपॉवर उपलब्ध कराई जा, ई- संजीवनी की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अरांव ब्लॉक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को बेहतर कार्य करने के लिए प्रशंसा पत्र देने की बात कही तथा अरांव के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को भी सम्मानित करने की बात कही, इसी तरह इस क्षेत्र में 'आरोग्य आयुष्मान मंदिर में डाहिनी में कार्यरत प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सुभांगी शर्मा को कार्य में शीथिलता और लापरवाही बरतने पर 15 दिन का नोटिस देकर टर्मिनेट करने का आदेश जिलाधिकारी ने दिया' साथ ही जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि ई संजीवनी योजना में बॉटम 10 प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को जो इस क्षेत्र में लापरवाही बरत रहे हैं, उनका वेतन अग्रिम आदेश तक रोका जाए,' ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति वी.एच.एस.एन.सी. में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एका और टूंडला द्वारा कम खर्च किए जाने पर नोटिस जारी करने का आदेश दिया, साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि इन ग्राम प्रधानों को नोटिस जारी किया जाए जो इस क्षेत्र में कार्य नहीं कर रहे हैं, अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर कार्यों को तय करें, जो कार्य नहीं कर रहे हैं, उसका संपूर्ण विवरण के साथ उपलब्ध कराये, जिससे उस पर कठोर कार्रवाई की जा सके।

# संक्षिप्त समाचार

## जनमानस सुझावों को अपनाएं



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा ने डूबने के कारण होने वाली जनहानी को न्यूनतम करने के लिए जनमानस को सजग एवं सचेत करने हेतु निम्नलिखित सुझावों को अपनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं, इसके अंतर्गत अल्प आयु के बच्चों को जल स्त्रोतों के पास खेलते समय सावधानीपूर्वक निगरानी करना तथा उन्हें कभी भी अकेले झील, कुआं, तालाब, पोखरो, नाला, गड्डा आदि के पास नहीं जाने देना चाहिए, नदी, नहर, तालाब व पोखर या अन्य जल स्त्रोतों के पास चेतावनी बोर्ड लगा होना चाहिए, जिसमें बचाव हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्गत किए गए हो, त्योहारों के समय संवेदनशील स्थानों और घाटों पर जागरूकता तंत्र स्थापित करना, संवेदनशील स्थानों पर समुदायों के पारंपरिक ज्ञान का जागरूकता बढ़ाने में इस्तेमाल करना, साथ ही स्कूली बच्चों को जल सुरक्षा जोखिमीकरण एवं प्राथमिक उपचार के उपाय हेतु प्रशिक्षित करना।

## नोडल अधिकारी युवाओं को ऋण वितरण कराऐं: डीएम



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में युवाओं को ऋण वितरण की स्थिति को देखने में सभी 29 नोडल अधिकारी अपने आवंटित बैंकों में पहुंचे, वहां उन्होंने युवाओं को बैंक द्वारा दी जा रही ऋण वितरण की स्थितियों को देखा, सभी नोडल अधिकारियों ने बैंक शाखा प्रबंधकों से कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को ऋण वितरण करें, जिससे युवाओं को स्वरोजगार हेतु आत्मनिर्भर बनाया जा सके, योजनाओं का लाभ लेने के लिए 21 से 40 वर्ष के युवा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, पात्र युवाओं का रू0 पांच लाख तक अपना स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 4 वर्षों के लिए शत-प्रतिशत ब्याज व गारंटी मुक्त ऋण दिलाया जाएगा, इस योजना के तहत सामान्य वर्ग के लाभार्थी को परियोजना लागत का 15 प्रतिशत, ओबीसी को 12.50 प्रतिशत और एससी, एसटी व दिव्यांग को 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान जमा करना होगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी नोडल अधिकारी सुबह 10 से 12 बजे तक बैंकों में उपस्थित रहकर ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की जांच पूरी कर ऋण वितरण की कार्यवाहियों को पूरा करा रहे हैं।

## डीएम ने किया वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकाारी रमेश रंजन ने ई.वी.एम. व वी.वी.पैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया, इस निरीक्षण में उनके साथ अपर जिलाधिकारी वि.रा. विशु राजा भी उपस्थित रहें, इस दौरान जिलाधिकारी ने वहां लगे हुए सीसीटीवी कैमरों इत्यादि को भी देखा, साथ ही उन्होने यह निर्देशित किया कि यहां की व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखा जाए, साथ ही यहां साफ-सफाई इत्यादि भी समुचित तरीके से रहें, उन्होने कहा कि यहां की सुरक्षा मजबूत करें, यह नियमित निरीक्षण चुनाव की पारदर्शिता और ईवीएम व वीवीपेट की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किया जाता है।

## हमला, गिरफ्तारी और फिर मुलजिमों की सौदेबाजी

**सुल्तानपुर ,कुड़वार।** थाना क्षेत्र के बहमरपुर ग्राम पंचायत में दलित और अल्पसंख्यकों के बीच हुए संघर्ष में पुलिस की जांच अजीबोगरीब स्थिति में पहुंच गई है । बीती रात हुए हमले के बाद पुलिस दलित के पक्ष में खड़ी दिखाई दी। देर रात जानलेवा हमला एससी एसटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में कुड़वार थाने में मुकदमा पंजीकृत हुआ। जो पुलिस सूत्रों के मुताबिक दो आरोपियों को पुलिस ने 12 घंटे के भीतर की गिरफ्तार कर लिया। लेकिन दिनभर एससी एसटी एक्ट में मुलजिमों को छोड़ने और सेटिंग फिटिंग का खेल चलता रहा। आखिरकार गंभीर किस्म के मुकदमे में सेटिंग गेटिंग कामयाब हुई और शांति भंग की धाराओं में चालान कर पुलिस ने आरोपी को एसडीएम सदर न्यायालय भेज दिया।

# लगातार कार्यवाही की चपेट में है सीमा क्षेत्र में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त मदरसे

■ जनपद में अब तक पांच मदरसे हुए सीज लगातार चल रही है जांच

अवधनामा संवाददाता





**बहराइच।** जनपद में भारत नेपाल सीमा के बफर जोन में संचालित अनाधिकृत मदरसों की सघन जांच कर कार्यवाही का सिलसिला आज दूसरे दिन भी जारी रहा। जनपद बहराइच में अब तक एक दर्जन से अधिक मदरसों की जांच की गई जिनमें से पांच मदरसे पूरी तरह सील कर दिया गया है जबकि आधा दर्जन से अधिक मदरसों को बगैर मान्यता मदरसा संचालित न किये जाने की चेतावनी दी गयी है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने आज मोतीपुर थाना क्षेत्र के मदरसा दारुल उलूम अजीजिया हदीकतुल नोमान दरोगापुरवा की सघन जांच की तथा मदरसे के वैध दस्तावेज मांगे जिस मदरसा संचालक अब्दुल अजीज मदरसे की भूमि तथा आय-व्यय, प्रवेश एवं छात्र उपस्थित रजिस्टर समेत कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। मदरसा अनियमित तरीके से संचालित पाये जाने पर सील कर दिया गया है मदरसा संचालक को वैध कागजात प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मदरसा दारुल उलूम अहले सुन्नत गौसुलवरा दरोगापुरवा तथा मदरसा अरबिया इस्लामिया अनवारुल कुरान गोपिया को मदरसा संचालित न किये जाने की चेतावनी जारी की गयी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र में बताया कि जांच में पाया गया अधिकांश मदरसे निजी मकान में बिना किसी कागजात के , भवन , मानक के अनधिकृत रूप से संचालित है । ज्ञातव्य है कि भारत नेपाल सीमा ओपन बोर्डर है ,जहां से एक दूसरे देश में लोगों का बिना वीजा पासपोर्ट के आवागमन होता रहता है। ऐसे संवेदनशील बॉर्डर एरिया में बिना मान्यता और बिना नियम कानून , मानक के मदरसे संचालित हो रहे हैं ऐसे मदरसे सुरक्षा की दृष्टि से भी बहुत संवेदनशील हो जाते हैं। सीमा की संवेदनशीलता और सुरक्षा के महत्व को देखते हुए बफर जोन में संचालित उन अनधिकृत मदरसों को सीज करने की कार्यवाही की जा रही है जिसमें अब तक रूपईडीहा थाना क्षेत्र के चार तथा मोतीपुर थाना क्षेत्र के एक मदरसे को सीज किया गया है जिसमें मदरसा अल जामिअतुल गौसिया मिस्बाहुल उलूम बाबागंज, मदरसा अरबिया इस्लामिया बदरुल उलूम बाबागंज, मदरसा दारुल उलूम गुलशने सैयद महबूब अशरफ रंजीतबोझा, मदरसा इस्लामिया कासिमुल उलूम नई बस्ती तथा मोतीपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत मदरसा दारुल उलूम अजीजिया हदीकतुल नोमान दरोगापुरवा शामिल हैं। इसकी जानकारी संजय मिश्र जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बहराइच ने दी।

## सीमा क्षेत्र में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त मदरसों पर कार्यवाही जारी

**बहराइच।** भारत नेपाल सीमा के बफर जोन में संचालित अनाधिकृत मदरसों की सघन जांच कर कार्यवाही का सिलसिला आज दूसरे दिन भी जारी रहा। जनपद बहराइच में अब तक एक दर्जन से अधिक मदरसों की जांच की गई जिनमें से पांच मदरसे पूरी तरह सील कर दिया गया है जबकि आधा दर्जन से अधिक मदरसों को बगैर मान्यता मदरसा संचालित न किये जाने की चेतावनी दी गयी है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने आज मोतीपुर थाना क्षेत्र के मदरसा दारुल उलूम अजीजिया हदीकतुल नोमान दरोगापुरवा की सघन जांच की तथा मदरसे के वैध दस्तावेज मांगे जिस मदरसा संचालक अब्दुल अजीज मदरसे की भूमि तथा आय-व्यय, प्रवेश एवं छात्र उपस्थित रजिस्टर समेत कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके।

# कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डॉ. सलिल



■ प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव ने जाना मेडिकल कालेज के विभागों का हाल

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जनपद के एकमात्र चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव ने आज सुबह किया अस्पताल परिसर का निरीक्षण। सुबह सुबह बिना किसी पूर्व सूचना अस्पताल पहुचे डॉ सलिल ने महिला अस्पताल के पंजीकरण काउंटर, ओपीडी,प्रतीक्षालय, औषधि वितरण कक्ष, पैथोलॉजी सैम्पल कलेक्शन काउंटर, टीकाकरण केंद्र, ए एन सी, पी एन सी, एच आर पी क्लीनिक, एन आई सी यू, ओ टी, लेबर रूम में पहुच कर मरीजों का जाना हाल। प्राचार्य के अचानक पहुँचने से माहौल में हलचल दिखाई दी। प्राचार्य ने कर्मचारियों को बावर्दी दुरुस्त रहने व समय से नियत स्थान पर पहुचने की हिदायत दी। साफ सफाई व प्रकाश व्यवस्था के प्रभारी को कहा कि किसी भी स्थान पर गंदगी नही मिलनी चाहिए। महिला अस्पताल के बाद प्राचार्य ने ब्लड बैंक का रुख करते हुए सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए व सभी से कहा कि हर रक्त की जरूरत से जूझ रहे हर जरूरतमंद की मदद के लिए तत्पर रहें कर्मचारी। अस्पताल के सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लेते हुए प्राचार्य ने नई बिल्डिंग में स्थानांतरित हुए विभागों के वार्ड में अनाधिकृत प्रवेश पर भी सख्ती बरती। प्राचार्य ने कहा कि मरीज़ के साथ तीमारदार के सिवाए किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को देखने पर जिम्मेदार करें उसकी शिनाख्त।

# अग्निशमन मॉकड्रिल में दी गई आग से बचाव एवं अग्नि शमन के उपायों की जानकारी



**बहराइच, अवधनामा संवाददाता।** जनपद के महाराजा सुहेलदेव चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच में प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में अग्नि सुरक्षा पर आधारित मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रूम नंबर 06 के सामने स्थित पार्क में संपन्न हुआ। मुख्य अग्निशमन अधिकारी बहराइच के नेतृत्व में आई टीम ने संकाय सदस्यों, चिकित्सकों तथा कर्मचारियों को आग से बचाव एवं अग्नि शमन के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। मॉकड्रिल के दौरान एबीसी एवं $CO_2$ (कार्बन डाइऑक्साइड) अग्निशमन सिलेंडरों के प्रयोग की विधि, सावधानियों तथा आपातकालीन स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीके भी बताए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम.एम. त्रिपाठी, डॉ. अरविंद शुक्ला, नर्सिंग अधीक्षिका, उपचारिका, चिकित्सालय प्रबंधक रिजवान ट्रेनिंग दिया और अग्नि समान विभाग द्अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया हेतु सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना था, जिसे सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

## प्राथमिक विद्यालयों को वितरित किए गए डिजिटल टीवी



**सुल्तानपुर।** सीखी सिखाओ फाउंडेशन द्वारा नव भारत उदय कार्यक्रम के अंतर्गत डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजिटल टीवी वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान विकास खंड बल्दीराय के प्राथमिक विद्यालय वलीपुर प्रथम, कंपोजिट विद्यालय हेमनापुर, प्राथमिक विद्यालय वलीपुर द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर, प्राथमिक विद्यालय पूरे जोधी एवं प्राथमिक विद्यालय चक मूसी को डिजिटल टीवी प्रदान किए गए। वहीं,विकास खंड अखंडनगर के प्राथमिक विद्यालय नरवारी, गिधौना, अलीपुर और सरांवा को भी डिजिटल टीवी वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता,ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह सहित कई शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला कारागार का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जिला जज महोदय, जिलाधिकारी सुलतानपुर, पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर एवं पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा जिला कारागार सुलतानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान बैरक, मेस, जेल परिसर की साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी गई व जेलकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंगलवार की जिला जज सुलतानपुर महोदय श्री लक्ष्मी कान्त शुक्ल, पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर श्री कुँवर अनुपम सिंह, जिलाधिकारी सुलतानपुर श्री कुमार हर्ष एवं पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जिला कारागार सुलतानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारीगण द्वारा जिला कारागार की महिला/पुरुष बंदियों के अस्पताल व बैरकों को सघनता से चेक किया गया, मेस भोजन की गुणवत्ता व जेल परिसर की साफ सफाई का जायजा लेकर बीमार कैदियों को बेहतर उपचार आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने हेतु सम्बन्धित निर्देशित किया गया । तदोपरांत बंदियों को इक्कठा कर बारी बारी से वार्ता कर उनकी समस्याएं पूछी गई व समस्या के संबध में संबंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया, मिलाई करने आए लोगो को कोई समस्या ना हो तथा कैदियों की सुरक्षा में चाक चौकस रहने हेतु जेल अधिकारियों को निर्देश दिए गए।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज

संख्या- 56/न0पा0प0/2025-26 दिनांक- 29/04/2025

## ई-निविदा सूचना

शासनादेश संख्या 3890/9-5/19/149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत अर्ह ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद-कन्नौज राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराना चाहती है जिसके लिये अर्ह ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदाएं ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

Tender Reference Number - 2024-25/12 ET and 16 ET

| क्र. | स्टेज | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Publishing Date | 30-04-2025 | 09:00 AM |
| 2 | Document Download/Sale Start Date | 30-04-2025 | 09:00 AM |
| 3 | Seek Clarification Start Date | 30-04-2025 | 09:00 AM |
| 4 | Seek Clarification End Date | 02-05-2025 | 02:00 PM |
| 5 | PreBid Meeting Date | 02-05-2025 | 02:00 PM |
| 6 | Bid Submission Start Date | 02-05-2025 | 03:00 PM |
| 7 | Bid Submission Closing Date | 09-05-2025 | 02:00 PM |
| 8 | Bid Opening Date | 09-05-2025 | 03:00 PM |

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यों का विवरण उनकी आगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि (EMD), निविदा मूल्य तथा समयावधि का विवरण, शर्तें व प्रतिबन्ध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 26.04.2025 प्रातः 09.00 बजे से देखा जा सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोली जायेंगी।

(अनिल कुमार)
अधिशासी अधिकारी/टेण्डर कमेटी अध्यक्ष

(मुन्नी देवी)
न.पा.प. गुरसहायगंज जनपद- कन्नौज



## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | 106-Sig-Tender-01-2025-26 |
| कार्य का नाम | "सेक्शनल सिग्नल मेंटेनेंस कॉन्ट्रेक्ट इन थे सेक्शन ऑफ ऐ.डी.एस.टी.ई./बी.एस.बी. ऑफ लखनऊ डिवीज़न ऑफ नॉर्थेर्न रेलवेज।" |
| अनुमानित लागत | रू0 71,40,986.78 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रू0 142800.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 21.05.2025 15.30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू0सं0-106-सिग-टेन्डर-01-2025-26 दिनांक 28.04.2025 1254/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **19.05.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या:** 04502025 दिनांक 25.04.2025 |
| 2 | **निविदा संख्या: (1)** 05/Sr.DEN-I/LKO/2025-26 |
| 3 | **कार्य का नाम: (1)** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ के अधीन टीटीआर (एफ एस+टी डब्ल्यू एस+डब्ल्यू सी एम एस सी) - 23 सेट (1:8.5 - 14 सेट और 1:12 - 9 सेट) और टीटीआर (एफ एस+सी एस+सी एम एस सी) - 6 सेट (डायमंड क्रॉसिंग) और उतरतिया - लखनऊ - आलमनगर सेक्शन के बीच टीएफआर =11.00 किमी.। |
| 4 | **अनुमानित लागत: (1)** Rs. 3,07,54,686.03 |
| 5 | **धरोहर राशि: (1)** Rs. 3,03,800/- |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि:** क्र. सं. 01 के लिये।स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह। |
| 7 | **निविदा डालने की प्रारंभ तिथि:** 05.05.2025 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 19.05.2025 15:00 बजे |
| 9 | **वेबसाईट: www.ireps.gov.in** |

**नोट:** 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1255/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **21.05.2025 को 15.00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 04702025 दिनांक 29.04.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 05-Sr.DEN-II-LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | प्रतापगढ़ लखनऊ खंड पर-रायबरेली-एलसी नंबर/99सी किमी) (931.082, /123सी (962.32 किमी),/165सी किमी) (1012.167, /166सी (1012.854 किमी) और /167सी किमी) (1014.341 के बदले आरयूबी का प्रावधान। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 24,41,30,022.75 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 13,70,700.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 15 माह |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 07.05.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 21.05.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट:- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1259/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली, दो दबोचे गए

अवधनामा संवाददाता


मुठभेड़ में घायल बदमाश

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन बदमाशों और पुलिस के बीच मंगलवार की सुबह मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी जबकि भाग रहे दो बदमाशों को पुलिस ने दौड़ाकर दबोच लिया। घायल बदमाश को पुलिस ने कप्तानगंज सीएचसी पर भर्ती कराया है। तीनों बदमाश कप्तानगंज कस्बे के रहने वाले हैं। कस्बे में अपराधिक पृष्ठि भूमि का धौंस जमाकर लोगों से वसूली करना इनका पेशा हैं, इनके गैंग में कस्बे के कई युवक शामिल हैं, जो पुलिस के रडार पर हैं।

कप्तानगंज क्षेत्र में कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों के होने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर तत्काल योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमें थाना कप्तानगंज, थाना कोतवाली हाटा तथा थाना अहिरौली बाजार की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना कप्तानगंज के हसनगंज से कोटवा सड़क के समीप घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक मोटरसाईकिल पर तीन व्यक्ति सवार होकर आते हुए दिखाई दिए, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन पर सवार व्यक्तियों द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया जिनकी पहचान सूजा पठान उर्फ छोटू पुत्र मुस्ताक अहमद निवासी-वार्ड नं. 11 कुर्मी टोला मंगल बाजार कस्बा कप्तानगंज थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर के रुप में हुई तथा उसके दो अन्य साथी 1-सचिन पुत्र ओमप्रकाश निवासी मंगल बाजार वार्ड नं. 11 कस्बा कप्तानगंज, अतुल चौधरी पुत्र सीताराम चौधरी निवासी वार्ड नं. 11 मंगल बाजार कुर्मी टोला को भी मौके से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के पास बिना नंबर मोटर साईकिल, अवैध तमंचा, खोखा कारतूस बरामद किया। घायल अभियुक्त को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओं अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक चन्द्रभूषण प्रजापति थाना कप्तानगंज, प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान हाटा, प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे थाना अहिरौली बाजार आदि शामिल रहे। **कप्तानगंज में संगठित गिरोह होने की बात कबूले-** अभियुक्तों का एक संगठित गिरोह है, जो अपने साथियों के साथ मिलकर अपनी अपराधिक पृष्ठभूमि का दुरुपयोग कर आम जनमानस को डरा-धमकाकर रंगदारी वसूलते है और इस अवैध धन से अपना जीविकोपार्जन करते है। बदमाश सूजा पठान उर्फ छोटू और अतुल चौधरी का विस्तृत अपराधिक इतिहास है, जिनके विरुद्ध थाना कप्तानगंज में बलवा, मारपीट, धमकी और अन्य संगीन धाराओं में कई मुकदमें दर्ज हैं।

**कप्तानगंज कस्बे के है तीनों बदमाश, इन लोगों का आपराधिक है इतिहास**

# जिले में विकास की लंबित परियोजनाओं को मिलेगी रफ्तार : जिलाधिकारी

## प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में जिले के पत्रकारों से मुखातिब हुए डीएम

अवधनामा ब्यूरो


कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से चर्चा करते डीएम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के पत्रकारों से मुखातिब हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिले में विकास की लंबित परियोजनाओं को रफ्तार दिया जाएगा। तय समय पर कार्य को पूरा कराने के लिए कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया जा चुका है। बौद्ध स्थल हो या जिले की जो भी प्रमुख स्थली वहां विकास कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी विभागों से फीड बैक प्राप्त किए जा रहे हैं तत्पश्चात आने वाली समस्याओं का निदान कर सभी विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। मीडिया संवाद के दौरान पत्रकार बंधुओं द्वारा जनपद की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया, मुख्य रूप से पडरौना शहर में जाम की समस्या, हिरण्यवती नदी एवं बांसी नदी में जल की कमी एवं उन्हें सदनीरा बनाने का प्रयास व एवं साफ सफाई, ग्रामीण क्षेत्रों में जल निगम द्वारा कराए जा रहे कार्यों अंतर्गत सड़क की खुदाई कर छोड़ दिए जाने, जिला अस्पताल से दलालों द्वारा मरीजों को भ्रमित कर निजी अस्पतालों में भर्ती किए जाने, जनपद में अवैध अस्पतालों का संचालन, कप्तानगंज स्थित मणिताल की साफ साफी तथा अन्य अव्यवस्थाओं आदि पर ध्यान आकृष्ट कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा स्वयं विजिट कर देखने एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया गया। **84 केंद्रों पर खरीदी जा रही गेहूं, 2425 रुपए प्रति कुंतल-** मीडिया संवाद कार्यक्रम अंतर्गत जिलाधिकारी ने गेहूं खरीद के संबंध में बताया कि जनपद में 84 क्रय केंद्रों के माध्यम से एमएसपी 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है, 40 मोबाइल वैन के माध्यम से भी गेहूं क्रय किए जा रहे है। यदि किसी कृषक को कोई समस्या है तो कंट्रोल रूम के मो.नं. 9454416282 पर काल कर जानकारी ले सकता है।

**धारा 24 के तहत किसानों की भूमि पैमाईश तिथि तय की गई-** जिलाधिकारी ने बताया कि धारा 24 के तहत लंबित तहसील वार भूमि पैमाईश संबंधी अधिक मामले हैं जिसके लिए अब सभी लंबित मामलों की सूची बनाकर फीड कर ली गई एवं सभी पैमाईश के मामलों हेतु तिथि निर्धारित करते हुए राजस्व टीम का गठन भी कर लिया गया है। इसी प्रकार तय तिथि पर ही पत्थर नसब के मामलों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो गलत होगा उस पर कार्यवाही तय है।

## मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को कस्बा स्थित जीजीआईसी महराजगंज में मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बताते चले कि हाइस्कूल में दीपांजलि गुप्ता ने 84 प्रतिशत, अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया था वहीं अनन्या ने 80 प्रतिशत, अंक हासिल कर द्वितीय स्थान पर थीं मोनिका ने तृतीय स्थान 79.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्राप्त किया था। वहीं इंटर में अंजलि 78.6 प्रतिशत, आयुषी पांडे 78 प्रतिशत, श्रृद्धा त्रिवेदी 77.2 ने प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष सुरेश यादव द्वारा सभी होनहार छात्राओं को सम्मानित किया गया और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अनीता सिंह, किश्वर जहां, सुधा कनौजिया, नाजिश बानो, प्राची शुक्ला, रूप रानी गुप्ता मौजूद रहे।

## अवैध खनन करते एक लोडर व तीन ट्रैक्टर ट्राली सीज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध खनन को रोकने के लिए तहसील प्रशासन कमर कस चुका है। प्रशासन के शक्ति के कारण खनन माफियाओं के पैर हिलने लगे। सोमवार को रात्रि में तहसील प्रशासन ने कड़ी कारवाई करते हुए एक लीडर, मिट्टी लदा तीन ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा और उसे पुलिस को सीज करने का आदेश दिया।

## लोकसभा चुनाव के बाद आज पहली बार अमेठी दौरे पर आयेंगे राहुल गांधी

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** विपक्ष के नेता और सांसद राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली आ गये है। मंगलवार को वे पांच कार्यक्रमों में शामिल हुए। बुधवार की सुबह वे भुएमऊ गेस्ट हाउस में उत्तर प्रदेश के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद अमेठी आयेंगे और संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज में ओपेन हार्ट सर्जरी के आपरेशन थियेटर का उद्घाटन करेंगे। राहुल गांधी 12.15 बजे इन फैक्ट्री और इंडो एशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड का भ्रमण करेंगे। 2.30 बजे ओपेन हर्ट सर्जरी आपरेशन थियेटर का उद्घाटन करेंगे और संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज में इंदिरा गांधी नर्सिंग कॉलेज का भ्रमण करेंगे। विपक्ष के नेता राहुल गांधी लोकसभा चुनाव के बाद बुधवार को पहली बार अमेठी के दौरे पर आ रहे हैं। कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता राहुल गांधी से मिलने के लिए उत्साहित हैं। जिला प्रशासन दौरे के दौरान कड़े सुरक्षा इंतजाम की तैयारी में लगा हुआ है।गन फैक्ट्री और संजय गांधी अस्पताल में मंगलवार की शाम से ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो कुद्दूस खां ने बताया कि बुधवार को सुबह बड़ी संख्या पार्टी नेता राहुल गांधी जी से मिलने के लिए भुएमऊ गेस्ट हाउस जायेंगे।



# बिहार में कुशीनगर के युवती से सामूहिक दुष्कर्म, मुठभेड़ में तीन गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो


घटना स्थल पर आवश्यक जानकारी लेती पुलिस

**कुशीनगर।** कुशीनगर के युवती से सासामुसा रेलवे स्टेशन पर दुष्कर्म करने वाले तीनों आरोपितों को गोपालगंज के कुचायकोट थाना के पेटभरिया चवर के समीप सोमवार की भोर तीन बजे पुलिस से मुठभेड़ हुई, तीनों के पैर में गोली लगी है। इनकी पहचान सासामुसा के ही बिन टोली निवासी करीमन कुमार, अभिषेक कुमार और सोनू कुमार के रूप में हुई। इनके पास से हथियार भी बरामद हुआ है। तीनों नशा करते हैं और छोटी मोटी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने का कार्य करते हैं। तीनों का उपचार गोपालगंज के सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद तलाश में लगी कुचायकोट पुलिस ने एक आरोपित अभिषेक कुमार को उसके घर के समीप से धर दबोचा। उसको साथ लेकर अन्य दोनों आरोपितों सोनू और करीमन की गिरफ्तारी के लिए गांव से दूर चंवर के पास पुलिस टीम पहुंची। इस बीच पुलिस के आने की भनक लगते ही आरोपितों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू की तो पुलिस की जीप पर बैठा गिरफ्तार आरोपित अभिषेक भागकर अपने साथियों के पास पहुंच गया। तीनों मोर्चा संभाल फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास करने लगे। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर फायरिंग की तो तीनों के पैर में गोली लगी और घायल होकर गिर पड़े। मौके से एक तमंचा, देसी रिवाल्वर के साथ कुछ कारतूस बरामद हुआ। सदर एसपीओ प्रांजल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित अभिषेक से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि एक चंवर है, जहां हम लोग छिपते हैं। नशा करते हैं और यहीं रुकते भी हैं। इस आधार पर सुबह लगभग तीन बजे पुलिस ने कार्रवाई की। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। **लकवाग्रस्त पिता की ईलाज कराने सासामुसा गई थी युवती-** कुशीनगर जिले के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती लकवाग्रस्त पिता का इलाज कराने रविवार को बिहार के गोपालगंज के श्यामपुर गई थी। पिता को लेकर घर आने के लिए वह सासामुसा रेलवे स्टेशन लौटी लेकिन ट्रेन छूट गई। वह प्लेटफॉर्म पर भोर में चार बजे आने वाली ट्रेन का इंतजार करने लगी। इसी दौरान वहीं कुछ लड़के युवती के साथ जबरदस्ती करने लगे। सामूहिक दुष्कर्म की घटना आम होते ही हरकत में आई पुलिस ने मुठभेड़ में अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**सासामुसा रेलवे स्टेशन पर दुष्कर्म की घटना को दिए थे अंजाम**

# युवक का शव पोखरे से बरामद

अवधनामा संवाददाता



**बांसी।** शिवनगर डिंडई थाना क्षेत्र के नचनी निवासी लगभग 25 वर्षीय युवक के शव को काफी मशक्कत के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में पुलिस ने घर से पीछे कुछ दूरी पर स्थित जलकुंभी भरे पोखरे से मंगलवार को बरामद किया है। 16 अप्रैल को घरवालों की सूचना पर स्थानीय थाने पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस युवक की तलाश में जद्दोजहद कर रही थी। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नचनी निवासी रामकुमार ने थाने पर लिखित सूचना देकर अपने 25 वर्षीय लडके रंजीत कुमार की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस मामले को गंभीरता से लेकर छानबीन करने में लगी थी।

बकौल राम कुमार 15 अप्रैल रात लगभग 10 बजे रंजीत गुटका लेने को कहकर घर से बाहर गया था। काफी देर तक वापस नहीं आया तो चिंता होने लगी। उसका फोन भी स्विच आफ बता रहा था । सुबह तक पता नहीं लगने व इधर उधर काफी ढूंढने के बाद भी पता नहीं चला तो थक, हारकर उन्होंने थाने पर जाकर गुमशुदगी दर्ज कराई। इस संबंध थानाध्यक्ष शशांक सिंह ने कहा कि पुलिस टीम कई दिनों से तलाश में लगी थी परन्तु कामयाबी नहीं मिली?। मोबाइल के लोकेशन के आधार जलकुंभी भरे पोखरे में तलाशी अभियान चलाया गया, हालांकि जलकुंभी के कारण काम काफी दुरुह था,लेकिन काफी मशक्कत के बाद आखिर शव को बरामद कर लिया गया। शव पुराना होने के कारण काफी दुर्गन्ध उठ रही थी। शव बरामदगी की सूचना पर फारेंसिंक टीम के साथ पहुंचे सीओ मयंक द्विवेदी ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। फारेंसिंक टीम की कार्यवाही व अन्य विधिक कार्यवाही पूर्ण कर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। परिजनों के मुताबिक मृतक की शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी, बच्चे नहीं थे।

## राहुल गांधी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली।** सांसद सदस्य लोकसभा संसदीय क्षेत्र रायबरेली/मा0 अध्यक्ष ''दिशा'' समिति राहुल गांधी एवं मा0 संसद सदस्य लोकसभा संसदीय क्षेत्र अमेठी/मा0 सह-अध्यक्ष ''दिशा'' समिति किशोरी लाल एवं मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बचत भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति ''दिशा'' की बैठक की। बैठक में जिले के विकास से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) से सम्बन्धित समस्त योजनाओं का बिन्दुवार प्रस्तुतीकरण किया। मा0 सांसद ने जिलाधिकारी को सड़कों की मरम्मत व निर्माण कार्य से संबंधित जन प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग से वेटरनरी डॉक्टरों की उपलब्धता और कृत्रिम गर्भाधान सुविधाओं की जानकारी ली। एनएचआई द्वारा कराये जा रहे गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य की प्रगति भी जानी। जनपद में बन रहे बाईपास सड़कों पर भी चर्चा हुई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता की भी जानकारी ली।

# क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों पर उठे सबसे अधिक सवाल

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी/भादर।** मंगलवार को ब्लॉक सभागार भादर में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक में सदस्यों ने अपने? अपने वार्डों में विकास कार्यों से सम्बंधित प्रस्ताव दिए। बैठक में सबसे अधिक चर्चा जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर हुई। जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन डालते समय तोडे गये इंटरलॉकिंग और खड़जे ठीक नहीं किए गए हैं। रास्तों में बने हुए गड्ढों को भी ठीक नहीं किया गया है।

बैठक में खंड विकास अधिकारी रतन सिंह ने पिछले कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने शासन की योजनाओं के बारे में भी चर्चा की और चतुर्थ,पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत कार्यों के सम्बन्ध में प्रस्ताव आमंत्रित किए। बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में 51 ग्राम पंचायतों में क्षेत्र पंचायत निधि से विकास के कार्य कराएं गये हैं। चालू वित्तीय वर्ष में क्षेत्र पंचायत से एक अमृत सरोवर का निर्माण कराया जाएगा। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विकास खंड में कार्यदाई संस्था की लापरवाही बैठक में खुल कर सामने आई। ग्राम प्रधानों ने पाइप लाइन बिछाने के दौरान सम्पर्क मार्गों, इंटर लॉकिंग और खड़ंजे तोड़ने और रास्तों में बने गड्ढों को ठीक न करने की शिकायत की। जल निगम विभाग की ओर से जिम्मेदार अधिकारी बैठक में नहीं आए थे। ठेकेदार ने ग्राम प्रधानों को सभी समस्याओं को दूर करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। बैठक पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने आपरेशन कायाकल्प के कार्यों में सराहनीय सहयोग के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया और बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित डी बी टी, निशुल्क पुस्तक वितरण, निपुण भारत मिशन, स्कूल चलो अभियान, कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत छूटे हुए लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन 30अप्रैल को पूरा कराने के लिए जनप्रतिनिधियों से सहयोग मांगा गया। मनरेगा और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना पर भी चर्चा हुई। क्षेत्र पंचायत निधि से सभी परिषदीय विद्यालयों में वाटर कूलर लगाने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव हुआ है। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो के सम्बन्ध में अब तक जो भी प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, सभी पर काम हुआ है।कार्यों के साइन बोर्ड भी लगवा दिए गए हैं। बैठक में जो भी शिकायतें आई हैं, सभी का शत प्रतिशत निस्तारण कराया जाएगा। बजट के अनुसार सभी बी डी सी वार्डो में काम कराए जायेंगे।

## अब बकायेदारों का कटेगा आनलाईन विद्युत कनेक्शन

**कुशीनगर।** बिजली के बकायेदार अब सतर्क हो जाए, कभी भी आपके घर में अंधेरा कायम हो सकता है। क्योंकि बिजली विभाग ने बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन आन-लाईन काटना शुरू कर दिया है। यह जानकारी विद्युत वितरण खण्ड, पडरौना के अधिशासी अभियन्ता संजय सागर व अवर अभियन्ता शुभम गोड ने संयुक्त रूप रुप से देते हुए कहा कि बिजली बिल बकायेदार उपभोक्ता तत्काल अपना बिजली का बिल जमा कर आन-लाईन बिजली कनेक्शन कटने से बचें। उन्होने बताया कि विद्युत चेकिंग का बृहद अभियान शुरू होने जा रहा है। इसके तहत जिन उपभोक्ताओं के मकान, दुकान आदि परिसर में एसी, डीप फीजर व प्रयुक्त भार से अतिरिक्त भार जुड़ा हुआ पाया जाता है तो उस पर नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की जायेगी। उन्होने तल्ख लहजे मे कहा कि उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत चोरी करते हुए पाए जाने पर विद्युत अधिनियम की धारा 135 व 138 बी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय के तीन छात्रों को कुशल शिक्षकों के इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए चयनित किए गए

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला गांव स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के तीन होनहार छात्रों को कुशल शिक्षकों के मार्गदर्शन में इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए चयनित किए गए हैं। जिनको सरकार द्वारा दस-दस हजार रुपए आर्थिक प्रोत्साहन राशि भी दी गई है। बताते चलें कि दिनांक 29/04/2025 को जवाहर नवोदय विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विनीत कुमार पाठक के मार्गदर्शन में विद्यालय के तीन छात्रों का चयन इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए हुआ है, जिनके नाम अभिनवअशिमत, वैभव व अंश प्रजापति का चयन हुआ है, इस बारे में कुशल शिक्षक विनीत कुमार पाठक ने बताया कि इन छात्रों ने अपने अभिनव विचारों और उत्कृष्ट परियोजनाओं के माध्यम से यह उपलब्धि प्राप्त की है।

इंस्पायर मानक अवार्ड विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है, तथा प्रत्येक छात्र को इंस्पायर मानक अवार्ड के तहत दस हजार की प्रोत्साहन धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई है।

यह चयन विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है विद्यालय परिवार की ओर से इन छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं और उनके उज्जवल भविष्य की विद्यालय परिवार कामना करता है। तो वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य चंदन बागीश ने बताया कि विद्यालय के तीन होनहार छात्रों द्वारा इंस्पायर मानक अवार्ड में चयन हुआ है तथा उनको प्रोत्साहन राशि भी दी गई है, तथा ऐसे होनहार बच्चे आगे चलकर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे जिससे जवाहर नवोदय विद्यालय का नाम जिले सहित प्रदेश स्तर पर भी होगा।

बताते चलें कि जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में ही विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 22 प्रतिभाशाली छात्रों का विज्ञान ओलंपियाड हेतु चयन किया गया है। जिसके गाइड विनीत कुमार पाठक थे जिनके अथक प्रयास से यह सम्मान विद्यालय को मिला है। इस अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्रों को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य चंदन बागीस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की वंदना के साथ हुई।

## शादी टूटने के बाद युवक लड़की का सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो कर रहा था वायरल

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के कोडरी कला निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी महराजगंज जिले के कमहरिया खुर्द बरई थाना फरेंदा गांव के एक युवक से तय किया था। जिसकी मांगनी भी हो चुकी थी। मांगनी में 21 हजार रुपया उपहार के रूप में दिया था। बाद में युवती के बाप को जानकारी हुई कि लड़के का चरित्र ठीक नहीं है। जिसका किसी और से प्रेम संबंध है। उसने शादी तोड़ दिया। इसके बाद युवक लड़की को फोन पर गाली गलौज करता था। और धमकी देता था कि कही और शादी नहीं होने देंगे। शादी होगी तो तुम्हारे पति की हत्या कर देगी। लड़की को बदनाम करने के लिए आरोपी युवक सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो डाल रहा था। जब युवती के बाप ने युवक मां ,बाप,भाई से शिकायत किया तो वह भी मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने लगे थे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी युवक राम दयाल चौरसिया, दीन दयाल चौरसिया,आरोपी की मां, पिता रामवृक्ष चौरसिया के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा का अनावरण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को रायबरेली में दिशा की बैठक में रायबरेली की प्रमुख समस्याओं को उठाया। इसके पूर्व उन्होंने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा का अनावरण भी किया। उनके साथ सांसद प्रमोद तिवारी और के एल शर्मा भी रहे।

## प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख आज, एक लाख रजिस्ट्रेशन हुए

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन का काम आज बंद होगा। परियोजना निदेशक ने बुधवार को अभियान चलाकर छूटे हुए सभी लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार तक एक लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हो गये हैं। लोक सभा चुनाव के पहले से लाभार्थी प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत आवास आवंटन शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। सांसद विकास यात्रा के दौरान तत्कालीन सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को हजारों की संख्या में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे। हर सप्ताह शुक्रवार को आयोजित होने वाली ग्राम चौपाल में पी एम आवास के लिए आए सभी प्रार्थना पत्र लम्बित पड़े हुए हैं। शासन के निर्देश पर पिछले तीन महीने से लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन का काम चल रहा है। इस बार लाभार्थियों को आवास प्लस एप पर स्वयं भी रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रदान की गई है।आज रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख है। परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव ने बताया कि एक लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए हैं। निर्धनतम परिवारों का चिन्हांकन किया जा चुका है। शासन की ओर से निर्देश और बजट जारी होते ही इन लाभार्थियों को आवास की प्रथम किश्त का भुगतान कर दिया जाएगा।


## सूचना

मैं श्रीमति इमराना खातून पत्नि युसुफ मौहम्मद नि. इब्राहिमपुरा, थाना सरसावा,ज़ि. सहारनपुर सूचित करती हूं कि मेरे पुत्र युनुस उर्फ सोनू पुत्र वधू श्रीमति नुजहत पत्नि युसुफ उर्फ सोनू नि.इब्राहिमपुरा,थाना सरसावा का चाल चलन एवं आचरण अच्छा नहीं है। अतः मैंने दोनों को अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर उनसे सभी संबंध विच्छेद कर लिये हैं अपने किसी भी कार्य हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होंगें।

## सूचना

नोटिस बनाम आम जनता कायदा 1 व 8 के परन्तुक-7 के अनुसार न्यायालय मा. सिविल जज जू. डि. हवाली सहारनपुर प्रकीर्ण वाद सं. 26 सन 2025 1.महबूब हसन पुत्र अली हसन 2 मुस्तकीम पुत्र फहीमुद्दीन निवासीगण मौजा दयालपुर प्र.मुजफ्फराबाद तहसील बेहट जिला सहारनपुर(वादीगण)...बनाम...1- कर्म सिंह पुत्र तिलकराम..2- धर्मवीर पुत्रगण मनफूल 3. बिजेन्द्र कुमार 4.संजय कुमार 5.विश्वास कुमार 6.सुनील कुमार 7.दीपक कुमार पुत्र महावीर 8- कु0 अजो। पुत्रीगण महावीर 9.कु0 नेहा 10.चान्दी देवी पत्नि महावीर। निवासीगण ग्राम दयालपुर परगना मुजफ्फराबाद तहसील बेहट जिला सहारनपुर 11. महरबान पुत्र शहीद निवासी ग्राम दयालपुर पश्च मुजफ्फराबाद तह. बेहट जिला सहारनपुर (प्रति0) हरगाह वादीगण ने आपके विरूद्ध एक वाद बाबत बैनामा मनसूखी के (दावा हाजा अन्तर्गत आदेश)1 नियम 8 जाब्ता दिवानी के अन्तर्गत न्यायालय में प्रस्तुत करके उक्त प्रावधान के अन्तर्गत माननीय न्यायालय की अनुमति दि0 31-01-2025 को प्राप्त कर ली उक्त वाद जनता हित में चलाया जा रहा है आवेदन की सुनवाई हेतु न्याय. में तारीख़ 16.5.25 नियत है आपको हुक्म होता कि कि आप असालतन या वकालतन उक्त दिनांक को अदालत में हाज़िर होकर उजर/उत्तर अपना पेश करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और फैसला होगा दि0 18.4.25 को जारी।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज जूनियर डिविजन (हवाली) सहारनपुर**

# अवैध साइलेंसरों का शोर, जनता परेशान

हिफजुर्रहमान



**मौदहा हमीरपुर।** दिन हो या रात, बुलेट बाइक के अवैध साइलेंसरों से निकलने वाली कानफोड़ू आवाज ने मौदहा के आम जनमानस का जीना मुहाल कर रखा है। सड़कों व कस्बे अन्दर संकरी रास्तपर तेज रफ्तार से दौड़ती इन बाइकों की कर्कश आवाज न केवल ध्वनि प्रदूषण फैला रही है, बल्कि बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों के लिए गंभीर परेशानी का सबब बन रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह शोर न सिर्फ उनकी नींद हराम कर रहा है, बल्कि हृदय रोगियों और छोटे बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है।

**आम जनता की पीड़ा-** कई स्थानीय निवासियों ने बताया कि रात के 10-11 बजे भी बुलेट बाइक की तेज आवाज से पूरा मोहल्ला जाग जाता है। बच्चे डरकर रोने लगते हैं और बुजुर्गों को नींद नहीं आती। उन्होंने ने कहा, यह आवाज ऐसी है जैसे कोई गोली चला रहा हो। कई बार तो डर के मारे दिल की धड़कन बढ़ जाती है। लोगों का कहना है कि ये बाइक सवार जानबूझकर साइलेंसर से पटाखे जैसी आवाज निकालते हैं, जिससे सड़क पर चलने वाले अन्य वाहन चालक भी घबरा जाते हैं, और हादसों का खतरा बढ़ जाता है।

**अवैध साइलेंसर: कानून का खुला उल्लंघन-** मोटर वाहन अधिनियम, 1989 और पर्यावरण संरक्षण नियम, 1986 के तहत, मोटरसाइकिलों की ध्वनि सीमा 80 डेसिबल तक सीमित है। लेकिन, बुलेट बाइक में लगाए गए मॉडिफाइड साइलेंसर 100-120 डेसिबल तक की आवाज पैदा करते हैं, जो न केवल ध्वनि प्रदूषण का कारण है, बल्कि गैरकानूनी भी है। मोटर वाहन अधिनियम की धारा 52 के तहत, वाहन के मूल डिजाइन में बदलाव करना अपराध है, जिसमें साइलेंसर मॉडिफिकेशन भी शामिल है। इसके बावजूद,कस्बे में बुलेट बाइक सवार बेखौफ होकर सड़कों पर शोर मचाते नजर आते हैं।

**पुलिस की नाकामी-** स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता इस समस्या को और गंभीर बना रही है। लोगों का आरोप है कि पुलिस अवैध साइलेंसरों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही। कुछ लोगों ने बताया कि यातायात पुलिस कभी-कभार चालान तो काटती है लेकिन साइलेंसर जब्त करनें या नष्ट करनें जैसी सख्त कार्रवाई नहीं करती है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी 2021 में मॉडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिया था, लेकिन मौदहा में इसका कोई खास असर नहीं दिख रहा।

**अन्य शहरों में कार्रवाई, हमीरपुर में क्यों पीछे?-** देश के कई शहरों में पुलिस ने मॉडीफाइ साइलेंसरों के खिलाफ कड़े कदम उठाए हैं। उदाहरण के लिए, संभल में यातायात पुलिस ने अप्रैल 2025 में अवैध साइलेंसरों को रोलर मशीन से नष्ट किया और बाइक सवारों के चालान काटे। दिल्ली में 'ऑपरेशन बुलेट राजा' के तहत 35 बाइक सवारों पर कार्रवाई की गई। इंदौर और रोहतक में भी साइलेंसर जब्त कर नष्ट किए गए। लेकिन अपनें जनपद में मॉडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ कार्रवाई क्यो नही की जा रही? पुलिस को शहर के प्रमुख चौराहों पर नियमित चेकिंग अभियान चलाकर मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइकों को जब्त करनें, अवैध साइलेंसरों को नष्ट करनें एवं उन दुकानों और मैकेनिकों के खिलाफ कार्रवाई भी करनी चाहिए जो अवैध साइलेंसर बेचते या लगाते हैं। युवाओं को ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावों और कानूनी परिणामों के बारे में भी जागरूक किया जाए।

## रश्मिता झा, आई आर एस एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनटीपीसी लिमिटेड का एनटीपीसी विंध्याचल मे दौरा

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी लिमिटेड की मुख्य सतर्कता अधिकारी रश्मिता झा (IRS) ने एनटीपीसी विंध्याचल का दौरा किया। यह यात्रा पारदर्शिता, सतत विकास और परिचालन उत्कृष्टता को और सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। सर्वप्रथम कार्यक्रम शुरुआत एनटीपीसी विंध्याचल के सूर्य भवन गेस्ट हाउस में वृक्षारोपण कार्यक्रम से हुई, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्टेशन की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसके पश्चात, झा ने एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें विंध्याचल परियोजना की प्रमुख उपलब्धियों एवं प्रचालन से जुड़ी जानकारियाँ प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई. सत्य फणि कुमार सहित वरिष्ठ प्रबंधन टीम के सदस्य संजीब कुमार साहा, ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), एवं राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विभागाध्यक्षों व एसएमसी सदस्यों ने भी बैठक में भाग लिया।

# मौदहा में अशोक ज्वेलर्स पर चोरी की सनसनीखेज वारदात

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** जिले के कस्बा मौदहा, पुराने बस स्टैंड के निकट स्थित प्रतिष्ठित अशोक ज्वेलर्स में चोरी की एक सनसनीखेज घटना ने स्थानीय व्यापारियों और निवासियों को स्तब्ध कर दिया। थाना मौदहा पुलिस को प्राप्त सूचना के अनुसार, दुकान के स्वामी मनोज सोनी, निवासी मराठीपुरा मौदहा, ने बताया कि वे अपने दैनिक कार्य के अनुसार प्रातः 10-30 बजे अपने आवास से दुकान पर पहुंचे। उनके पास एक बैग था, जिसमें कीमती आभूषण तथा 13 हजार रू सावधानीपूर्वक रखे हुए थे।दुकान खोलने के पश्चात वह झाड़ू लगाने लगा और बैग कौन्टर पर रख दिया इतनें में एक युवक आया और कुर्सी उठा कर चलनें लगा मनोज बेखबर झाड़ू लगाता रहा इतनें में एक युवक आया और उसनें मनोज को बताया कि कोई उस की कुर्सी लिये जा रहा है जैसे ही मनोज का ध्यान कुर्सी लेजाने वाले की ओर गया इस बीच सूचना देनें वाला युवक चुपके से उनके बैग लेकर फरार होगया और कुर्सी लेजाने वाला युवक कुर्स दूर फेक कर चम्पत होगया। इस घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौदहा थाना पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को जांच के लिए कब्जे में लिया।पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है और चोरी गए आभूषणों की अनुमानित कीमत का आकलन किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकरण में सभी आवश्यक वैधानिक कार्रवाइयां प्रचलित हैं और संदिग्धों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही इस मामले का खुलासा कर दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

इस घटना ने स्थानीय व्यापारी समुदाय में चिंता की लहर पैदा कर दी है। व्यापारियों ने प्रशासन से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। कस्बे के निवासियों में भी इस घटना को लेकर चर्चा जोरों पर है। पुलिस और प्रशासन की सक्रियता को देखते हुए उम्मीद है कि इस चोरी के रहस्य से जल्द पर्दा उठेगा और कस्बे में शांति व सुरक्षा का माहौल पुनः स्थापित होगा।

# 20 क्यूबिक मीटर इलेक्ट्रिक रोप शॉवल को निगाही में किया नियोजित



- एनसीएल का 'मेक इन इंडिया के साथ आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम कदम

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** कोल इंडिया लिमिटेड की सिंगरौली स्थित अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने मंगलवार को अपनी निगाही परियोजना में 20 क्यूबिक मीटर क्षमता की इलेक्ट्रिक रोप शॉवल का उद्घाटन किया। देश की पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित इस 20 क्यूबिक मीटर क्षमता की इलेक्ट्रिक रोप शॉवल की आपूर्ति भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत विजन के अनुरूप सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम 'बीएमएल' द्वारा की गई है। एनसीएल की निगाही परियोजना में आयोजित उद्घाटन समारोह में कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पी एम प्रसाद, बीईएमएल के सीएमडी शांतनु रॉय, सीआईएल के निदेशक (एचआर) विनय रंजन, सीआईएल के निदेशक (तकनीकी) अच्युत घटक वीसी के माध्यम से जुड़े। इस अवसर एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम, निदेशक (एचआर), मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/ संचालन), जितेंद्र मलिक, निगाही तथा एनसीएल मुख्यालय के अधिकारीगण, श्रम संघ प्रतिनिधि व कर्मचारीगण कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में बीईएमएल के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। 4.45 मिलियन क्यूबिक मीटर की वार्षिक उत्पादन क्षमता रखने वाली यह पर्यावरण अनुकूल मशीन ऑल-इलेक्ट्रिक पावरट्रेन से सुसज्जित है, जो शून्य कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करती है।

# धर्मगुरुओं ने संभाली बाल विवाह रोकथाम की कमान



- साई ज्योति का अनूठा अभियान

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को जड़ से उखाड़ने के लिए हमीरपुर में एक अनूठा अभियान जोरों पर चल रहा है। जिले में बाल अधिकारों की रक्षा और बाल विवाह रोकथाम के लिए समर्पित संगठन साई ज्योति ने धर्मगुरुओं को इस मुहिम का सशक्त सिपाही बनाया है। संगठन की ओर से चलाए गए जागरूकता अभियान ने न केवल धर्मगुरुओं का दिल जीता, बल्कि पूरे जिले में एक नई उम्मीद जगाई है। संगठन के निदेशक अजय श्रीवास्तव का दावा है, इस अक्षय तृतीया हमीरपुर में एक भी बाल विवाह नहीं होगा। धर्मगुरुओं का सहयोग अभूतपूर्व और प्रेरणादायक है। धर्मगुरुओं के साथ मिलकर रचा इतिहाससाई ज्योति ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के सहयोग से बाल विवाह रोकथाम के लिए एक अभिनव रणनीति अपनाई। संगठन ने समझा कि बिना धर्मगुरुओं के सहयोग के बाल विवाह को रोकना असंभव है, क्योंकि हर विवाह में पंडित, मौलवी या पादरी की भूमिका अहम होती है। इसी सोच के साथ, विभिन्न धर्मों के पुरोहितों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। नतीजा? जिले के मंदिरों और मस्जिदों के बाहर अब बोर्ड लगे हैं, जिन पर साफ लिखा है: यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है।

### पत्रकार वार्ता में धर्मगुरुओं ने भरी हुंकार

इसी सिलसिले में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में विभिन्न धर्मों के गुरुओं ने बाल विवाह के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मु0 हाफिज अब्दुल एजाज, श्याम सुंदर अवस्थी, हाफिज मोहम्मद हनीफ जैसे धर्मगुरुओं ने इस अभियान को न केवल समर्थन दिया, बल्कि इसे सामाजिक क्रांति का हिस्सा बताया। साई ज्योति के जिला समन्वयक कैलाश नारायण गौतम ने कहा, हमने धर्मगुरुओं को बताया कि बाल विवाह बच्चों के साथ अन्याय और कानूनी अपराध है। यह सुनकर वे न सिर्फ सहमत हुए, बल्कि खुद आगे बढ़कर इस कुप्रथा को रोकने की शपथ ले रहे हैं।

### बाल विवाह है अपराध

कैलाश नारायण ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह में शामिल होने वाला कोई भी व्यक्ति—चाहे वह पंडित, मौलवी, कैटरर, डेकोरेटर, या बाराती ही क्यों न हो—दो साल की सजा और जुर्माने का भोगी हो सकता है। इसके अलावा, 18 वर्ष से कम उम्र की बच्ची के साथ वैवाहिक संबंध बनाना पॉक्सो अधिनियम के तहत बलात्कार माना जाता है। धर्मगुरुओं को यह समझाने के बाद कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य को नष्ट करता है, उन्होंने इस अभियान को अपना पूर्ण समर्थन दिया।

### साई ज्योति और जेआरसी की उपलब्धियां

जेआरसी, जो देश के 416 जिलों में 250 से अधिक संगठनों के साथ बाल अधिकारों के लिए काम कर रहा है, ने पिछले कुछ वर्षों में दो लाख से अधिक बाल विवाह रोके और पांच करोड़ लोगों को जागरूक किया। हमीरपुर में साई ज्योति ने 2023-24 में ही 500 से अधिक बाल विवाहों को रोका। संगठन जेआरसी के संस्थापक भुवन ऋभु की किताब 'व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन' में दी गई रणनीतियों को अपनाकर 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत का सपना साकार करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। पत्रकार वार्ता में उपस्थित धर्मगुरुओं ने एक स्वर में कहा, हम बाल विवाह को बढ़ावा देने के बजाय इसे रोकने के लिए काम करेंगे। इस अभियान में हाफिज इसरार अली, महमूद हसन, क्रांति कुमार निरंकारी जैसे धर्मगुरुओं के साथ-साथ पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया। साई ज्योति ने सभी का सम्मान करते हुए आभार जताया।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय पूर्व सैनिक संगठन ने डीएम का किया स्वागत



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला का जनपद इटावा की पावन धरती पर राष्ट्रीय पूर्व सैनिक संगठन के जिलाध्यक्ष के के त्रिपाठी के नेतृत्व में संगठन के सभी पदाधिकारी गणों व सदस्यों ने जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट करते हुए पुष्प गुच्छ तथा प्रतीक चिन्ह देकर के जिलाधिकारी कार्यालय में स्वागत किया। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय पूर्व सैनिक संगठन को जो भी जरूरत होगी समय से पूरी करेगें। उन्होंने यह भी कहां कि सामाजिक कार्य के लिए जनपद को आवश्यकता होगी तो हम आपकी सेवाएं भी अवश्य लेंगे, संगठन के जिलाध्यक्ष वा उनके सभी सदस्यों ने जनहित के कार्यो के लिए खुले दिल से समर्थन देने को कहां। जिलाध्यक्ष के के त्रिपाठी ने जिलाधिकारी से डॉ.हरिशंकर पटेल ÷समाज सेवी÷का परिचय कराते हुए कहां कि जब भी मेरे संगठन की जरूरत होती है तो पटेल जी पूरे मनोयोग से हमारे साथ खडे रहते है। इस मौके पर वरिष्ठ सैनिक रणवीर राजावत जागेन्द्र सिंह रणवीर सिंह चौहान सुनील तिवारी, राजेश तिवारी, प्रदीप पाठक, सर्वेश यादव, राजबहादुर सिंह, विमलेश श्रीवास्तव, डीके दुबे, आदीराम राजपूत एडवोकेट आदि पूर्व सैनिक साथ में मौजूद रहे।

### सिद्वान्त गुप्ता पहले प्रयास में ही IIT JEE Mains परीक्षा में सफल




**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** अर्चना मेमोरियल इण्टर कालेज के छात्र सिद्वान्त गुप्ता ने पहले प्रयास ने IIT JEE Mains में सफलता पाई। सिद्वान्त गुप्ता ने IIT JEE Mains में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। छात्र ने विद्यालय से 2024 में इण्टरमीडिएट की परीक्षा 85.3 प्रतिशत से उत्तीर्ण की थी। छात्र सिद्वान्त ने यह सफलता बिना किसी कोचिंग के अर्जित की है। सिद्वान्त मई में होने वाली JEE Advance परीक्षा में भी सफल होने जा रहा है। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के अध्यापक/अध्यापिकों को दिया है। विद्यालय के प्रधानाचार्या असरा अहमद ने आने वाली परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनायें दी है। उन्होनें कहा ऐसे बच्चे अन्य बच्चों के लिए मिसाल है जो बिना किसी कोचिंग के अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। स्ल्वढ़ के चेयरमेन एवं विद्यालय के प्रबन्धक डा.विवेक यादव ने सिद्वान्त गुप्ता को शुभकामनायें एवं उज्वल भविष्य की कामनायें की है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या असरा अहमद ने छात्र को उज्जव भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षो में भी छात्र इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम देकर विद्यालय का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

### 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की



**इटावा।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,कानपुर के अधीन संचालित कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज, दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.एन के शर्मा की अध्यक्षता में पहलगाम, कश्मीर में हुई आतंकी घटना में मारे गए पर्यटकों की मृत आत्माओं की शांति के लिए अकादमी परिसर के सामने समस्त विद्यार्थियों और स्टाफ ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ.शर्मा ने आतंकवादियों की इस कायरतापूर्ण घटना की घोर निंदा की।

### रामशरण गुप्ता ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर शीतल पे वितरित किया



**इटावा।** भगवान परशुराम की जयंती पर नगर के पचराहा स्थित चौराहे पर वरिष्ठ समाजसेवी रामशरण गुप्ता ने शोभायात्रा में पुष्प वर्षा व शीतल पेय श्रद्धालुओं को वितरित किया। वही समाज सेवी रामशरण गुप्ता ने बताया भगवान परशुराम जी की जयंती सभी ने धूमधाम से मनाई और शोभायात्रा में शामिल सभी भक्तजनों के साथ पुष्प वर्षा व शीतल पेय वितरित किया। समाज सेवी श्री गुप्ता ने कहा भगवान परशुराम, जिन्हें विष्णु का छठा अवतार माना जाता है, एक प्रसिद्ध और सम्मानित हिंदू देवता हैं। वे ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र थे और उन्हें अपनी वीरता, तपस्या और न्याय के लिए जाना जाता है। परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया पर हुआ था और वे शिव के अनन्य भक्त थे, जिन्होंने उन्हें अपना अस्त्र ÷परशु÷ दिया, जिससे उनका नाम परशुराम पड़ा। उनका मूल नाम राम था, लेकिन उन्हें शिव द्वारा दिया गया अस्त्र परशु के कारण वे परशुराम के रूप में प्रसिद्ध हुए। शोभा यात्रा में राजेश बाजपेई, राम मनोहर दीक्षित, विष्णु नारायण, गौरव पोरवाल, राजीव चतुर्वेदी, मनीष अग्रवाल, संजय गोर, मुदित अग्रवाल देव अग्रवाल, ऋषभ पांडे पचराय स्थित शोभायात्रा में शामिल रहे।

# एसएमजीआई में बी.बी.ए. का रहा शानदार परिणाम

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स के अन्तर्गत संचालित विवेकानन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी(सम्बद्व सी.एस.जे.एम.यू., कानपुर) में अध्ययनरत् बी.बी.ए.के प्रथम,तृतीय एवं पंचम् सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर अपने शानदार परीक्षा परिणाम से अपनी श्रेष्ठता साबित की है। संस्था के डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा एवं प्राचार्य ने बताया कि हर वर्ष की तरह ही सी. एस.जे.एम.यू. कानपुर द्वारा घोषित बी.बी.ए.के प्रथम,तृतीय एवं पंचम् सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम इस बार भी शत-प्रतिशत रहा है। बी.बी.ए.प्रथम सेमेस्टर में श्रेया जादौन ने 82.67 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम,श्रद्वा दुबे ने 75.17 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, आयूष सिंह ने 74.84 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय,शालिनी भदौरिया ने 74.50 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं ओजस्वी ने 72.17 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया है। बी.बी.ए. तृतीय सेमेस्टर में शिवानी राजपूत ने 79.57 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम,प्रियंका यादव ने 77.85 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय,मानसी तिवारी ने 76.57 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, पलक गुप्ता एवं आयुषी दुबे ने 75.85 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रुप से चतुर्थ एवं नन्दनी ने 75 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया है। बी.बी.ए.पंचम् सेमेस्टर में सुमित कुमार ने 78.29 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, प्रिंसी पाल ने 72.57 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, प्रशंसक राज ने 72.14 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, सृष्टि चौधरी ने 72 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं प्राची दुबे ने 71.86 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया है।

सर मदनलाल ग्रुप के चेयरमैन डा.विवेक यादव ने संस्थान के छात्रों के इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए संस्था के डायरेक्टर डा.उमाशंकर शर्मा एवं इन्स्टीट्यूट के प्राचार्य, विभागाध्यक्षा नीतू सक्सेना सहित समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सोनभद्र की 32वीं बैठक का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,सोनभद्र की 32वीं बैठक का ऑनलाइन आयोजन दिनांक 29.04.2025 को किया गया। बैठक में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सोनभद्र के सदस्य कार्यालयों के प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजीव अकोटकर, माननीय कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली एवं अध्यक्ष, नराकास, सोनभद्र ने कहा कि 'राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के निर्देश के अनुपालन में एवं राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए नियमानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक आयोजित की गई है। राजीव अकोटकर ने राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम 2025-26 के अनुरूप कार्य योजना बनाकर राजभाषा लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि हम सभी को मिलकर गौरवशाली हिंदी भाषा की सांस्कृतिक पहचान से देश की भाषाई संस्कृति को और समृद्ध करते रहना है। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए अनिल श्रीवास्तव,माननीय परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी रिहंद ने राजभाषा की उपलब्धियों से सभी सदस्य कार्यालय को अवगत कराया एवं नए तिमाही रिपोर्ट के प्रारूप के अनुसार कार्य किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# ग्राम पंचायतों में 30 अप्रैल को चलेगा विशेष अभियानः डीएम



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि 30 अप्रैल 2025 को जनपद में फार्मर रजिस्ट्री का विशेष अभियान की तिथि नियत की गयी है। उन्होंने जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान/ राशन डीलर के माध्यम से कृषकों को सी0एस0सी0 भेज कर पंजीकरण कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किये हैं, उक्त कार्य की निगरानी जिला पंचायत राज अधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा की जायेगी, इस दौरान जनपद की समस्त सीएससी खुली रहें तथा कृषक बन्धुओं के पंजीकरण में पूर्ण योगदान के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सकारात्मक सहयोग प्रदान करेंगें, जिन ग्राम पंचायतों में कैंप की तिथि निर्धारित है, उन ग्रामों के सभी कृषक बन्धु कैंप में जाकर अवश्यक लाभ अवश्य उठायें, किसी प्रकार की समस्या होने पर समाधान के लिए उप कृषि निदेशक /जिला कृषि अधिकारी व सम्बन्धित तहसीलदार से सम्पर्क कर सकते हैं। फार्मर रजिस्ट्री बनवाने हेतु कृषक बन्धु आधार, खतौनी व आधार से लिंक मोबाइल लेकर जायें, फार्मर रजिस्ट्री तैयार होने के बाद कृषक बन्धुओं को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं हो सकेंगी, जिसमें किसान सम्मान निधि के किश्तों को सुगमता पूर्वक प्राप्त करना, कृषकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकेगा, फार्मर रजिस्ट्री हेतु जनपद में 2 लाख 18 हजार 128 लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक जनपद में 1 लाख 14 हजार फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जा चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य का 52.1 प्रतिशत है।

# बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की जिलाधिकारी ने की बैठक

**जलस्तर की सतत निगरानी हेतु पर्याप्त संख्या में नावें, राहत सामग्री, मोटर बोट, जीवन रक्षक उपकरण एवं आवश्यक मानव संसाधन पहले से कराये उपलब्ध**

अवधनामा ब्यूरो



- संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु तैयारियों की, की समीक्षा
- बाढ़ के समय त्वरित निर्णय लेने के लिए अधिकारियों को फील्ड में मौजूद रहना अनिवार्य : जिलाधिकारी

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई, बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में जान-माल की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा समुचित कार्ययोजना तैयार की जा रही है। उन्होंने निर्देशित किया कि नदियों के जलस्तर की सतत निगरानी हेतु पर्याप्त संख्या में नावें, राहत सामग्री, मोटर बोट, जीवन रक्षक उपकरण एवं आवश्यक मानव संसाधन पहले से उपलब्ध रहें। बैठक में प्रमुख बिन्दुओं जैसे-बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां के निवासियों को समय से पूर्व सचेत किया जाए, राहत शिविरों की स्थापना हेतु स्थलों का चयन कर सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने, जलश्रोतों एवं बांधों की नियमित निगरानी हेतु एक नियंत्रण कक्ष 24 घण्टे सक्रिय रखने, स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दवाइयों, एंबुलेंस, चिकित्सक दल की व्यवस्था करने, पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के लिए चारा एवं चिकित्सा सुविधा की समुचित व्यवस्था करने, विद्युत एवं जल निगम द्वारा आपातकालीन स्थितियों हेतु अलग से कार्ययोजना बनाये रखने, दूर संचार व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने, जनपद के सभी तालाबों और पोखरों व गढढों आदि को पानी से तत्काल भरने का कार्य पूर्ण करने, सुखा की स्थिति से निपटने विभागों द्वारा अपने-अपनी योजना तत्काल तैयार करने, सुखा की स्थिति में पेयजल की आवश्यकता अनुसार आपूर्ति के कार्य को पूर्ण करने, सुखा की स्थिति उत्पन्न होने पर फसलों की बुवाई पर विशेष ध्यान देने, पानी के अभाव में अपने-अपनी योजना तैयार करने, पशु पक्षियों के पेयजल की उचित व्यवस्था करने, ट्यूबवेल आदि के माध्यम से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, सभी विभाग अपनी अपनी सूखा-बाढ़ संबंधी कार्य योजना तैयार कर तत्काल संबंधित कार्यालय को उपलब्ध करने, नहरों की साफ सफाई व नदियों की शील्ट की साफ सफाई करना सुनिश्चित करने, सुख की समस्या उत्पन्न होने पर पानी को रिजर्व रखते हुए आवश्यकता अनुसार आपूर्ति करने, समस्त हैंडपंपों के मरम्मत व रिबोर का कार्य तत्काल पूर्ण करने, संबंधित उप जिला अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी चिन्हित बाढ़ चौकिया व शरणालयों पर संबंधित कार्मिकों की ड्यूटी की तैनाती सुनिश्चित करने, ओबरा डैम में पानी छोड़े जाने हेतु ग्राम स्तर पर जागरूकता किए जाने के लिए ग्राम आपदा प्रबंधन समिति व आपदा मित्रों के साथ बैठक आहूत कर जागरूकता का कार्य करने आदि विषय पर विचार-विमर्श किया गया।

# मुख्यमंत्री ने एल.टी. एक्सचेंज कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

- उ.प्र. देश का हृदय स्थल, यहां भारत की आत्मा निवास करती
- आज उ.प्र. की अर्थव्यवस्था नम्बर-2 पर, राज्य को 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए अनेक कदम उठाये गये
- प्रदेश की कोल, सहरिया, थारू, मुसहर आदि जनजातियों को सभी योजनाओं से आच्छादित किया गया
- देश के एक्सप्रेस-वे का 55 प्रतिशत नेटवर्क प्रदेश में, यहां सर्वाधिक मेट्रो का संचालन
- राज्य में रेलवे का सबसे बड़ा संजाल, एयर कनेक्टिविटी का सबसे अच्छा, नेटवर्क, देश की पहली रैपिड रेल तथा पहला इनलैण्ड वॉटर-वे प्रदेश में संचालित
- प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारम्भ किया गया स्वच्छ भारत मिशन
- स्वच्छता में वृद्धि के साथ-साथ नारी गरिमा का प्रतीक बन रहा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सफलता और असफलता जीवन के दो महत्वपूर्ण आयाम हैं। सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि हमने कार्य की शुरूआत कैसे की। टीम बनाकर सकारात्मक भाव और ऊर्जा के साथ कार्य की शुरूआत करने से सफलता अवश्य प्राप्त होती है। देर से मिलने वाली सफलता स्थायी रूप में हमारे सामने आती है। शार्टकट माध्यम से प्राप्त होने वाली सफलता क्षणिक होती है। लाइव टाइम्स छोटी सी अवधि में अपनी शानदार यात्रा के साथ आगे बढ़ा है। एन.सी.आर. में लाइव टाइम्स का शुभारम्भ करने का अवसर प्राप्त हुआ था। हम तत्कालीन चुनौतियों को पार करते हुए आगे बढ़ चुके हैं।

मुख्यमंत्री एक न्यूज चैनल द्वारा आयोजित एल.टी. एक्सचेंज कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है। यह देश का हृदय स्थल है। भारत की आत्मा उत्तर प्रदेश में निवास करती है। सन् 1950 में उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था था। यहां की प्रति व्यक्ति आय देश की प्रति व्यक्ति आय से अधिक थी। प्रदेश की अवसंरचना अन्य राज्यों से बेहतर मानी जाती थी। यहां का अन्नदाता किसान देश के अन्य क्षेत्रों के किसानों से समृद्ध माना जाता था। असीम सम्भावनाओं और सामर्थ्य वाला प्रदेश वर्ष 2014 से पूर्व पहचान के संकट से गुजर रहा था। वर्ष 2017 से पूर्व यहां का युवा अपनी पहचान के लिए मोहताज था। प्रति व्यक्ति आय देश की प्रति व्यक्ति आय से एक तिहाई से भी कम रह गयी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्रदेश की अर्थव्यवस्था देश में 7वें नम्बर पर थी। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था नम्बर-2 पर है। राज्य को 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए अनेक कदम उठाये गये हैं। ऐसा अनुमान है कि वर्ष 2029 तक प्रदेश 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा। उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्वयं को स्थापित करेगा। पहले जिनको कोई नहीं पूछता था, आज सरकार उनके द्वार तक पहुंची है। प्रदेश की कोल, सहरिया, थारू, मुसहर आदि जनजातियों को सभी प्रकार की योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य किया गया है। यदि साफ नीयत से सरकार स्पष्ट नीति बनाती है, तो नियन्ता भी इसमें सहभागी बनकर नीति को सफलता की ऊँचाई तक पहुंचाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के एक्सप्रेस-वे का 55 प्रतिशत नेटवर्क उत्तर प्रदेश में स्थित है। प्रदेश में सर्वाधिक मेट्रो का संचालन किया जा रहा है। यहां बेहतरीन इण्टरस्टेट कनेक्टिविटी है। रेलवे का सबसे बड़ा संजाल है। एयर कनेक्टिविटी का सबसे अच्छा नेटवर्क है। देश की पहली रैपिड रेल तथा पहला इनलैण्ड वॉटर-वे प्रदेश में संचालित किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित 45 से अधिक योजनाओं में उत्तर प्रदेश लीड कर रहा है। यह नये भारत के नये उत्तर प्रदेश की पहचान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 02 अक्टूबर, 2014 को देश में स्वच्छ भारत मिशन का शुभारम्भ किया। उन्होंने इस अभियान को स्वयं लीड किया। स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता में वृद्धि के साथ-साथ नारी गरिमा का भी प्रतीक है। यह अनेक प्रकार की बीमारियों से मुक्ति प्रदान करने का माध्यम बन रहा है।

लखनऊ सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव

## अध्यक्ष पद पर अखिलेश जायसवाल विजयी, अवनीश बने महामंत्री

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ सेंट्रल बार एसोसिएशन के 2025 के चुनाव में अखिलेश जायसवाल अध्यक्ष चुने गये हैं, जबकि महामंत्री पद पर अवनीश दीक्षित (हनी दीक्षित) ने जीत दर्ज की है। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद पाल बने हैं। दरअसल, लखनऊ सेंट्रल बार एसोसिएशन के 2025 के चुनाव के लिए मतदान 28 अप्रैल को हुआ था, जबकि मतगणना आज यानी 29 अप्रैल को सुबह 9 बजे शुरू हुई थी और दोपहर बाद रुझान सामने आने लगे थे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने अखिलेश जायसवाल को 1334 वोट मिले हैं। महामंत्री पद पर विजयी हुये अवनीश दीक्षित को 1364 वोट मिले हैं। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने प्रमोद पाल को 550 मत मिले हैं। इस बार के चुनाव में कुल 22 पदों के लिए 128 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। बताया जा रहा है कि सोमवार को हुये मतदान में 3182 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुये मत डाले थे। अध्यक्ष, महामंत्री और वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पदों का परिणाम सामने आने के बाद बाकी बचे पदों की मतगणना जारी है।

## अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों की पदोन्नति का रास्ता हुआ साफ

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा0 महेन्द्र देव ने बताया कि शासन द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा संबंधी प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में आवश्यक शासनादेश जारी कर दिया गया है। इस शासनादेश के बाद अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा संबंधी प्रकरणों का समाधान सरलता से किया जा सकेगा। जारी शासनादेश के अनुसार अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की पदोन्नति तथा सेवा संबंधी मामलों में माध्यमिक शिक्षा अधिनियम-1921 (यथासंशोधित) की व्यवस्था लागू होगी।

उल्लिखित है कि उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 में पदोन्नति तथा सेवा संबंधी मामलों का उल्लेख नहीं था, जिससे शिक्षकों की पदोन्नति तथा सेवा संबंधी मामलों के निस्तारण में कठिनाई आ रही थी।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत लाभार्थियों द्वारा मिलेट्स आधारित उत्पाद तैयार कर स्टॉल लगाये गये

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में सोमवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमतीनगर लखनऊ में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की 50 वर्ष की स्वर्णिम यात्रा पूरी होने के उपलक्ष्य में आयोजित औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी के दौरान खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा भी प्रदर्शनी/स्टाल लगाए गए। पीएम एफएमई योजनान्तर्गत लार्थियों द्वारा मिलेट्स आधारित उत्पाद तैयार कर लगाये गये स्टालों की दर्शको द्वारा सराहना की गयी।उप मुख्यमंत्री द्वारा सेवानिवृत्त खाद्य प्रसंस्करण के अधिकारियों/कर्मचारियों को भी उनके द्वारा विभाग को आगे बढ़ाने में किये गये सहयोग के सम्बन्ध में सम्मानित किया गया। उ0प्र0 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 योजनान्तर्गत लाभान्वित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा चलाये जा रहे टेक ऑफ होम राशन (टी.एच.आर.) में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु उप मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।इस दौरान कृषकों से अपेक्षा की गयी कि उत्पादन के साथ-साथ प्रसंस्करण कर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित खाद्य प्रसंस्करण योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त कर अपने उत्पादन की सुरक्षा करते हुए अपनी आय में वृद्धि करें। फूड प्रोसेसिंग यूनिटो में मै.आर एस फूड इण्डस्ट्रीज बाराबंकी द्वारा मिलेट आधारित पास्ता, नूडल्स,वर्मिसेली आदि उत्पाद, मै. लक्ष्मीबाई क्षेत्र स्तरीय समिति लखनऊ द्वारा बड़ी पापड़ मिलें आधारित मोमोज,व सहजन आधारित उत्पादो, मै.एन जी एम मशालें, बिलग्राम हरदोई के मशाले (पीएमएफएमई योजना के अन्तर्गत), शुद्ध हरदोई द्वारा (पीएमएफएमई योजना के अन्तर्गत) मस्टर्ड आयल इकाई का स्टाल और रिजनल फूड रिसर्च एनालिसेस सेन्टर लखनऊ द्वारा खाद्य उत्पादों के विश्लेषण व प्रशिक्षण के कार्यो से सम्बन्धित स्टालों लगायें गये।

## यूपी में 'सत्ता सजातीय को सब माफ' का फार्मूला, अखिलेश यादव ने सरकार पर बोला हमला

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वाराणसी के एक सपा कार्यकर्ता और पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन पर हमले का मुद्दा उठाते हुए संकेतों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर सजातीय आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उप्र में 'सत्ता सजातीय को सब माफ़' का फार्मूला चल रहा है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को ÷एक्स÷ पर एक पोस्ट में कहा ''बनारस वाले जिन हरीश मिश्रा पर प्राणघातक हमला हुआ था, भाजपा सरकार ने उनको ही जेल भेज दिया था। उनको बाहर आने में कई दिन लगे। लेकिन दलित सांसद रामजी लाल सुमन पर जानलेवा हमले करनेवाले 24 घंटे से पहले ही बाहर आ गये।उन्होंने संकेतों में गोरखपुर में सपा के राष्ट्रीय सचिव विनय शंकर तिवारी के आवास (हाता) का जिक्र करते हुए कहा ÷एक तरफ़ 'हाता नहीं भाता' का फ़ार्मूला काम कर रहा था, तो दूसरे मामले में 'सत्ता सजातीय को सब माफ़' का फ़ार्मूला था।बीते दिनों गोरखपुर जिले के पूर्व विधायक तिवारी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया था। अखिलेश यादव ने आगे कहा ÷रामजी लाल सुमन के मामले में निलंबित किये गए पुलिस अधिकारी को यह सरकार कहीं पिछले दरवाज़े से बहाल करके, पदोन्नत करके पुरस्कार स्वरूप कोई और बड़ा पद न दे दे। उप्र में अन्यायराज है। वाराणसी में समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ता हरीश मिश्रा ने 12 अप्रैल को आरोप लगाया था कि करणी सेना के सदस्यों ने उसके घर के बाहर उस पर हमला किया। दोनों पक्षों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई कर रही पुलिस का कहना है कि इस मामले में कोई भी व्यक्ति करणी सेना से संबद्ध नहीं है। सपा कार्यकर्ता हरीश मिश्रा ने आरोप लगाया कि वह अपने घर के बाहर आशा महाविद्यालय के मोड़ पर खड़े थे, तभी उन पर कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर दिया।

उनके मुताबिक, शोर सुनकर स्थानीय लोग वहां पहुंचे, उन्हें बचाया और दोनों हमलावरों को पकड़ कर उनकी पिटाई की। मौके से पकड़े गए दो आरोपियों में से एक अविनाश मिश्रा ने कहा, ''मेरा किसी राजनीतिक दल या करणी सेना से कोई संबंध नहीं है। मैं मां करणी का पुजारी हूं। हरीश मिश्रा ने कुछ दिन पहले मां करणी के खिलाफ गलत बयान दिया था।'' पुलिस ने मामले में हरीश मिश्रा को भी गिरफ्तार किया था। मिश्रा सोमवार की शाम जिला जेल चौकाघाट से रिहा कर दिए गए। उन्हें गैर इरादतन हत्या के मामले में सिगरा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उधर, राणा सांगा के खिलाफ टिप्पणी को लेकर निशाने पर आये समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन के काफिले पर रविवार को अलीगढ़ और दिल्ली के बीच गभाना टोल बूथ पर कथित रूप से करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने टायर फेंके।

## 19 हजार से अधिक पदों पर होंगी सिपाही भर्ती

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** योगी सरकार शिक्षित युवाओं के लिए उत्तर प्रदेश में तमाम सरकारी विभागों में भर्तियां खोलने जा रही है। इस कड़ी में फिलहाल बड़े स्तर पर पुलिस भर्ती की तैयारी है। इस कवायद के तहत उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड अलग-अलग पदों पर भर्ती करने के तहत दरोगा के 4543 पद, कांस्टेबल के 19220 पद, जेल वार्डन के 2833 पद समेत अन्य पदों पर भर्ती करेगा।वहीं, उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती की घोषणा होने के बाद जल्द ही बंपर पदों पर होमगार्ड की भी भर्ती आने वाली है। होमगार्ड के 44000 पदों पर भर्ती के लिए नियमावली तैयार हो गई है। योग्यता और चयन संबंधित नियमावली तैयार होने के बाद अब इस भर्ती के प्रस्ताव को कैबिनेट में मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद विज्ञापन जारी किया जाएगा। यूपी होमगार्ड भर्ती के पहले चरण में 22000 पदों के लिए लिखित परीक्षा ली जाएगी। निकट भविष्य में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने लेखपाल के भी 7,994 से अधिक पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरु करने की घोषणा की है। इस भर्ती के तहत योग्य उम्मीदवारों को लेखपाल के पदों पर नियुक्त किया जाना है। इसी के साथ हाल ही में कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा ग्राम विकास अधिकारी के रिक्त पड़े हुए पदों पर अभ्यर्थियों को नियुक्त करने के लिए की नई भर्ती निकाली गई हैं।

## महिला कल्याण योजनाओं से महिलाओं का हो रहा है उत्थान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** गोमती नगर में स्थित एक होटल में एक न्यूज चैनल द्वारा आयोजित कान्क्लेव 08 साल योगी सरकार अन्तयोदय से सर्वोदय में प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने बताया कि सुदृढ़ कानून-व्यवस्था हेतु वर्तमान सरकार द्वारा 126 नये थाने, 86 नई चौकियां, 04 जल पुलिस चौकी, 78 महिला पुलिस चौकी परामर्श स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा महिला सुरक्षा के लिए वीमेन पावर लाइन 1090, जी0आर0पी0, फायर सर्विस, महिला हेल्प लाइन 181 सेवा का एकीकरण, प्रत्येक जिले में एण्टी रोमियों स्क्वायड का गठन, प्रत्येक जनपद में महिला थाना के अतिरिक्त एक अन्य थाने में महिला थानाध्यक्ष की तैनाती की गई है। महिला पीएसी बटालियन का गठन तथा 5 अन्य पीएसी बटालियन के गठन की प्रक्रिया प्रगति पर है। प्रदेश महिला एवं बाल अपराध सम्बन्धी अभियोगों का निस्तारण 99.42 प्रतिशत कर देश में प्रथम स्थान पर है।उन्होंने बताया कि 02 लाख 16 हजार 450 पदों पर पुलिस कर्मियों की भर्ती की गयी, जिसमें 27,178 से अधिक महिला पुलिस कर्मियों को नियुक्त करते हुए 10,378 से अधिक महिला बीटों का आवंटन किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत 346 महिला पीआरवी की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है।

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु विभिन्न अभियान जैसे मिशन शक्ति 5.0. ऑपरेशन बचपन सफलता पूर्वक संचालित किये जा रहे हैं। सरकार द्वारा लगभग 4.30 करोड़ के उज्जवला गैस कनेक्शन वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत् प्रति लाभार्थी को 6 श्रेणियों में कुल 25,000 रूपये दी जाती है। पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना में रू0 1000 प्रतिमाह दिये जाते है।

## सड़क दुर्घटना में डी-फार्मा छात्र समेत तीन की मौत

- शहर से लेकर गांव तक हुए हादसे

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कृष्णानगर स्थित वीआईपी रोड पर सोमवार रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार डी-फार्मा छात्र की मौत हो गयी। हादसे के दौरान वह डोमिनोज पिज्जा की डिलीवरी देने जा रहा था। वहीं, रहीमाबाद में मंगलवार तड़के डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार होटल कर्मी की मौत हो गयी। उधर, मोहनलालगंज में ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की जान चली गयी।

आलमबाग न्यू सरदारी खेड़ा में रहने वाले अर्जित कुमार (20) एक निजी इंस्टीट्यूट से डी-फार्मा द्वितीय वर्ष का छात्र था। पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए वह डोमिनोज पिज्जा कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। पिता महेंद्र ने बताया कि सोमवार रात अर्जित स्कूटी से पिज्जा का आर्डर लेकर देने जा रहे थे। इस बीच वीआईपी रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से अर्जित घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची कृष्णानगर पुलिस आनन-फानन में अर्जित को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जेब में मिले मोबाइल से परिजन को सूचना दी। परिवार में पिता मां बहन हैं। वहीं, मूल रूप से उन्नाव के जवन गांव निवासी होटल कर्मी पप्पू रावत (36) मंगलवार तड़के मोटर साइकिल से घर आ रहा था। रहीमाबाद के कटौली गांव के पास डिवाइडर से बाइक टकरा गयी। हादसे में पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पप्पू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जेब में मिले मोबाइल से परिवारवालों को सूचना दी। भाई अर्जुन ने बताया कि पप्पू राजाजीपुरम में एक होटल में नौकरी करता था।




### बस की टक्कर से डिवाइडर पर चढ़कर पलटी कार

आलमबाग कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर परिवहन विभाग की बेकाबू बस ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा पलट गई। जिससे कार में बैठा परिवार चोटिल हो गया। राहगीरों की मदद से कार को सीधा कराया। घटना के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र सरोज ने बताया कि सरोजनीनगर के सैनिक एन्क्लेव निवासी उमेश चौबे सोमवार सुबह चारबाग रेलवे स्टेशन से पत्नी सुमन चौबे और बेटी ज्योति को रिसीव कर कार से घर आ रहे थे। आलमबाग कोतवाली के पास परिवहन की बस (यूपी 78 एचटी 8501) ने कार में टक्कर मार दी।

## अक्षय तृतीया-2025: धन का भंडार लगा देगा एकाक्षी नारियल



### मिलते हैं ये लाभ

- एकाक्षी नारियल को तिजोरी या पूजा स्थल पर रखने से घर में पैसों की कमी नहीं होती है। यह मां लक्ष्मी का आशीर्वाद लाता है।
- इसे घर में रखने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।
- यह नारियल बहुत कम मिलता है, इसलिए इसे पाना और पूजा में शामिल करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है।
- इसे दान करने से पितरों को शांति मिलती है और परिवार को उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है।

अक्षय तृतीया हिंदू और जैन धर्म में बहुत खास दिन होता है। यह वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। साल 2025 में यह 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। लोग इस दिन सोना-चांदी खरीदते हैं, दान करते हैं और नए काम को शुरू करते हैं, क्योंकि इसे बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन किए गए काम और खरीदी गई चीजें हमेशा फल देती हैं और कभी खत्म नहीं होतीं हैं। अक्षय तृतीया पर एकाक्षी नारियल का उपाय बेहद ही खास माना गाया है। इस दिन एकाक्षी नारियल को खरीदना और इसकी पूजा करना शुभ माना जाता है। यह नारियल आपके घर में सुख, समृद्धि और अच्छी ऊर्जा लाता है।

एकाक्षी नारियल एक खास तरह का नारियल है, जिसमें सिर्फ एक 'आंख' (छेद) होता है। सामान्य नारियल में तीन आंखें होती हैं, लेकिन एकाक्षी नारियल बहुत दुर्लभ होता है। धार्मिक मान्यताओं में इसे मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु का प्रतीक माना जाता है। इसकी एक आंख को एकता और पवित्रता का संदेश माना जाता है। यह नारियल आसानी से नहीं मिलता और इसे पाने के लिए खास तलाश करनी पड़ती है।

### अक्षय तृतीया पर कर लें ये उपाय

#### क्यों खास है अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया का दिन मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा के लिए बहुत शुभ होता है। मान्यता है कि इस दिन मां लक्ष्मी की कृपा से धन और सुख हमेशा बना रहता है। एकाक्षी नारियल को इस दिन खरीदना या पूजा में रखना इसलिए खास है, क्योंकि यह धन और समृद्धि को 'अक्षय' यानी कभी न खत्म होने वाला बनाता है। यह नारियल घर में सकारात्मक ऊर्जा लाता है और बुराइयों को दूर करता है। ज्यादातर लोग इस दिन सोना, चांदी या कौड़ी जैसी आम चीजें खरीदते हैं।

#### ऐसे करें एकाक्षी नारियल का पूजन

अक्षय तृतीया के दिन एकाक्षी नारियल खरीदकर घर ले आएं। इसे साफ पानी से धो लें। इसके बाद नारियल को लाल कपड़े में लपेटकर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा के दौरान पूजा स्थल पर रखें। नारियल पर चंदन, कुमकुम लगाएं और फूल चढ़ाएं। पूजा में धन और सुख की प्रार्थना करें। पूजा के बाद नारियल को लाल कपड़े में बांधकर तिजोरी या पैसे रखने की जगह पर रखें। इससे धन की बरकत बनी रहती है। अगर आप इसे दान करना चाहें, तो किसी गरीब या ब्राह्मण को लाल कपड़े में लपेटकर दान दे सकते हैं। यह बहुत पुण्य का काम होता है।

## योगी सरकार की एक और बड़ी उपलब्धि

### देश के टॉप डेस्टिनेशन में शामिल हुए उ.प्र. के तीन जिले

- केन्द्र सरकार ने महाकुंभ में विभिन्न प्रदेशों व 45 देशों के 352388 श्रद्धालुओं का कराया सर्वे

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्र सरकार ने महाकुंभ में भारत के साथ-साथ 45 देशों के 352388 श्रद्धालुओं का सर्वे कराया। सर्वे में पर्यटकों ने अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज में संगम को देश के टाप डेस्टिनेशन के रूप में चुना। यह भी सामने आया कि मेले के दौरान प्रयागराज आने वाले घरेलू और विदेशी श्रद्धालुओं ने औसतन 5877.63 रुपये व्यय किया। इस प्रकार महाकुंभ ने उत्तर प्रदेश की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह जानकारी मेसर्स डिलायट द्वारा एक सर्वे में दी गई। दरअसल, भारत सरकार द्वारा महाकुंभ स्पीरिचुअल सर्वे-2025 कराया गया था। इसका उद्येश्य देश के टाप डेस्टिनेशन का पता करना था ताकि वहां का आवश्यकतानुरूप विकास किया जा सके। इस क्रम में 28 जनवरी से 26 फरवरी के बीच प्रयागराज में तेलियरगंज, झूंसी, अरैल, परेड ग्राउंड सहित अन्य स्थलों पर आल इंडिया इंस्टिट्यूट आफ लोकल सेल्फ गर्वनमेंट एआइआइएल एसजी द्वारा सर्वे कराया गया। सर्वे में यूएसए, यूके, कनाडा, नेपाल, आस्ट्रेलिया, फिजी सहित 45 देशों के 1093 पर्यटकों ने जबकि भारत के 351295 पर्यटकों ने हिस्सा लिया। सभी से इसमें लास्ट विजिटेडप्लेस में 27.32 प्रतिशत ने अयोध्या, 22.68 प्रतिशत ने संगम प्रयागराज और 8.81 प्रतिशत लोगों ने वाराणसी बताया। आगामी भ्रमण में 32.57 प्रतिशत ने संगम प्रयागराज, 12.46 प्रतिशत ने अयोध्या और 7.46 प्रतिशत ने वाराणसी चुना।



### महाकुंभ भ्रमण को दी प्राथमिकता

सर्वे के मुताबिक घरेलू पर्यटकों ने परिवार के साथ जबकि विदेशी पर्यटकों ने अकेले महाकुंभ भ्रमण को प्राथमिकता दी। सर्वे के मुताबिक 40 प्रतिशत भारतीय परिवार के साथ, 30.88 प्रतिशत अकेले, 29.13 प्रतिशत दोस्तों के साथ जबकि 55.26 प्रतिशत विदेशी पर्यटक अकेले, 24.43 प्रतिशत परिवार के साथ, 20.31 प्रतिशत प्रतिशत दोस्तों के साथ भ्रमण के लिए आए थे। पर्यटकों ने यात्रा पर 41.11 प्रतिशत, ठहरने पर 16.64 प्रतिशत, खानपान पर 11.24 प्रतिशत, धार्मिक सामग्रियों के खरीद में 11.08 प्रतिशत, मनोरंजन आदि पर 2.13 प्रतिशत, शॉपिंग पर 7.42 प्रतिशत तथा अन्य पर 10.38 प्रतिशत खर्च किया।

## अक्षय तृतीया पर बाजार में आफर की भरमार

**लखनऊ।** सोना और चांदी भले ही छह डिजिट का आंकड़ा छू कर थोड़ा पीछे लौट आई हो लेकिन आमजन के लिए कीमतों का फासला अभी बहुत बड़ा है। 30 अप्रैल यानी बुधवार को अक्षय तृतीया पर्व है। इस दिन सोने की खरीदारी की मान्यता है। ऐसे में सोने और चांदी की खरीदारी के लिए ऑफर के बाजार सजकर तैयार हो गए हैं। हालांकि, कारोबारी मान रहे हैं कि इस बार व्यापार में पीली और सफेद धातु की बढ़ी कीमतें आड़े आएंगी और बाजार चढ़ने के आसार कम ही हैं। जो ग्राहक आएंगे वह भी शगुन तक ही सीमित रहेंगे। कपड़ा समेत अन्य बाजारों में भी खरीदारों की रौनक होने की उम्मीद है। छोटे-बड़े सभी शोरूम और ब्रांडेड-नॉनब्रांडेड कंपनियों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए ऑफर के द्वार खोल दिए हैं। प्रतिष्ठान ने मेकिंग चार्ज में 25 से लेकर 100 फीसद तक की छूट का दावा किया है तो पुराने जेवर के बदलने में सौ प्रतिशत की राहत ग्राहकों को देने का दावा किया गया है।